सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
11.04.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित — सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com
khabarmantra.net | चैत्र, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 266



12 पूर्वांचल को देंगे 44 विकास योजनाओं की सौगात

## न्यूज डायरी

### सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस गवई ने बाबा मंदिर में की पूजा

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई गुरुवार को देवघर में सपरिवार बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के साथ उन्हें संकल्प कराया, जिसके बाद उन्होंने द्वादश ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक कर पूजा की।

### नशे में पति ने पत्नी की गला दबाकर की हत्या

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पाटन प्रखंड के हिसरा बरवाडीह पंचायत के मटपुरही टोला में आपसी विवाद में पति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। गुरूवार को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपी पति फरार है। पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होते रहता था। जानकारी के अनुसार पति-पत्नी साथ में शराब सेवन भी करते थे।

### बिहार में आंधी-बारिश और ठनका से 32 की मौत

**पटना।** बिहार में आंधी-बारिश और बिजली गिरने से भारी तबाही हुई है। विभिन्न जिलों में अब तक 32 लोगों की मौत हो चुकी है। इस प्राकृतिक आपदा से फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। आंधी और वर्षा से फसलों को भी बड़ा नुकसान, विशेषकर गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा। इस घटना पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वह प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने मतृकों के परिजनों चार-चार लाख रुपये का अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है। उन्होंने लोगों से यह अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी तरह सतर्क रहें।

### बांग्लादेश की ट्रांस-शिपमेंट सुविधा समाप्त

**नयी दिल्ली।** भारत ने अपने हवाई अड्डों और बंदरगाहों पर भीड़-भाड़ का हवाला देते हुए बांग्लादेश को उपलब्ध ट्रांस-शिपमेंट सुविधा समाप्त कर दी है। इस सेवा का इस्तेमाल करके बांग्लादेश भारतीय सीमा शुल्क स्टेशनों का उपयोग करके तीसरे देशों को माल निर्यात करता था। इसकी वजह से भारतीय क्षेत्र से होकर नेपाल या भूटान को बांग्लादेश के निर्यात को प्रभावित नहीं होने देंगे।

### चारधाम यात्रा की 30 अप्रैल से शुरुआत

**देहरादून।** उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा इस वर्ष 30 अप्रैल से शुरू होने जा रही है। हर साल की तरह इस बार भी लाखों श्रद्धालुओं के गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के दर्शन के लिए पहुंचने का अनुमान है। यात्रा को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए शासन और प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में परिवहन विभाग ने एक एडवाइजरी जारी की है, जिसमें यात्रा मार्गों पर वाहन संचालन से लेकर चालकों के लिए विशेष नियम शामिल किए गए हैं।

## 26/11 मुंबई आतंकी हमले का है मास्टरमाइंड

# अमेरिका से भारत लाया गया दोषी तहव्वुर राणा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी-एनआईए ने 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड तहव्वुर हुसैन राणा का गुरुवार को प्रत्यर्पण सफलतापूर्वक करवा लिया। 2008 में मुंबई आतंकी हमलों के दोषी तहव्वुर राणा को विशेष विमान से अमेरिका से भारत लाया गया। 2008 के आतंकी हमले के मुख्य साजिशकर्ता को न्याय के कटघरे में लाने के लिए कई वर्षों तक लगातार और ठोस प्रयासों के बाद यह संभव हो पाया है। राणा को दिल्ली की तिहाड़ जेल में हाई सिक्योरिटी वार्ड में रखा जायेगा। हालांकि, उसे कब और किस वार्ड में रखा जाएगा, इसका अंतिम फैसला कोर्ट के आदेश के बाद ही होगा। एनआइए और रॉ की एक जॉइंट टीम तहव्वुर को लेकर बुधवार को अमेरिका से भारत के लिए रवाना हुई थी। तहव्वुर ने भारत आने से बचने के लिए अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया गया था। उसने अपनी याचिका में खुद को पार्किंसन बीमारी से पीड़ित बताते हुए कहा था कि अगर भारत डिपोर्ट किया गया तो उसे प्रताड़ित किया जा सकता है।



### 2009 में एफबीआई ने किया था गिरफ्तार

तहव्वुर राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है और 26/11 मुंबई हमले का मास्टरमाइंड है। राणा पर डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी के साथ 2008 में मुंबई में आतंकवादी हमलों को अंजाम देने की साजिश रचने का आरोप है। इन हमलों में कुल 175 लोग मारे गए, जिनमें 9 हमलावर भी शामिल थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए। वहीं तहव्वुर राणा को 2009 में अमेरिकी सुरक्षा एजेंसी एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। राणा को अमेरिका में लश्कर-ए-तैयबा का समर्थन करने के लिए दोषी ठहराया गया था। राणा को भारत लाने को लेकर गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने मीटिंग की थी।

### अमेरिकी सरकार बोली राणा का रोल साबित हुआ

अमेरिका का कहना है, हेडली ने बताया है कि राणा ने एक शख्स को आदेश दिया कि वो हेडली के लिए मुंबई में फर्स्ट वर्ल्ड ऑफिस खोलने से जुड़ी फर्जी कहानी को सच दिखाने वाले डॉक्यूमेंट्स बनाए। राणा ने ही हेडली को सलाह दी कि भारत विजिट करने के लिए वीजा कैसे हासिल करना है, यह प्रमाणित हो चुका है।

### तहव्वुर के प्रत्यर्पण के लिए भारत ने उठाये पांच कदम

- 2011 में एनआइए ने चार्जशीट दाखिल की।
- भारत ने 4 दिसंबर 2019 को पहली बार राणा के प्रत्यर्पण की मांग की।
- 10 जून 2020 को राणा की अस्थायी गिरफ्तारी की मांग की।
- फरवरी 2021 में भारत ने प्रत्यर्पण की मांग कर अमेरिकी न्याय विभाग को नोट भेजा।
- 22 जून 2021 को अमेरिका की संघीय अदालत में राणा के प्रत्यर्पण को लेकर सुनवाई के दौरान भारत ने सबूत पेश किए।

### भारत लाने में झारखंड कैडर के आइपीएस आशीष बत्रा और जया राय की बड़ी भूमिका



**रांची।** 26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी आतंकी तहव्वुर राणा को भारत लाने की जिम्मेवारी झारखंड कैडर के दो आइपीएस आशीष बत्रा और जया राय को सौंपी गयी थी। वर्तमान में आईजी आशीष बत्रा और डीआईजी जया राय दोनों केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं और एनआइए में पदस्थापित हैं। तहव्वुर राणा को भारत लाने की जो प्रक्रिया थी, उसे पूरा करने के लिए इन्हीं दोनों अधिकारियों को जवाबदेही दी गई थी। आशीष बत्रा 1997 बैच के आइपीएस हैं और जया राय 2011 बैच की। आशीष बत्रा रांची एसपी, जमशेदपुर एसपी, हजारीबाग एसपी और आइजी अभियान के पद पर काम कर चुके हैं। वहीं आइपीएस जया राय जामताड़ा की रहने वाली हैं। वह झारखंड में कई जिलों में एसपी के पद पर काम कर चुकी है। वह एनआइए में डीआइजी के पद पर पदस्थापित हैं।

### महावीर जयंती : शोभायात्रा से पहले भगवान की हुई स्नान पूजा



### रांची पुलिस ने किया खुलासा, फरार शूटर सहित चार अपराधी धराये

## बिल्डर देवव्रत शाहदेव ने जमीन विवाद के कारण भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या करवायी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची पुलिस ने भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या का खुलासा कर दिया है। जमीन विवाद में देवव्रत नाथ शाहदेव नाम के एक बिल्डर ने अनिल टाइगर की हत्या की साजिश रची थी। इस मामले में फरार शूटर अमन सहित कुल चार अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। इससे पहले एक अपराधी को हत्या वाले दिन ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

डीआईजी सह एसएसपी रांची चन्दन कुमार सिन्हा ने गुरुवार बताया कि कांके स्थित 10 एकड़ की जमीन को लेकर अनिल टाइगर की हत्या करवाई गई थी। विवादित



जमीन को लेकर बिल्डर सह जमीन कारोबारी देवव्रत नाथ शाहदेव के साथ अनिल टाइगर की अदावत चल रही थी। जमीन पर कब्जे को लेकर जब देवव्रत हर तरह से विफल हो गया तब उसने अपराधियों को सुपारी देकर अनिल टाइगर की हत्या करा दी। अनिल हत्याकांड में अब तक कुल पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमे रोहित वर्मा, अमन सिंह, जीशान अख्तर, मनीष चौरसिया और अजय रजक शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार अपराधियों ने यह तय किया था कि अगर गोली मारने के बाद कोई भी पकड़ा जाता है तो वे लोग लोहरदगा वाले हत्याकांड से जोड़कर बयान देंगे। **सन्नी भी रिमांड पर :** सभी हत्यारे कुख्यात सनी सिंह गिरोह से ताल्लुक रखते हैं। मामले में सन्नी से भी पूछताछ की जा रही है।

## आंधी-बारिश के साथ ओले भी गिरे दो की मौत,फसलों को भी नुकसान

### गर्मी से मिली राहत लेकिन फसलों के नुकसान की आशंका

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में गुरुवार दोपहर बाद मौसम बदल गया। शाम होने से पहले कई जगह तेज हवा, गर्जन और आकाशीय बिजली की चमक के साथ तेज बारिश के साथ ओले भी पड़े। हजारीबाग और गुमला में आकाशीय बिजली गिरने से एक-एक व्यक्ति की मौत की खबर है। वहीं लातेहार के बालूमाथ में वज्रपात की चपेट में एक व्यक्ति के झुलसने की खबर है। उसका इलाज किया जा रहा है। गुरुवार को रांची के अलावा बोकारो, धनबाद, पलामू, हजारीबाग, गिरिडीह, पाकुड़ और गोड्डा में आंधी और ओलावृष्टि के साथ बारिश हुई। धनबाद के सिंदरी में 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से चली तेज हवाओं की वजह से



दर्जनों पेड़ गिर गये। बिजली गुल हो गयी। कई घरों की छप्पर उड़ गयी। हजारीबाग के कई इलाकों में बादलों की गरज और लाइटिंग के बीच हवा और बारिश ने ऐसी रफ्तार पकड़ी कि इसकी जद में आने वाली हर वस्तु इधर-उधर उड़ गयी। दारू में इतनी भारी मात्रा में ओले गिरे कि जमीन पर सफेद चादर सी बिछ गयी। बता दें कि मौसम विभाग से झारखंड में दो दिनों की बारिश और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

इधर बेमौसम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है लेकिन गेहूं की फसल और सब्जियों के भी नुकसान होने की खबर है। गेहूं की बालियों के भींगने से किसानों के चेहरे पर सिकन की लकीरें दिखने लगी है। पकी हुई गेहूं की फसल तेज हवा से इधर-उधर बिखर गई। लोहरदगा जिले में में बारिश और तेज हवा गिरने के साथ ओले भी गिरे जिसके कारण गेहूं की तैयार फसल को नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

### युवा इंडिया ट्रस्ट की टीम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की मुलाकात

## बच्चियां मुकाम हासिल करें, सहयोग करने के लिए खड़ी है सरकार : सीएम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से गुरूवार को युवा इंडिया ट्रस्ट की टीम ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को रांची के ओरमांझी में गरीब बच्चियों की शिक्षा, लाइफ स्किल प्रोग्राम और फुटबॉल प्रशिक्षण के कार्यक्रमों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बच्चियों के बेहतर भविष्य के लिए कई योजनायें चला रही है। वे आगे बढ़ें, वे एक मुकाम हासिल करें, इसके लिए सरकार सहयोग करने के लिए तैयार है। उन्होंने ओरमांझी जैसे छोटे इलाके में रहने वाली बच्चियों की खेल प्रतिभा की पहचान कर उन्हें तराशने के लिए ट्रस्ट द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की।




**ऊंची उड़ान भरना है, तो सपने जरूर देखें :** मुख्यमंत्री ने बच्चियों से कहा कि अगर ऊंची उड़ान भरनी है, तो सपने जरूर देखने चाहिये। जब आप सपना देखेंगे, तभी आगे बढ़ने का रास्ता मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि काम कोई भी छोटा या बड़ा नहीं होता है।

### खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर रही राज्य सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल झारखंड की ताकत है। यहां के खिलाड़ियों ने खेलों में अपनी प्रतिभा और प्रदर्शन से झारखंड को गौरवान्वित किया है। सरकार खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए हर पंचायत में खेल मैदान बनवा रही है। खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने के लिए बेहतर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। खिलाड़ियों को नौकरी देने के साथ सम्मानित करने की परंपरा शुरू की गई है। राज्य में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगितायें आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड के बच्चे-बच्चियों में खेलों से आत्मीय लगाव देखने को मिलता है। उनके पास संसाधनों की कमी होती है, लेकिन खेलों के प्रति दीवानगी देखते ही बनती है। सिमडेगा और खूंटी के सुदूर इलाकों में रहने वाले गरीब बच्चे-बच्चियों के हाथों में हॉकी स्टिक देख कर सहज अनुमान लगा सकते हैं कि उनका हॉकी से किस तरह का प्रेम और लगाव है। हमारा राज्य हॉकी के साथ फुटबॉल और अन्य खेलों में भी आगे बढ़े, इसके लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। (पेज 2 भी देखें)

## कार्टून कोना




### 2247 दिन से सबसे लंबे समय तक झारखंड के सीएम बने रहने वाले नेता बने

## झारखंडी सत्ता के सुल्तान बने सीएम हेमंत सोरेन

उदय चौहान

**रांची।** अबुआ सरकार के पुरोधा माने जाने वाले हेमंत सोरेन करीब 2247 दिनों से झारखंड के सीएम हैं। इस तरह से हेमंत सोरेन झारखंडी सत्ता के सुल्तान के रूप में उभरे हैं। चार बार सत्ता की बागडोर संभाल चुके हेमंत सोरेन अब सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी संभालने वाले नेता बन गये हैं।

10 अगस्त 1975 को जन्मे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राजनीति विरासत में मिली है। मिलनसार स्वभाव के धनी राजनीतिज्ञ के रूप में पहचान रखने वाले हेमंत सोरेन ने अपने कॅरियर में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। राज्यसभा के सदस्य रह चुके हेमंत सोरेन अर्जुन मुंडा



कैबिनेट में उप मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाल चुके हैं। पहली बार हेमंत सोरेन 13 जुलाई 2013 को झामुमो, कांग्रेस और राजद के समर्थन से झारखंड के मुख्यमंत्री बने थे। उनका पहला कार्यकाल 28 दिसंबर 2014 तक चला था। 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में महागठबंधन ने जीत दर्ज की और दूसरी बार हेमंत सोरेन ने 29 दिसंबर 2019 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनका कार्यकाल 31 जनवरी 2024 तक रहा। ईडी द्वारा गिरफ्तार किये जाने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। करीब छह महीने जेल में रहने के बाद जब हेमंत सोरेन झारखंड हाईकोर्ट से जमानत पाकर दोबारा जेल से बाहर आये तो उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से इस्तीफा दिलवाकर 04 जुलाई को फिर से मुख्यमंत्री पद की कमान संभाली। 04 जुलाई 2024 से 28 नवंबर 2024 तक हेमंत सोरेन ने 147 दिनों का कार्यकाल पूरा किया। इधर हालिया विधानसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक को भारी जीत मिली। इसके बाद हेमंत सोरेन ने 28 नवंबर 2024 को चौथी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनका यह कार्यकाल अभी भी जारी है। इधर, रिकार्ड बनाने पर हेमंत सोरेन को उनकी पार्टी के नेताओं ने बधाई दी है। केंद्रीय महासचिव सुप्रियो ने कहा कि झारखंड के राजनीतिक इतिहास में हेमंत सोरेन का नाम सुनहरे अक्षरों में लिखा जायेगा।

### अब तक के मुख्यमंत्रियों की सूची

| | |
|---|---|
| बाबूलाल मरांडी | 15 नवंबर, 2000-18 मार्च, 2003 |
| अर्जुन मुंडा | 18 मार्च, 2003-2 मार्च, 2005 |
| शिबू सोरेन | 2 मार्च, 2005-12 मार्च, 2005 |
| अर्जुन मुंडा | 12 मार्च, 2005-14 सितंबर, 2006 |
| माधु कोड़ा | 14 सितंबर, 2006-23 अगस्त, 2008 |
| शिबू सोरेन | 27 अगस्त, 2008-18 जनवरी, 2009 |
| राष्ट्रपति शासन | 19 जनवरी, 2009-29 दिसंबर, 2009 |
| अर्जुन मुंडा | 11 सितंबर, 2010-18 जनवरी, 2013 |
| राष्ट्रपति शासन | 18 जनवरी, 2013-12 जुलाई, 2013 |
| हेमंत सोरेन | 13 जुलाई, 2013-28 दिसंबर, 2014 |
| रघुवर दास | 28 दिसंबर, 2014-29 दिसंबर, 2019 |
| हेमंत सोरेन | 29 दिसंबर, 2019-31 जनवरी, 2024 |
| चंपई सोरेन | 2 फरवरी, 2024-03 जुलाई 2024 |
| हेमंत सोरेन | 31 जनवरी 2024-27 नवंबर 2024 |
| हेमंत सोरेन | 28 नवंबर 2024 से अब तक |

## भाजपा 20 अप्रैल से 5 मई तक वक्फ सुधार जनजागरण अभियान चलायेगी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी देशभर में 20 अप्रैल से लेकर 5 मई तक 'वक्फ सुधार जनजागरण अभियान' चलाएगी। इसका उद्देश्य कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के झूठ का पदार्फाश कर मुस्लिम भाई-बहनों को इस कानून की सच्चाई एवं लाभ से परिचित कराना है। इस संबंध में गुरुवार को भाजपा केन्द्रीय कार्यालय में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान की कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें नेताओं को इस अभियान के बारे में जानकारी दी गई। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक्स पर इसकी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार वक्फ (संशोधन) विधेयक-2025 के माध्यम से वक्फ की जमीनों के बेहतर प्रबंधन, पारदर्शिता और सदुपयोग सुनिश्चित करती है। इस कानून के उपरांत वक्फ की संपत्ति का उपयोग गरीब मुसलमानों को विशेषाधिकार देने के साथ ही उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा सुनिश्चित कराने में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। जेपी नड्डा ने कहा कि वक्फ बिल को लेकर मुस्लिम समुदाय को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि देश में नया वक्फ कानून लागू हो चुका है। केंद्र सरकार ने इसको लेकर अधिसूचना जारी कर दी है।

### सुप्रीम कोर्ट 16 अप्रैल को करेगा सुनवाई

**नयी दिल्ली।** वक्फ संशोधन बिल को पास होने के बाद से अबतक सुप्रीम कोर्ट में 12 याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं। सुप्रीम कोर्ट की 3 जजों की बेंच 10 याचिकाओं पर 16 अप्रैल को सुनवाई करेगी।

# राज्य के खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को मिलेगी नयी गति : सुदिव्य

## राज्य के खेल मंत्री ने खेल परिसरों का किया निरीक्षण, जिला प्रशासन से कहा, जल्द हैंडओवर लें फुटबॉल ग्राउंड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**रांची।** राज्य के खेलकूद, युवा कार्य, कला-संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने गुरुवार को राजधानी के खेल इंफ्रास्ट्रक्चर और खिलाड़ियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने खेल परिसरों का निरीक्षण भी किया। मंत्री ने मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम का निरीक्षण किया और आगामी सैफ एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 की तैयारियों की समीक्षा की। आयोजन से पहले स्टेडियम की सभी आधारभूत संरचनाओं और सुविधाओं को मजबूत करने का निर्देश दिया। खेल विभाग को रांची जिला प्रशासन से फुटबॉल ग्राउंड का हैंडओवर शीघ्र प्राप्त कर कार्य शुरू करने के निर्देश दिये।

**सीएम के निदेर्शो को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करें :** मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली अबुआ सरकार झारखंड में खेलों को नई ऊंचाई देने और खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध कराने के लिए संकल्पबद्ध है। हमारा प्रयास है कि राज्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर गौरवमयी प्रदर्शन करें और झारखंड एवं देश का नाम रोशन करें। उन्होंने मोरहाबादी इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में दिए गए निदेर्शों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाये।

**हाई परफॉर्मेंस सेंटर का भी निरीक्षण :** खेल विभाग द्वारा संचालित हाई परफॉर्मेंस सेंटर का भी निरीक्षण किया गया। मंत्री ने वहां फिटनेस उपकरणों और अन्य तकनीकी संसाधनों का अवलोकन किया। खिलाड़ियों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली। मंत्री ने खेलगांव परिसर में स्थित एथलेटिक्स स्टेडियम, इंडोर स्टेडियम और बैडमिंटन स्टेडियम का भी निरीक्षण किया। इसके बाद जेएसएसपीएस के अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यों की प्रगति की जानकारी ली।

### खेलगांव परिसरों के जीर्णोद्धार का निर्देश

मंत्री ने निर्देश दिया कि खेलगांव परिसरों के जीर्णोद्धार और खिलाड़ियों के प्रशिक्षण एवं विकास से संबंधित सभी कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए। खेलगांव को इस रूप में विकसित किया जाए कि यह भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए पूरी तरह सक्षम हो।

## झामुमो की आगामी रणनीति बनाने को लेकर 14-15 को जुटेंगे 3900 प्रतिनिधि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का 13वां केंद्रीय महाधिवेशन 14-15 अप्रैल को होने जा रहा है। खेलगांव मेगा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स स्थित हरिवंश टाना भगत स्टेडियम में पार्टी का दो दिवसीय महाधिवेशन संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस 14 अप्रैल को आरंभ होगा, जबकि इसका समापन 15 अप्रैल को होगा। पार्टी का महाधिवेशन प्रत्येक तीन साल बाद होता है।

बतौर झामुमो के केन्द्रीय महासचिव विनोद पाण्डेय इस दो दिवसीय बैठक में पार्टी की आगामी रणनीति बनेगी। महाधिवेशन में झारखंड समेत बिहार, बंगाल, ओडिशा, असम और तमिलनाडु से भी प्रतिनिधि शामिल होंगे। इन प्रांतों में झामुमो की सांगठनिक इकाइयां हैं। महाधिवेशन आरंभ होने के बाद केंद्रीय समिति भंग कर दी जाएगी। इसके साथ ही संचालन मंडली व अध्यक्ष मंडली गठित होगा। इस दो दिवसीय महाधिवेशन में लगभग 3900 प्रतिनिधि भाग लेंगे।

पार्टी महाधिवेशन की तैयारी को अंतिम रूप देने में जूटा है। महाधिवेशन को लेकर बनायी गयी कमिटी इस पर कार्य कर रही है। पार्टी ने महाधिवेशन को लेकर स्वागत समिति, राजनैतिक प्रस्ताव सह आगामी कार्यक्रम व रूपरेखा समिति और संविधान संशोधन समिति का गठन किया है। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन सभी समितियों के संयोजक हैं। वहीं कमेटी में पार्टी के मंत्री, विधायक और पदाधिकारी शामिल हैं।

**हेमंत सोरेन होंगे आदिवासी समुदाय के राष्ट्रीय चेहरा :** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में भाजपा को शिकस्त देने के बाद इंडिया ब्लॉक में मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन का राजनीतिक कद बढ़ गया है। अब झामुमो की योजना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आदिवासी समुदाय के राष्ट्रीय चेहरे के रूप में पेश करने की है।

इस कदम का उद्देश्य न सिर्फ झामुमो का दूसरे राज्यों में तेजी से विस्तार करना है बल्कि हेमंत सोरेन को आदिवासी समुदाय के एक बड़े नेता और एक मात्र नेता के रूप में स्थापित करने की है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता तनुज खत्री ने बताया कि आज हेमंत सोरेन की लोकप्रियता न सिर्फ झारखंड में बल्कि बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु से लेकर मणिपुर के साथ-साथ पूर्वोत्तर तक के राज्यों में भी बढ़ी है।

पार्टी सूत्रों की मानें तो केंद्रीय महाधिवेशन के दौरान इस प्रस्ताव पर भी मुहर लग सकती है। झारखंड के साथ-साथ देश के अन्य हिस्से में रहने वाले आदिवासी समुदाय के हक और अधिकार की बात को बुलंद करें।

## प्रेम महतो को शहीद का मिले दर्जा : मरांडी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पिछले दिनों बोकारो स्टील प्लांट बीएसएल के प्रशासनिक भवन के सामने नौकरी की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं विस्थापित अप्रेंटिस संघ के सदस्यों पर सीआईएसएफ ने लाठीचार्ज कर दिया था। इस लाठीचार्ज में ग्राम धावाटांड़, नावाडीह प्रखंड, बोकारो जिला के 24 वर्षीय प्रेम कुमार महतो की मौत हो गई थी। गुरूवार को नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने उनके आवास जाकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। शोक संवेदना प्रकट करते हुये घटना की जानकारी ली।

## पूर्व कुलपति डॉ. एस.पी. सिंह का योगदान अविस्मरणीय : सुदेश

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के कार्यकारी अध्यक्ष रहे प्रख्यात भूगर्भशास्त्री एवं पूर्व कुलपति डॉ. एस.पी. सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने डॉ. सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि डॉ. एस.पी. सिंह का पार्टी के साथ जुड़ाव दीर्घकालिक एवं उल्लेखनीय रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. सिंह के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। वे हिमालयन यूनिवर्सिटी, ईटानगर और वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के कुलपति रह चुके थे। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सीआईटी, टाटीसिलवे के निदेशक और जे.एन. कॉलेज के प्राचार्य के रूप में भी अपनी सेवाएं दी थीं। आजसू पार्टी के बुद्धिजीवी मंच के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में भी उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। शिक्षा और सामाजिक चिंतन के क्षेत्र में उनका प्रभाव न केवल देश, बल्कि विदेशों तक भी रहा है।

**श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित गणमान्य लोग :** श्रद्धांजलि सभा में आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो के साथ पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर, राजेंद्र शाही मुंडा, सोहेल शाह, बनमाली मंडल, कौशिक चांद, डॉ. मुकुंद मेहता, हरीश सिंह, दया शंकर झा, विज्ञान सिंह सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बिना अध्यक्ष के चल रहे हैं राज्य के अधिकांश बोर्ड-निगम

## जेएसएससी समेत कई संस्थानों में आइएएस अधिकारियों को प्रभार

**सुधीर**

**रांची।** अलग राज्य गठन के बाद से ही झारखंड में बोर्ड, निगम और आयोगों में अध्यक्ष का टोटा रहा है। आज भी राज्य में दर्जनभर से अधिक ऐसे बोर्ड, निगम व आयोग हैं, जहां अध्यक्ष नहीं हैं। कई प्रभार में चल रहे हैं। कई संस्थानों में आइएएस अधिकारियों को प्रभार दे दिया गया है। जेएसएमडीसी, झारखंड राज्य ऊर्जा विकास निगम, टीवीएनएल के अलावा झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग में भी आइएएस अधिकारी को बैठा दिया गया है।

**अध्यक्ष विहीन है राज्य विद्युत नियामक आयोग :** राज्यभर के 54 लाख बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों को सुनने वाला झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग भी अध्यक्ष विहीन है। आयोग के अध्यक्ष जस्टिस अमिताभ गुप्ता का कार्यकाल 31 मई 2024 को समाप्त हो गया। अब आयोग में सिर्फ मेंबर तकनीक अतुल कुमार और मेंबर लॉ महेंद्र प्रसाद ही बचे हैं।

**प्रभार में चल रहा है ऊर्जा विकास निगम :** झारखंड का ऊर्जा विकास निगम और झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग प्रभार में चल रहा है। बाल संरक्षण अधिकार आयोग के अध्यक्ष व मेंबर के लिए आवेदन मांगे गए हैं। झारखंड राज्य उपभोक्ता आयोग में कार्यवाहक अध्यक्ष बसंत कुमार गोस्वामी हैं।

**राज्य निर्वाचन आयोग में निर्वाचन आयुक्त नहीं :** राज्य निर्वाचन आयोग में निवार्चन आयुक्त डीके तिवारी का भी कार्यकाल समाप्त हो गया है। निर्वाचन आयुक्त नहीं होने के कारण नगर निकायों के चुनाव पर भी प्रभाव पड़ सकता है। वहीं पिछड़ा वर्गों के लिए राज्य आयोग में अध्यक्ष नहीं है।

### सूचना आयोग में आयुक्तों के पद खाली

राज्य में करीब चार साल से सूचना आयोग में आयुक्तों के पद खाली हैं। सूचना आयुक्त हिमांशु शेखर चौधरी का कार्यकाल 8 मई 2020 को पूरा हो गया था। उसके बाद से ही राज्य सूचना आयोग निष्क्रिय है। यहां एक मुख्य सूचना आयुक्त सहित छह आयुक्तों की नियुक्ति का प्रावधान है। सभी छह पद मई 2020 से ही खाली पड़े हैं। करीब चार साल बाद एक बार फिर सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की गयी है। अब तक प्रक्रिया पूरी नहीं हो पायी है। चार साल से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी झारखंड में लोकायुक्त की नियुक्ति नहीं हो पायी है। लोकसेवकों के भ्रष्टाचार पर काबू पाने के लिए लोकायुक्त की नियुक्ति राज्य सरकार करती है।

**बे 'अध्यक्ष' बोर्ड निगम व आयोग :** राज्य मानवाधिकार आयोग, झारखंड राज्य सूचना आयोग, झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग, राज्य निर्वाचन आयोग, पिछड़ा वर्गों के लिए राज्य आयोग, लोकायुक्त, झारखंड राज्य खाद्य आयोग, झारखंड राज्य महिला आयोग, झारखंड राज्य बाल संरक्षण आयोग, आरआरडीए, डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, झारखंड माटी कला बोर्ड, झारखंड खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड और मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड आादि में अध्यक्ष नहीं हैं। बिना अध्यक्ष के ही यहां काम चल रहा है।

## बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ और वक्फ कानून के समर्थन में प्रस्ताव पारित करे झामुमो : अजय साह

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने झामुमो के आगामी महाधिवेशन को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने झामुमो पर आदिवासियों के नाम पर केवल राजनीतिक दिखावा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने मांग की कि झामुमो अधिवेशन के मंच से स्पष्ट रूप से बतायें कि वह आदिवासियों की जमीन की रक्षा करना चाहती है या तुष्टिकरण की राजनीति को आगे बढ़ाना चाहती है। उन्होंने कहा कि वक़्फ संशोधन कानून ने शेड्यूल पांच में आने वाली आदिवासी जमीनों को उसके दायरे से पूरी तरह बाहर रखा है। यह कानून उन आदिवासियों के लिये एक सुरक्षा कवच है। उन्होंने कहा कि यह कानून आने के बाद अब उन घटनाओं पर रोक लगेगी जिनमें मुस्लिम वक़्फ बोर्ड के नाम पर बांग्लादेशी घुपैठियों द्वारा आदिवासियों की जमीन हड़पी जा रही थी। बांग्लादेशी घुसपैठ से राज्य की डेमोग्राफी में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि झामुमो इन दोनों मुद्दों पर प्रस्ताव लाकर आदिवासी समाज को आश्वस्त करेगी। उन्होंने कहा कि महाधिवेशन में अगर झामुमो वक़्फ संशोधन कानून का समर्थन नहीं करती, तो यह साफ हो जायेगा कि उनका आदिवासी प्रेम केवल एक राजनीतिक मुखौटा है। उन्होंने कहा कि भाजपा हर मोर्चे पर आदिवासी समाज की जमीन, अधिकार और अस्मिता की रक्षा के लिये लड़ती रही है और आगे भी डटकर लड़ेगी। उन्होंने कहा कि झामुमो अधिवेशन में बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ एवं आदिवासी जमीन का सुरक्षा कवच वक्फ संशोधन कानून के समर्थन में प्रस्ताव लाये तो राज्य का भला होगा।

## संजय सेठ ने मणिपुर के कमजोंग जिले के विकास कार्य की समीक्षा की



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ दो दिन तक मणिपुर में रहे। संजय सेठ ने मणिपुर के कामजोंग जिले के विकास कार्यों की समीक्षा की। मणिपुर पहुंचने पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री के सरतकुमार सिंह, विद्यायक के गोविंददास, विधायक एल सुसिंद्रो मैतेई, विधायक बसंत कुमार सिंह, विधायक इबोमचा सिंह, विधायक एस कुंजाकेशोर सिंह, विकास बसनेत ने स्वागत किया। तत्पश्रात संजय सेठ ने मणिपुर के राजपाल अजय कुमार भल्ला से मुलाकात की। मणिपुर में सैनिक स्कूल एवं एनसीसी के विस्तार पर सकारात्मक बातचीत की। श्री सेठ ने कामजोंग जिले के अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में स्वास्थ्य शिक्षा एवं बुनियादी ढांचे वित्तीय समावेश कृषि बिजली सहित अन्य योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा की। वह कामजोंग के सीनियर सेकेंडरी स्कूल भी गये। वहां पर शिक्षा से संबंधित जानकारी प्राप्त कर बच्चों से संवाद किया एवं वहां के छात्रावास का निरीक्षण कर शिक्षा की बेहतर गुणवत्ता बना रहे, इस पर शिक्षकों से बातचीत की। उन्होंने मणिपुर के विभिन्न सामाजिक संगठनों से मुलाकात की।

# चुनौतियों के बीच हमें अपने को करना है स्थापित : सीएम

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से युवा इंडिया ट्रस्ट की टीम ने की मुलाकात



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री ने बच्चियों से कहा कि हर किसी के लिए जिंदगी चुनौतीपूर्ण होती है। इन्हीं चुनौतियों के बीच हमें अपने को स्थापित भी करना होता है। इसमें कोई आपका मददगार साबित होगा, तो कोई आपको पीछे धकेलने की भी कोशिश करेगा । आपके पास जरूरी संसाधनों का भी अभाव होगा। लेकिन इसके बाद भी आपको ना तो निराश होना है और ना ही हतोत्साहित। आप सबसे पहले अपना लक्ष्य तय करें ।उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करें। किसी भी परिस्थिति में घबरायें नहीं। अपने मनोबल को हमेशा बनाए रखें ए आपको सफलता जरूर मिलेगी।

**राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का हो रहा आयोजन :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कई खेल प्रतियोगिताओं का सफल और शानदार आयोजन करता आ रहा है। हॉकी में हमने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कई टूनार्मेंट आयोजित कर मिसाल पेश की है। इसकी सराहना देश और दुनिया ने की है। अब फुटबॉल के भी के बड़े आयोजन करने की योजना हैए ताकि यहां के फुटबॉल खिलाड़ियों को एक बेहतर माहौल दिया जा सके।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर पढ़ाई के साथ फुटबॉल का प्रशिक्षण ले रही बच्चियों से सीधा संवाद कर उनके अनुभवों को जाना। बच्चियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि ट्रस्ट से जुड़ने के बाद उनकी जिंदगी में काफी बदलाव आया है। पढ़ाई के साथ खेलों में आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है। देश विदेश में होने वाले फुटबॉल प्रतियोगिताओं में शामिल होने का मौका मिल चुका है। आज हमारे लिए फुटबॉल से बढ़कर कुछ भी नहीं है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आप जैसी बच्चियां फुटबॉल में झारखंड का नाम रोशन करेंगी। इस दौरान बच्चियों ने भी मुख्यमंत्री से सवाल पूछ कर अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया।

**600 बच्चियां ले रही फुटबॉल का प्रशिक्षण :** मुख्यमंत्री को युवा इंडिया ट्रस्ट के निदेशक फ्रांज गैसलर ने बताया कि रांची के ओरमांझी में ट्रस्ट की ओर से तीन तरह के कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं ।इन कार्यक्रमों को सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन के द्वारा भी सपोर्ट किया जा रहा है। इसके तहत यहां गरीब बच्चियों के लिये स्कूल संचालित किया जा रहा हैए जहां कक्षा 2 से 12 वीं तक की पढ़ाई होती है। वहीं, 600 बच्चियों को फुटबॉल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अलावे लाइफ स्किल्स वर्कशॉप्स के जरिये बच्चियों के लिये स्वास्थ्य, करियर, कैंपस प्लेसमेंट आदि को लेकर इवेंट्स होते हैं। यहां की बच्चियां विदेशों में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट द्वारा खूंटी जिले में नया कैंपस बनाया जाना है। मुख्यमंत्री ने ट्रस्ट को भरोसा दिलाया कि सरकार की ओर से इसमें हर संभव सहयोग किया जायेगा। मुलाकात करने वाले युवा इंडिया ट्रस्ट के निदेशक फ्रांज गैसलर, चाइल्ड डेवलपमेंट ऑफिसर निहारिका, युवा स्कूल की प्रिंसिपल श्रुति, लाइफ स्किल प्रोग्राम की को- ऑर्डिनेटर अंकिता के साथ कई बच्चियां शामिल थीं।

# मंत्री योगेंद्र महतो पत्नी का इलाज कराने रिम्स पहुंचे, की व्यवस्था की तारीफ

## स्वास्थ्य मंत्री डॉ ने भी मंत्री योगेंद्र महतो के प्रति जताया आभार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



रांची। पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र महतो ने रिम्स की व्यवस्था की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि रिम्स के प्रति लोगों को विश्वास रखना चाहिए। मंत्री महतो अपनी धर्मपत्नी के इलाज के लिए रिम्स पहुंचे थे, जहां उन्होंने अस्पताल की व्यवस्था को बेहतर बताया। मंत्री योगेंद्र महतो ने कहा कि रिम्स की व्यवस्था को लेकर आए दिन आलोचना की जाती है। लेकिन तस्वीर बिल्कुल अलग है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था बेहतर न होती तो शायद मैं खुद भी नहीं आता। रिम्स से बेहतर डॉक्टर पूरे राज्य में कहीं और नहीं हैं। मंत्री की तारीफ के बाद स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जब राज्य के मंत्री और अधिकारी रिम्स में इलाज करायेंगे तो रिम्स की स्वास्थ्य सेवा पर लोगों का भी भरोसा बढ़ेगा।

**मंत्री डॉ इरफान अंसारी के कार्य की तारीफ :** मंत्री योगेंद्र महतो ने विभागीय मंत्री डॉ इरफान अंसारी के कार्य की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि डॉ अंसारी के नेतृत्व में रिम्स की व्यवस्था में सुधार हुआ है। बताते चलें कि रिम्स की व्यवस्था को लेकर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई थी, जिसमें कोर्ट ने रिम्स डायरेक्टर से कई सवाल किए थे। कोर्ट ने चार हफ्ते में पूरी रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया था।

### रिम्स में इलाज कराकर मंत्री ने बढ़ाया भरोसा : डॉ ईरफान

रांची। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने गुरुवार को स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार के सकारात्मक परिणामों को साझा करते हुए मंत्री योगेंद्र महतो का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। डॉ। अंसारी ने कहा कि मैं मंत्री योगेंद्र महतो जी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने रिम्स अस्पताल की सेवाओं पर भरोसा जताया और अपनी धर्मपत्नी के साथ यहां आकर इलाज कराया। यह रिम्स के प्रति उनके विश्वास और हमारी मेहनत का प्रमाण है। स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी कहा कि विपक्ष के कुछ नेता लगातार आलोचना करते हैं, लेकिन जब स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार दिख रहा है तो उन्हें कभी-कभी सराहना भी करनी चाहिए।

**स्वास्थ्य के क्षेत्र में झारखंड एक मिसाल बनेगा :** उन्होंने कहा कि मैं आलोचना से नहीं घबराता, लेकिन आलोचना तथ्य पर आधारित होनी चाहिए, न कि राजनीति से प्रेरित। आज जब हमारे ही मंत्री रिम्स पर विश्वास कर इलाज करा रहे हैं, तो यह हमारे डॉक्टरों और हमारी व्यवस्था की सफलता का संकेत है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मंत्री योगेंद्र महतो ने न केवल हमारा मनोबल बढ़ाया है, बल्कि यह संदेश भी दिया है कि जब विश्वास होता है, तो बदलाव संभव है। मैं राज्यवासियों को आश्वस्त करता हूं कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में झारखंड एक मिसाल बनेगा।

## मुख्य चुनाव आयुक्त आज से तीन दिनी दौरे पर आयेंगे झारखंड

**रांची।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार 11 अप्रैल को तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वे राज्य के आला अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और चुनाव प्रक्रिया को मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। इस दिन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की उपस्थिति में भारत निर्वाचन आयोग की टीम मुख्य सचिव अलका तिवारी, गृह सचिव वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। इस बैठक में पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनावों में मतदान के दौरान वॉलंटियर्स के कार्यों और अनुभवों पर चर्चा की जाएगी।

**स्थानीय वॉलंटियर्स के साथ संवाद :** 12 अप्रैल को रजरप्पा में आयोजित बैठक में स्थानीय वॉलंटियर्स मौजूद रहेंगे और चुनाव आयोग के अधिकारी उनके साथ बातचीत करेंगे। इससे आयोग को स्थानीय स्तर पर चुनाव प्रक्रिया को मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। वहीं, 13 अप्रैल को रांची के बुंडू दशम फॉल के पास एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें बेहतर कार्य करने वाले कुछ बीएलओ को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार भी मौजूद रहेंगे। 13 अप्रैल की शाम को चुनाव आयोग की टीम दिल्ली के लिए रवाना हो जाएगी।

# मानगो पेयजल परियोजना के सुचारू संचालन पर विधायक सरयू राय ने उपायुक्त से की चर्चा

## जल्द ही बनायी जायेगी समन्वय समिति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने मानगो पेयजल परियोजना के सुचारू रूप से संचालन के लिए उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम से एक समन्वय समिति बनाने के लिए कहा है, जिसमें मानगो नगर निगम, पेयजल स्वच्छता विभाग, परियोजना को चलाने वाले ठेकेदार तथा जिला प्रशासन के पदाधिकारी शामिल रहें। यह समिति जिन इलाकों में पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है, वहाँ की स्थिति के बारे में प्रत्येक दिन समीक्षा करे। उपायुक्त ने यह समिति गठित करने का भरोसा दिलाया है।

श्री राय ने मानगो मे पेयजल की समस्या को लेकर उपायुक्त, मानगो नगर निगम के उप नगर आयुक्त और पेयजल स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता से आज अलग अलग वार्ता किया और पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए कहा। पेयजल स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि आज से ही उनके विभाग के एक कनीय अभियंता लगातार परियोजना के संचालन पर नजर रखेंगे और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से सभी टंकी क्षेत्रों में पानी की लगातार आपूर्ति हो उसका ध्यान रखेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जिन टंकियों में मोटर पम्प की समस्या है, वहाँ बायपास व्यवस्था से चाबी लगाकर पेयजल आपूर्ति करेंगे। इसपर होने वाले व्यय का आकलन दो दिनों के भीतर पेयजल स्वच्छता विभाग के अभियंता कर लेंगे। इसपर होने वाले व्यय का वाहन मानगो नगर निगम के द्वारा किया जाएगा। दो दिन के भीतर कई इलाकों में पेयजल आपूर्ति पहुँचाने की व्यवस्था हो जाएगी, ऐसा मानगो निगर निगम के उप नगर आयुक्त और पेयजल स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता ने भरोसा दिया है।

श्री राय ने कहा है कि कतिपय इलाके मानगो नगर निगम में ऐसे भी हैं जहाँ 2017-18 से पीने का पानी नहीं मिल रहा है परंतु पानी का बिल उपभोक्ताओं के पास पहुँच जा रहा है। जिन इलाकों का सर्विस पाइप लाइन मेन पाइप लाइन से नहीं जुड़ा है, इनका प्वाइंट तलाश कर उसको जोड़ने का कार्य शुरू हो गया है। इस दौरान जानकारी मिल रही है कि कई इलाकों में सर्विस पाइप लाइन और मेन पाइप लाइन का आकार एक ही साइज का है। कई इलाकों में सर्विस लाइन मेन लाइन से काफी नीचे है जिस कारण इन इलाकों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है। पाइपलाइन बिछाने के दौरान हुई इन गलतियों को दुरुस्त करने का कार्य शुरू करने का निर्देश मानगो नगर निगम और पेयजल स्वच्छता विभाग को विधायक द्वारा दिया गया। उम्मीद है कि जिला प्रशासन, मानगो नगर निगम और पेयजल स्वच्छता विभाग के समन्वय तथा पाइप लाइन बिछाने में पूर्व में हुई गलतियों को दुरुस्त करने के साथ मानगो में पीने के पानी की आपूर्ति व्यवस्था में सप्ताह भर के भीतर सुधार होगा।

## श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में 12 को अखंड हनुमान चालीसा पाठ

- सरयू राय ने 9 लोगों की बनायी व्यवस्था समिति
- आम लोग भी आयोजन में हो सकते हैं शामिल



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने बताया है कि 12 अप्रैल, 2025, शनिवार को चैत्र पूर्णिमा के दिन श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर (बिड़ला मंदिर), केबुल टाऊन के प्रांगण में श्री हनुमान जयंती के अवसर पर 100 बार से अधिक बार अखंड हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जा रहा है। प्रेस विज्ञप्ति में सरयू राय ने बताया कि हनुमान चालीसा पाठ सुबह 10 बजे से आरंभ होगा और शाम 5 बजे के आसपास पूरा होगा। उन्होंने बताया कि हनुमान चालीसा का एक बार पाठ करने में 4 से 5 मिनट का समय लगता है। इसके अनुसार ही 100 बार अखंड पाठ पूरा करने का समय निर्धारित किया गया है। श्री राय कि अनुसार श्री हनुमान चालीसा का सत बार (100 बार) पाठ का महत्व हनुमान चालीसा में बताया गया है: जो सत बार पाठ कर कोई। छुटहि बंदि महा सुख होई।। जो यह पढै. हनुमान चालीसा। होय सिद्धि साखी गौरीसा।। स्पष्ट है कि श्री हनुमान चालीसा का पाठ कल्याणकारी होता है। श्री राय ने बताया कि ग्यारह पंडितों का समूह निरंतर हनुमान चालीसा का अखंड पाठ करता रहेगा। इसके साथ ही जो श्रद्धालु नियमपूर्वक हनुमान चालीसा का पाठ करने के इच्छुक हैं, उनके लिए भी मंदिर प्रांगण में बैठने की व्यवस्था की गई है। ऐसे श्रद्धालुओं को कल शाम तक 8877537777 (व्हाट्सएप) एवं 18001212395 (टॉल-फ्री) पर श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर जीर्णोद्धार समिति को अपनी इच्छा के संबंध में सूचित कर देना होगा। श्री राय ने बताया कि श्री हनुमान चालीसा पाठ का उद्देश्य श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर (बिड़ला मंदिर), केबुल टाऊन के जीर्णोद्धार कार्य सिद्धि को गति प्रदान करना है। इसी संकल्प के साथ श्री हनुमान जयंती पर हनुमान चालीसा 10 बजे से पाठ आरंभ होगा और पाठ पूरा होने के उपरांत प्रसाद वितरण होगा। सरयू राय ने बताया कि हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम की व्यवस्था की देखरेख के लिए व्यवस्था समिति का गठन किया गया है।

# हर गांव को सड़क से जोड़कर व गांव गांव पहुंचायेंगे विकास की किरण : जोबा माझी

- आनंदपुर में सांसद और विधायक ने किया सड़क एवं स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास

खबर मन्त्र ब्यूरो

**चाईबासा।** सांसद जोबा माझी और विधायक जगत माझी ने गुरुवार को आनंदपुर प्रखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सड़क निर्माण कार्य का संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। दोनों योजना में आनंदपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और आनंदपुर एनएच-320डी से सरीबा एनएच-320जी तक भाया रोबोकेरा तक लगभग 22 किमी पथ के पुनर्निर्माण एवं मजबूतीकरण कार्य शामिल हैं। सड़क निर्माण कार्य में स्थल को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में आपत्ति थी। हालांकि सांसद और विधायक ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर मामले का पटाक्षेप कर दिया। इस मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद जोबा माझी ने कहा सभी गांवों को सड़क से जोड़ने की प्रक्रिया तेजी से की जा रही हैं। सांसद ने कहा अबुआ सरकार में तीव्र गति से समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। आपने जिस उम्मीद से सांसद और विधायक चुना है उसे हर हाल में पूरा करेंगे। सांसद ने कहा 1995 में पहली बार जब क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया तो यहां विकास की काफी कमी थी। लेकिन समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पूरे विधानसभा क्षेत्र में शहीद देवेंद्र माझी के सपनों को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। पूरा क्षेत्र एक परिवार की तरह है। सांसद ने जानकारी दी कि आनंदपुर प्रखंड में 11 और सड़कों की स्वीकृति दी गई हैं, जल्द ही शिलान्यास किया जाएगा। विधायक जगत माझी ने कहा सांसद और विधायक आपका हैं। ऐसे में यहां के लोगों को किसी तरह की समस्या नहीं होने दी जाएगी। विधायक ने ग्रामीणों से कहा वह साप्ताहिक हाट के दिन मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में बैठते हैं अगर कोई काम या समस्या हो तो बेझिझक मुझसे मिल सकते हैं। मौके पर प्रखंड प्रमुख दिलबर खाखा, जिप सदस्य विजय भेंगरा, बसंत हरलालका, नीरज सिंह, पिंटू जैन, संजीव गंताईत, कोमल भुइया, राजू सिंह, आशीष गंताइत, अजय कच्छप समेत काफी संख्या में ग्रामीण एवं विभागीय अभियंता उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करतीं सांसद जोबा माझी।

## डुमरिया अंचल सभागार में माझी बाबा और माझी परगना महाल, आष्टकोशी तोरोप, डुमरिया सम्मानित



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** डुमरिया प्रखंड के भागाबांदी में पिछले साल रक्तदान शिविर आयोजित करने के लिए वीवीडीए झारखंड ने माझी पारगाना महाल आष्टकोशी तोरोप डुमरिया को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। यह सम्मान डुमरिया प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी निलेश कुमार मुर्मू के हाथों से अंचल सभागार में माझी पारगाना महाल के घाट पारगाना बाबा लखन मार्डी को प्रदान किया गया। ट्राइबल ब्लड मैन के नाम से मशहूर 77 बार के आदिवासी रक्तदाता सह वीवीडीए प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित राजेश मार्डी ने बताया कि विगत एक अप्रैल को बिष्टुपुर स्थित मॉइकल जॉन ऑडिटोरियम में वीवीडीए के वार्षिक समारोह में माझी पारगाना महाल शामिल नहीं हो सके थे, इसलिए यहां आकर उन्हें सम्मान देना एक गर्व की बात है। पिछले साल की भांति इस साल भी ओल गुरु पंडित रघुनाथ मुर्मू के 120वीं जयंती समारोह (बईसख कुनामी) में वृहत पैमाने पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। अभी से माझी पारगाना महाल के साथी तैयारी में जुट गये हैं।

# बड़ाबाकी : बस की टक्कर से स्कूटी सवार दो लोगों की मौत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** एमजीएम थाना क्षेत्र के बड़ाबाकी के समीप सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार अंजना महतो (34) व राजेश सोरेन(४३) की इलाज के दौरान मौत हो गयी। गुरुवार की सुबह करीब 8:00 बजे स्कूटी सवार महिला पुरुष पारडीह से बड़ाबाकी की ओर जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही यात्री बस ने स्कूटी सवार महिला और पुरुष को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे दोनों लोग मौके पर ही गिर गये, वही स्कूटी करीब 2 किलोमीटर तक रगड़ते हुए चालक आगे ले गया। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एमजीएम अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गयी।



राजेश सोरेन की पत्नी ने बताया कि उनके पति बिरसानगर के जोन नंबर 10 के रहने वाले थे। वह आस्था कंपनी के सिविल इंचार्ज थे। वहीं महिला बहरागोड़ा की रहने वाली थी। दोनों बड़ाबाकी में एक साथ काम करते थे। पुलिस बस को कब्जे में लेकर थाना ले आई है। वही मौके से बस चालक फरार है। यात्री बस पारस जमशेदपुर से ओडिशा की ओर जा रही थी। फिलहाल पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

## विधायक जगत माझी ने जानी गुदड़ी के एकलव्य विद्यालय के भवन निर्माण कार्य की हकीकत

- स्कूल निर्माण में ईंट की गुणवत्ता है खराब, जगह-जगह टूटकर गिर रही है दीवार
- वर्ष 2017 से शुरू हुआ भवन का निर्माण कार्य अब भी है अधूरा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**सोनुवा।** मनोहरपुर के विधायक जगत माझी ने गुदड़ी प्रखंड के दौरे के क्रम में इस क्षेत्र के कांसकेल में निर्माणाधीन एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने भवन निर्माण कार्य में भारी अनियमितता पाया। स्कूल भवन के निर्माण कार्य में जिस ईंट का उपयोग किया गया है उसकी गुणवत्ता काफी खराब है। जिससे भवन में कई जगह दीवार टूटकर गिर रही है। निर्माण कार्य के लिए जो ईंट रखा हुआ है, उसे देखकर भी विधायक ने सवाल किया कि ऐसी ईंटों से भवन का निर्माण कार्य होने से भवन कितने दिनों तक टिकेगा। विधायक ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता की काफी कमी देखकर नाराजगी जतायी। ज्ञात हो कि गुदड़ी के कांसकेक में एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल का निर्माण कार्य वर्ष 2017 से शुरू हुआ था। लेकिन भवन का निर्माण कार्य अबतक पूरा नहीं हुआ है।

## एनआइटी जमशेदपुर में तकनीकी शिक्षा के लिए एनईपी 2020 पर राष्ट्रीय कार्यशाला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जमशेदपुर, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास (एसएसयूएन) के सहयोग से 12 से 13 अप्रैल 2025 तक तकनीकी शिक्षा के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक नीति (एनईपी) 2020 के कार्यान्वयन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, अकादमिक नेताओं और नीति निमार्ताओं को एक साथ लाना है, ताकि एनईपी 2020 की दृष्टि, संरचना और कार्यान्वयन रणनीतियों पर विशेष रूप से तकनीकी शिक्षा के संदर्भ में विचार-विमर्श किया जा सके।

कार्यशाला का उद्घाटन 12 अप्रैल 2025 को सुबह 10:00 बजे मुख्य अतिथि डॉ. अतुल कोठारी, राष्ट्रीय सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास एवं विशिष्ट अतिथि प्रो. राजीव कुमार, सदस्य सचिव, एआईसीटीई, नई दिल्ली के गरिमामयी उपस्थिति में होग। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक प्रो. गौतम सूत्रधार करेंगे।

# इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग सोसाइटी, एनआईटी जमशेदपुर के ईपीएल-2025 का दूसरा सीजन शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग सोसाइटी, एनआईटी जमशेदपुर के ईपीएल-2025 का दूसरा सीजन का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक प्रो गौतम सूत्रधार, रजिस्ट्रार कर्नल (डॉ) निशीथ कुमार राय और एसएसी के प्रभारी प्रोफेसर डॉ एके एल श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही। वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो आर एन महंती, प्रो निरंजन कुमार, प्रो यूके सिन्हा, डॉ एसके गुप्ता, प्रो केबी यादव और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के सभी संकाय मौजूद थे, जिनकी उपस्थिति ने प्रतिभागियों को प्रेरित और प्रोत्साहित किया। इस वर्ष, दो लड़कियों की टीमों सहित सात टीमें भी ईपीएल-2025 में प्रतिस्पर्धा कर रही हैं, जो समावेशिता और खेलों में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना। विभाग के लगभग 10% छात्र सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं, जो अकादमिक और पाठ्येतर जुड़ाव के बीच एक सराहनीय संतुलन बना रहे हैं। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग ने लगातार खेल उत्कृष्टता की परंपरा को कायम रखा है। इलेक्ट्रिकल क्रिकेट टीम को एनआईटी जमशेदपुर के प्रमुख अंतर-शाखा खेल उत्सव वफखअ 2024 का चैंपियन चुना गया। इसके अलावा, आधिकारिक एनआईटी जमशेदपुर क्रिकेट टीम के कप्तान (उज्ज्वल कुमार) और उप-कप्तान (गौरव कुमार) दोनों ही विभाग के गौरवान्वित छात्र हैं। उनके नेतृत्व में, टीम ने बीआईटी मेसरा द्वारा आयोजित VAJRYA 2024 में उपविजेता स्थान हासिल किया। प्रमुख डॉ मधु सिंह के स्वागत भाषण में समग्र छात्र विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया।



## स्पीड न्यूज

### नरवा पुल रोशनी से जल्द होगा जगमग

**जादूगोड़ा।** नरवा पुल अब जल्द ही दूधिया रोशनी से जगमग दिखेगी। इसे लेकर निविदा निकालने की तैयारी में यूसिल प्रबंधन जुटा है। आत्महत्या जैसी शर्मनाक घटनाओं को रोकने के लिए पुल के दोनो किनारे लगे रेलिंग की भी ऊंचाई बढ़ाई जाएगी, ताकि नदी में कूद कर जान देने की घटनाओं में विराम लग सके। इसकी पुष्टि यूसिल के अधिकारियों ने भी कर दी हैं। इतना ही नहीं गर्मी की तपिश की देखते हुए नरवा पहाड़ कंपनी प्रबन्धन ने कंपनी के आस-पास के गाँवो में सोलर जलमीनार को लेकर भी कवायद तेज कर दी।

### नरवा पहाड़ का अजय प्रतियोगिता में चयन

**जादूगोड़ा।** परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय, नरवा पहाड़ के छात्र अजय भूमिज का झारखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में चयन हुआ है। अजय के चयन के बाद गुमला में झारखंड सरकार द्वारा बारहवीं तक मुफ्त शिक्षा के साथ साथ खेल के क्षेत्र में भी विशेष ट्रेनिंग की व्यवस्था सरकार करेगी। इसके पूर्व पोटका प्रखंड अंतर्गत एमएस शंकरदा स्कूल के सीआरसी जयंत कुमार ने केंद्रीय विद्यालय नरवा पहाड़ पहुंच कर उसका बायोडाटा एकत्रित किया। इस बाबत सीआरसी शंकरदा के जयंत कुमार ने कहा कि चयनित छात्र केडो (सुंदरनगर) का रहने वाला है। खेलकूद में अजय भूमिज के चयन के बाद पूरे इलाके में हर्ष व्याप्त है।

### कार्य संचालन में दक्षता बढ़ाने को कार्यशाला



**जमशेदपुर।** समाहरणालय संवर्ग संघ पूर्वी सिंहभूम के द्वारा संवर्गीय कर्मियों को विहित प्रक्रिया अनुसार कार्यालय कार्य संचालन में दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला सभागार में किया गया। उक्त कार्यशाला में जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल, जिला परिवहन पदाधिकारी सह गोपनीय प्रभारी धनंजय कुमार, नजारत उपसमाहर्ता डेविड बलिहार, स्थापना उपसमाहर्ता चंद्र जीत सिंह, प्रशासी अधिकारी शंकर पॉल, समाहरणालय संवर्ग के प्रदेश महासचिव वीरेंद्र यादव, जिला अध्यक्ष नवीन कुमार एवं अन्य द्वारा कार्यशाला में उपस्थित कर्मियों को कार्यालय कार्य संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में जिले के सभी प्रखंड, अंचल, अनुमंडल, भूमि सुधार कार्यालय तथा जिला मुख्यालय के सभी कार्यालय के लिपिकीय कर्मी शरीक हुए।

### मृतक के परिजानें से मिला प्रतिनिधिमंडल

**मेदिनीनगर।** गत दिन बैरिया चौक स्थित ज्ञान भारती स्कूल के निदेशक एवं पांकी निवासी रविंद्र शर्मा की मृत्यु मुरमूसी में सड़क दुर्घटना में हो गई थी जिसमें रविंद्र शर्मा के अलावा उनकी पत्नी गंभीर अवस्था में रांची स्थित अस्पताल में भर्ती हैं। प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड का एक प्रतिनिधि मंडल रविंद्र शर्मा के आकस्मिक मृत्यु की सुचना पर उनके बड़े भाई सेवानिवृत शिक्षक रामप्रीत शर्मा एवं उनके परिवार को ढाढ़स बंधाने एवं दुख प्रकट करने उनके घर पांकी प्रखंड स्थित दुब गांव जाकर मुलाकात की। जहां एसोसिएशन के संरक्षक अविनाश वर्मा ने परिवार के लोगों से बातचीत करने के क्रम में कहा कि इस दुख की घड़ी में एसोसिएशन का प्रत्येक सदस्य आपके साथ है।

### बुनियादी विद्यालय पोल पोल में बाल संसद गठित

**मेदिनीनगर (पलामू)।** सदर प्रखंड के राजकीय बुनियादी विद्यालय पोलपोल में नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत एक प्रेरणादायी पहल के साथ हुई। विद्यालय परिसर में बाल संसद का गठन लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से संपन्न हुआ। छात्रों के बीच मतदान द्वारा प्रधानमंत्री एवं अन्य पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिसने बच्चों को लोकतांत्रिक प्रणाली की व्यवहारिक समझ और सहभागिता का अवसर प्रदान किया। प्रधानमंत्री पद के लिए कक्षा 8वीं के छात्र प्रकाश पाल को चुना गया।

## एक नजर में

### जमशेदपुर के जाने-माने पूर्व सिविल सर्जन डॉ ए के लाल के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट का फैसला



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के पूर्व सिविल सर्जन डॉ ए के लाल को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। गत बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार के याचिका को खारिज कर दिया। इस फैसले से डॉ लाल रिटायरमेंट बाद मिलने वाली पेंशन तथा अन्य सुविधाएं से लाभान्वित होंगे। इस बीच डॉ लाल नवंबर 2024 में अवकाश प्राप्त भी हो चुके है। विधायक सरयू राय ने झारखंड विधान सभा में डॉ लाल के खिलाफ प्रश्न उठाया था। डॉ लाल पर बिना सूचना दिए विधान सभा का चुनाव लड़ने का आरोप है। झारखंड सरकार ने 31 मार्च 2022 को तत्कालीन सिविल सर्जन डॉ ए के लाल को बर्खास्त कर दिया। सरकार के एक तरफा कार्रवाई के खिलाफ वे उच्च न्यायालय चले गये। वहां पर सिंगल और डबल बेंच में सुनवाई के बाद दोनों बेंच में डॉ लाल के पक्ष में फैसला सुनाया। झारखंड सरकार इस फैसले के खिलाफ पुनः सुप्रीम कोर्ट के एस एल पी में चली गई। जहां पर सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार के फैसला को खारिज करते हुए डॉ लाल के पक्ष में फैसला सुनाया।

**झारखंड सरकार ने मेरे खिलाफ एकतरफा कार्रवाई की :** डॉ ए के लाल पूर्व सिविल सर्जन डॉ ए के लाल ने कहा कि झारखंड सरकार ने मेरे खिलाफ एकतरफा कार्रवाई की। उनकी बातों को कभी सुना नहीं गया। बार बार मैने विभाग को लिखित जवाब देता रहा परन्तु उसे अनसुना किया गया। उन्होंने कहा कि सत्य की जीत हमेशा होती है।

### आदित्यपुर निगम क्षेत्र में पानी समस्या को लेकर पूर्व सीएम चंपई सोरेन से मिले भाजपा प्रतिनिधि



**आदित्यपुर।** भाजपा का एक प्रतिनिधि मंडल पूर्व जिला मंत्री सतीश शर्मा के नेतृत्व में आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में व्याप्त पानी संबंधित समस्या को लेकर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक चंपई सोरेन से उनके आवास झीलिंगगोरा में मिला। प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि गर्मी शुरू होते ही आदित्यपुर नगर निगम के कई क्षेत्रों में पानी की समस्या शुरू हो गई है। पानी का स्तर नीचे चले जाने के कारण अधिकांश लोगों के घरों में बोरिंग का पानी आना बंद हो चुका है। सप्लाई पानी अधिकांश क्षेत्रों में नहीं आती है। पानी की समस्या बढ़ते ही आदित्यपुर नगर निगम के कर्मचारी आपदा में अवसर तलाशने में लग गए है। जब आम जनता अपनी पानी की समस्या से निजात हेतु अपने खर्च पर बोरिंग कराने जाते है तो सरकारी रशीद के साथ साथ मोटी रकम ऊपरी चढ़ावा के रूप में देना पड़ रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ साथ पानी की समस्या और भयावह रूप लेगी। गर्मी बढते ही आदित्यपुर की जनता निगम के टैंकरों एवं डीप बोरिंग पर आश्रित हो जाती है। इन सारी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर पूर्व मुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक चंपई सुरेन ने भाजपा के प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि पानी संबंधित सभी समस्याओं के लिए वे उच्च अधिकारियों से वार्ता कर जल्द समस्या समाधान कराएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक चंपई सुरेन से मिलने वाले प्रतिनिधि मंडल में भाजपा के पूर्व जिला मंत्री सतीश शर्मा, वरीय भाजपा नेता रंजीत प्रधान, सन्नी कुमार एवं अमित सिंह शामिल थे।

### बागबेड़ा में कचरा उठाव की समस्या पर पंसस सुनील गुप्ता ने सौंपा मांग पत्र, समाधान की मांग



**जमशेदपुर।** बागबेड़ा पंचायत में दिनोंदिन गंभीर होती कचरा उठाव की समस्या को लेकर पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता ने जमशेदपुर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमित प्रकाश को एक लिखित मांग पत्र सौंपा। उन्होंने क्षेत्र में कचरा प्रबंधन के लिए स्थाई समाधान की मांग करते हुए अविलंब ग्राम सभा आयोजित करने का आग्रह किया। श्री गुप्ता ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि बागबेड़ा कॉलोनी और आस-पास के क्षेत्रों में नियमित रूप से कचरा नहीं उठाया जा रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि इस लचर व्यवस्था से क्षेत्र में कभी भी संक्रामक बीमारियों का प्रकोप फैल सकता है। उल्लेखनीय है कि इस गंभीर मुद्दे को पोटका विधायक श्री संजीव सरदार भी दो बार विधानसभा में उठा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। बीते माह प्रखंड कार्यालय में हुई बैठक में बीडीओ ने पंचायत प्रतिनिधियों से ग्राम सभा आयोजित करने का सुझाव दिया था, जिससे कचरा उठाव की व्यवस्था, स्थल चयन एवं संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की जा सके। मगर अभी तक ग्राम सभा न होने के कारण यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया है। पंसस सुनील गुप्ता ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही ग्राम सभा बुलाकर कचरा प्रबंधन की दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठाये गये, तो वे जनहित में आंदोलन शुरू करने को विवश होंगे।

### नारायण प्राइवेट आईटीआई लुपुंगडीह चांडिल में मनायी गयी भगवान महावीर की जयंती



**जमशेदपुर।** नारायण प्राइवेट आईटीआई लुपुंगडीह चांडिल में भगवान महावीर की जयंती मनायी। मौके पर भगवान महावीर की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। संस्थान के संस्थापक डॉ जटाशंकर पांडे ने कहा कि महावीर जन्म कल्याणक जैन धर्म में सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक त्योहारों में से एक है। यह वर्तमान चौबीसवें और अंतिम तीर्थंकर (सर्वोच्च उपदेशक) महावीर के जन्म का जश्न मनाता है। जैन ग्रंथों के अनुसार महावीर का जन्म चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की तेरहवीं तिथि को 599 ईसा पूर्व (चैत्र सुद 13) को हुआ था। श्वेतांबर परंपरा के अनुसार उनका जन्म बिहार के क्षत्रियकुंड में हुआ था। कुछ आधुनिक इतिहासकार कुंडग्राम (जो आज बिहार के मुजफ्फरपुर जिले का कुंडलपुर है) को उनका जन्मस्थान मानते हैं।

## स्पीड न्यूज

### दुकानदार से करीब तीन लाख का सोना लेकर ग्राहक फरार, जांच में जुटी पुलिस



**हुसैनाबाद पलामू।** पलामू जिला के हैदरनगर मुख्य बाजार में मां गायत्री ज्वेलर्स व बर्तन दुकान से आभूषण खरीदने के बहाने तरह-तरह का झुमका देखने के क्रम में कथित ग्राहक ने दुकान से एक झुमका का डब्बा गायब कर दिया। डब्बे में करीब 45 से 50 ग्राम सोना होने की बात सामने आयी है, अनुमानित कीमत करीब 3 लाख बतायी जा रही है। दुकानदार के मुताबिक ग्राहक आभूषण बदल-बदल कर बार-बार दिखाने बोल रहा था, उसी क्रम में नजरो को धोखा देकर झुमका का डब्बा गायब कर दिया। दुकानदार जितेंद्र सोनी ने इसकी शिकायत हैदरनगर थाना में की है।

### शहरी स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन



**हरिहरगंज पलामू।** मेन रोड स्थित पुराने सीएचसी भवन में गुरुवार से शहरी स्वास्थ्य केंद्र का संचालन शुरू कर दिया गया है। पलामू सिविल सर्जन के निर्देश पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोपाल प्रसाद ने उद्घाटन किया। बताया कि शहरी स्वास्थ्य केंद्र पर सुबह दस बजे से अपराह्न दो बजे तक लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। मौके पर डॉ अरविंद कुमार, डॉ प्रमोद वर्मा, ब्लाक एकाउंट मैनेजर राजकुमार सिंह, लिपिक विभा कुमारी, स्वास्थ्यकर्मी राजेश कुमार, महबूब आलम, सुरेन्द्र प्रजापति, एएनएम रंजू कुमारी के अलावे कमलेश कुमार यादव, अनिल शौंडिक भी थे।

### राज्य स्तरीय गतका शिविर में भाग लेंगे संत मरियम स्कूल के विद्यार्थी



**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल, कजरी के शैक्षणिक प्रबंधक डॉ स्वाधीन ने प्रार्थना सभा में विद्यालय के चार विद्यार्थियों को परिचय करवाते हुए कहा कि झारखंड गतका संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय गतका शिविर में विद्यालय से 4 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। यह शिविर बोकारो स्टील सिटी में 12 और 13 अप्रैल को आयोजित की जायेगी। प्राचार्य कुमार आदर्श ने कहा कि इस विद्यालय के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे है। शिविर में जाने वाले विद्यार्थियों में रोशन मांझी, सन्नी कुमार, कार्तिक कुमार, खुशबू कुमारी का नाम शामिल है। विद्यार्थियों के साथ विद्यालय के शारीरिक शिक्षक सुमित बर्मन भी जायेंगे।

### राहुल सांकृत्यायन की 132वीं जयंती मनी



**हुसैनाबाद पलामू।** अवधेश कुमार सिंह कॉलेज, जपला में आज महाविद्रोही राहुल सांकृत्यायन की 132वीं जयंती पर छात्र सेमिनार हुआ, जिसमें लगभग 500 छात्रों ने भाग लिया। अध्यक्षता परीक्षा नियंत्रक प्रो अशोक सिंह ने की। संचालन जंतु विभागाध्यक्ष प्रो राहुल सिंह ने किया। विद्यार्थियों में रिंकी कुमारी, प्राजक्ता कुमारी, और रौशन सिंह ने राहुल जी के व्यक्तित्व एवं विचार पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष सह एकेडमिक इंचार्ज डॉ राम सुभग सिंह ने कहा कि राहुल सांकृत्यायन लगभग 30 भाषाओं के जानकार थे और उन्होंने दर्शनशास्त्र, इतिहास, पुरातत्व, जीवनी, उपन्यास, विज्ञान आदि ज्ञान की हर शाखा में अपनी लेखनी के माध्यम से योगदान किया है। मौके पर प्रो रेखा कुमारी सिंह, प्रो राजेश सिंह, डॉ शिव कुमार विश्वकर्मा, लेखापाल ओम प्रकाश सिंह, विवेक कुमार, प्रिंस सिंह, प्रधान लिपिक अखिलेश सिंह भी मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन आइ. क्यू. ए. सी. समन्वयक प्रो अरुण कुमार सिंह द्वारा किया गया।

### तुफान में उजड़ा पाटन का एफसीआई गोदाम, राशन और दाल भींग गये



**पाटन पलामू (मनीष कुमार)।** एफसीआई गोदाम गुरुवार की शाम में आये तूफान में उजड़ गया जिससे गोदाम में रखे गरीबों के बीच बांटे जाने वाले राशन एवं दाल बारिश में भींग गया। इसे देख आनन-फानन में गोदाम ऑपरेटर अखिलेश मिश्रा एवं गोदाम कर्मी भींगते हुए राशन को दूसरे जगह रखते नजर आये। मालूम हो कि कुछ महीने पहले ही गोदाम की मरम्मत की गयी थी, लेकिन संवेदक ने घटिया किस्म का शीट डालकर खानापूर्ति की थी, जो तूफान में उखड़ गया। **एजीएम देवप्रिय** ने बताया कि संवेदक ने घटिया किस्म का एस्बेस्टस लगाया था। तेज आंधी तूफान में एस्बेस्टस उड़ गया। इस कारण गोदाम में रख राशन बारिश में भींग गया। जब तक पुन: गोदाम की मरम्मत नहीं की जायेगी तब तक राशन नहीं रखा जा सकेगा।

### हजरत शाह का सालाना उर्स 9-10 को



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद स्थित दाता पीर बख्श रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स धूम धाम के साथ मनाने को लेकर गुरुवार को शहर के पठान टोली मोहल्ला स्थित इब्राहिम सेठ के आवास गणमान्य लोगों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ने की। संचालन जमील अहमद ने किया। बैठक में मुख्य रूप से आमंत्रित सदस्य के रूप में समाजसेवी शेर अली मौजूद थे। उर्स कार्यक्रम को लेकर चर्चा हुई। उर्स पर जलसा का कार्यक्रम 9 एवं कव्वाली 10 मई को कराने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को लेकर कमेटी का गठन किया गया जिसमें संरक्षक कादिर खान अमीन खान को बनाया गया।

### हत्या कर शव को छिपाया, उद्भेदन

**पाटन पलामू।** प्रखंड के हिसरा बरवाडीह मटपुरही टोला में सरित देवी (40) की हत्या कर छिपा दिया गया था। सूचना मिलने के बाद पाटन पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल डाल्टनगंज भेज दी है।

चैनपुर नेउरा रोड को लेकर चक्का जाम, प्रथम महापौर अरुणा शंकर बोलीं

# मामला नहीं सुलझा तो बड़ा जन आंदोलन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने वार्ड पार्षद विजय प्रमुख, चेंबर सदस्य बिनेश कमलापुरी, समाजसेवी दिनेश प्रधान, निरंजन कमलापुरी, चंदू कमलापुरी एवं स्थानीय लोगों द्वारा किये गये चैनपुर नेडरा रोड बनाने हेतु चक्का जाम का समर्थन किया।

उन्होंने कहा कि मैंने सभी माननीय के संज्ञान में खुद जाकर इस रोड की समस्या को रखा है। वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए 4 करोड रुपए की रिपेयर हेतु स्वीकृति भी दी है लेकिन आज तक काम नहीं लगना दुर्भाग्य है।



चक्का जाम के दौरान लोगों को संबोधित करते लोग।

इस रोड के नहीं बनने से जहां व्यवसायियों को धूल खाना पड़ रहा है वहीं स्कूल के बच्चों को बरसात के दिन में ऑटो पलटने के डर से स्कूल से वंचित होना पड़ रहा है। प्रथम महापौर ने कहा कि इससे भी दुर्भाग्य की बात है प्रसव मरीज उस मार्ग से नहीं आकर तीन किलोमीटर घूम कर शहर पहुंच रही जो दुर्भाग्य है। अगर इस बंदी से सरकार नहीं चेती तो बड़ा जन आंदोलन होगा।

# चैनपुर में पथ निर्माण को लेकर चक्का जाम जनप्रतिनिधियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी

प्रेम रंजन तिवारी

- लोगों का गुस्सा फूटा सड़क बनाने की मांग की
- सीओ, बीडीओ और जिला प्रशासन के आश्वासन के बाद हटा जाम
- सांसद और विधायक के खिलाफ की गयी जमकर नारेबाजी, बताया निकम्मा



**चैनपुर पलामू।** चैनपुर में चैनपुर-नेउरा पथ निर्माण की मांग को लेकर पूर्व जिला परिषद सदस्य डॉ मीना गुप्ता एवं पूर्व स्थानीय जन प्रतिनिधि तथा स्थानीय जनता ने चक्का जाम कर दिया। बार-बार मांग करने के बावजूद उक्त पथ का निर्माण नहीं होने से लोगों का गुस्सा फूट गया। चैनपुर के पुरनचंद चौक एवं भट्टी चौक में गुरूवार को नाकेबंदी कर दी गयी। दोनों तरफ से वाहनों का परिचालन ठप रहा। यह जाम लगभग 4 से 5 घंटे तक लगा रहा। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लगी रही ।आने-जाने में लोगों को परेशानियों का सामना भी करना पड़ा। चक्का जाम में लोगों का प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क निर्माण करने की मांग की गयी। इस दौरान स्थानीय सांसद एवं विधायक के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। सांसद और विधायक के खिलाफ जमकर नारे लगाये गये दोनों को निकम्मा बताया गया। गुस्सा इतना था कि अगर सामने आ जाते तो कुछ भी हो सकता था। जाम काफी देर बाद स्थानीय प्रशासन सीओ बीडीओ एवं थाना के आश्वासन के बाद हटाया गया। ग्रामीणों का मांग था कि सड़क का निर्माण जल्द से जल्द हो जब तक सड़क नहीं बनता तब तक कम से कम सुबह शाम पानी का छिड़काव एवं दिन में बड़े वाहनों का परिचालन बंद रहे। सीओ चंद्रशेखर कुणाल ने लोगों को आश्वासन दिया कि वह दो दिनों के अंदर बैठक कराकर मामले का समाधान कर लेंगे।

विधायक समेत कई प्रतिनिधियों ने करायी गर्भवती माताओं की गोदभराई

# सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ उठायें माताएं : विधायक

- बच्चों के जन्म से पूर्व खान पान पर रखें ध्यान

खबर मन्त्र संवाददाता



गर्भवती महिलाओं की गोदभराई के दौरान उपस्थित विधायक व अन्य।

**हुसैनाबाद पलामू।** राज्य सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग ने पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म किया। प्रखंड कार्यालय में विधायक संजय कुमार सिंह यादव, जिप उपाध्यक्ष आलोक सिंह व प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने रस्म अदा की। मौके पर कुपोषित बच्चों के प्रोटीनयुक्त आहार, दलिया, भोजन आदि की जानकारी दी गयी। विधायक ने गर्भवती माताओं को उपहार भेंट किया और कहा कि सरकार समाजिक कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं को संचालित कर रही हैं। उन्होंने आंगनबाड़ी सेविकाओं को डोर टू डोर घूम कर ऐसी माताओं को चिन्हित कर समय से उसका ख्याल करें। वहीं राजकुमारी देवी ने बेटी की तरह गर्भवती महिलाओं की खोइच्छा में चावल व उपहार देकर विधिवत रस्म पूरी की और आशीर्वाद दिया। मौके पर बीडीओ सह सीडीपीओ सुनील वर्मा, सीओ पंकज कुमार, पर्यवेक्षिका प्रेमलता कुजूर आदि कई आंगनबाड़ी सेविका मौजूद थी।

# फोटो जर्नलिज्म प्रतियोगिता में पलामू के सैकत चटर्जी प्रथम

खबर मन्त्र संवाददाता





**मेदिनीनगर।** रांची में झारखंड फोटोग्राफिक एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित फोटो प्रतियोगिता में पलामू के प्रेस फोटोग्राफर सैकत चटर्जी को प्रथम पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार उन्हें जर्नलिज्म कैटेगरी में दिया गया है। झारखंड फोटोग्राफिक एसोसिएशन के प्रदेश मीडिया प्रभारी अनुज कुमार पांडेय ने बताया कि जर्नलिज्म कैटेगरी में पलामू के सैकत चटर्जी को प्रथम पुरस्कार मिलने के साथ चास, बोकारो के सागर परमार द्वितीय एवं धनबाद के राज कुमार सिंह को तृतीय पुरस्कार मिला है। यह प्रतियोगिता राज्य स्तरीय थी। श्री पाण्डेय ने कहा कि इन पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए हम उनकी फोटोग्राफी कौशल और प्रतिभा की सराहना करते हैं। झारखंड फोटोग्राफिक एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस फोटो प्रतियोगिता का उद्देश्य फोटोग्राफी के क्षेत्र में प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और उन्हें एक मंच प्रदान करना है। जर्नलिज्म कैटेगरी फोटो प्रतियोगिता के निर्णायक रांची के वरीय प्रेस छायाकार मानिक बोस एवं जगदीश सिंह थे। सैकत चटर्जी को रांची में पुरस्कृत किया जायेगा। श्री चटर्जी ने कहा कि यह पुरस्कार पलामू को समर्पित है। यह सफलता उनकी है जिन पलामूवासियों ने उन्हे प्यार दिया, उनके काम की सराहना की, साथ ही उनका भरपूर सहयोग किया।

## ऑक्सफोर्ड के 22 विद्यार्थी रहे ब्लूम स्कूल ओलंपियाड में नेशनल टॉपर

खबर मन्त्र संवाददाता

- छात्रों का राष्ट्रीय स्तर पर प्रावीण्य सूची में स्थान बनाना गर्व का विषय : प्राचार्य डॉ एके सिंह



**मेदिनीनगर।** अरिहन्त प्रकाशन द्वारा ब्लूम स्कूल ओलम्पियाड प्रत्येक वर्ष प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक छात्रों के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इसी के तहत दिसंबर माह में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें ऑक्सफोर्ड के 22 छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान सुनिश्चित कर विद्यालय का मान बढ़ाया। प्रतियोगिता परिणाम में लक्ष्य मौर्या व अनमोल कुमार को स्वर्ण पदक, अयांश कुमार, तेजस राज, आकर्ष कुमार, दिव्यांश सिन्हा, अनमोल सिद्धार्थ, आशीष रंजन, रौशन प्रसाद व आर्यन राज को रजत पदक तथा नेहा कुमारी, रिशांक सराफ, अभिनव राज, गुनगुन सिंह, सृजल, भास्कर दुबे, साक्षी कुमारी, पल्लवी रानी, प्रांजल रंजन, सृष्टि पाठक, प्रतीक्षा प्रभात व कृष कुमार को कांस्य पदक प्राप्त हुआ।

## फोरलेन सड़क निर्माण से लोहड़ा के 25 परिवार बिजली सुविधा से वंचित

- उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन, एक सप्ताह में बिजली व्यवस्था बहाल नहीं पर कर सकते निर्माण कार्य बाधित

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पोलपोल से शंखा तक फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। सड़क निर्माण कार्य होने से पड़वा प्रखण्ड के लोहड़ा हाई स्कूल सहित लगभग 25 परिवार बिजली सुविधा से वंचित हो गए हैं। प्रभावित परिवार के लोगों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंप कर बिजली सुविधा बहाल करने की मांग किया है। उपायुक्त को दिए गए आवेदन में कहा गया है कि पहले सड़क के पश्चिम दिशा में बिजली तार खींचा हुआ था। सड़क के पूर्व दिशा में रहने वाले लोग किसी तरह बिजली तार सड़क पार कर बिजली का उपयोग करते थे लेकिन सड़क निर्माण होने के कारण पश्चिम दिशा जो तार खींचा हुआ था उसे लगभग डेढ़ सौ फीट और पश्चिम दिशा की ओर कर दिया गया है। इस कारण अब पश्चिम से तार सड़क पार कर पूर्व दिशा में ले जाना संभव नहीं है। प्रभावित परिवार के लोगों ने फोरलेन सड़क निर्माण कार्य करा रही कंपनी भारत वाणिज्य प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों से बिजली व्यवस्था करने का आग्रह किया तो वे लोग हाथ खड़ा कर दिए। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व दिशा में पहले से तो कई परिवार के लोग रहते ही थे।

### बारिश-ओलावृष्टि से किसानों को नुकसान



**मोहम्मदगंज पलामू।** गर्मी से बेहाल लोगों के लिए गुरुवार का दिन राहत लेकर आया। दोपहर होते ही आसमान का रंग बदल गया और तेज आंधी चली। गरज के साथ बारिश और ओलावृष्टि से पूरी जमीन पट गयी। करीब आधे घंटे तक यह स्थिति रही। इसके साथ ही तापमान 34 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। मगर बताया गया कि इस प्राकृतिक आपदा से गेहूं की तैयार खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। इलाकों में आम, जामून, महुआ और चिरौंजी के टिकोरों के गिर पड़ने से उत्पादन में भारी गिरावट की उम्मीद है।

### तेज आंधी में पेड़ गिरने से कब्रिस्तान क्षतिग्रस्त रांची-मेदिनीनगर मार्ग पर आवागमन प्रभावित



**सतबरवा।** प्रखंड मुख्यालय सतबरवा में गुरुवार को तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश हुई। तेज आंधी तूफान में रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर बकोरिया कब्रिस्तान के समीप एक बड़ा चिलबिल का पेड़ गिरने से कब्रिस्तान क्षतिग्रस्त हो गया वहीं सड़क पर आवागमन प्रभावित है। बीडीओ सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने बताया कि पेड़ गिरने की सूचना मिली है उसे हटाने के लिए एनएच निर्माण कर रही कंपनी को निर्देश दिया गया है ताकि अविलंब आवागमन बहाल हो सके। वहीं ग्रामीण मोहम्मद अकबर ने बताया कि बड़ा पेड़ सड़क पर गिर जाने के कारण दोनों ओर से आने- जाने का रास्ता बंद हो गया है।

## शांतिपूर्ण त्योहार मनाने में सबका सहयोग सराहनीय : रीष्मा रमेसन

खबर मन्त्र संवाददाता

- पलामू में ईद, सरहुल और रामनवमी शांतिपूर्ण संपन्न एसपी ने सबका जताया आभार




**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में ईद, सरहुल और रामनवमी जैसे महत्वपूर्ण त्योहारों को शांति, सौहार्द और भाईचारे के वातावरण में सफलतापूर्वक मनाया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने आम नागरिकों, प्रशासनिक अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और सभी सहयोगी नागरिकों का धन्यवाद व्यक्त किया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पर्वों को शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने में आपका सहयोग सराहनीय रहा है। आप सभी के सहयोग से जिले में कहीं भी कोई अप्रिय घटना नहीं घटी, जिससे यह सिद्ध होता है कि पलामू के नागरिक एकजुट होकर सौहार्द की मिसाल पेश करते हैं।

## तेज धूप-गर्म हवाओं से पलामू को राहत तेज आंधी तूफान में कई पेड़ पौधे गिरे

गजेंद्र कुमार

- दो दिन से बदला पलामू का मौसम, गर्जन के साथ तेज आंधी तूफान, ओले के साथ 26.5 मिमी वर्षा
- बेमौसम बर्षा ने किसानों की तोड़ी कमर, खेत खलिहान में लगे फसल बर्बाद



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला में अप्रैल, मई व जून में भारी तपिश रहती है।इस बीच मौसम ने दो दिन से करवट बदला है। जिससे पलामू में थोड़ी राहत लोगों को मिली है। लेकिन मौसम बदलने से किसानों की कमर टूट चुकी है। पलामू जिला में बुधवार से मौसम बदला है जो गुरुवार को दोपहर बाद अचानक तेज आंधी तूफान व मेघ गर्जना के साथ ओले गिरे। साथ ही भारी बारिश हुई। पलामू जिला में विगत चार पांच दिनों से तापमान 40 से 42 डिग्री पार कर चुका जिस कारण लोग गर्मी व धूप से बेचैन थे। मौसम बदलने से लोग थोड़ी राहत की सांस ली है। बुधवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में ओले के साथ बारिश हुआ है। गुरूवार को भी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में ओले के साथ बारिश 26.5 मीमी हुई है। ओलावृष्टि का आयाम 0.8 सेमी से 1.8 सेमी हुई है। बेमौसम वर्षा के कारण किसानों की कमर टूट चुकी है उनकी फसल को नुकसान है।

### शांतिपूर्ण रामनवमी पर सभी का जताया आभार



**मेदिनीनगर।** श्री रामनवमी पूजा के शांति पूर्वक समापन पर महावीर नवयुवक दल जनरल के संरक्षक सुनील गुप्ता उर्फ बबलू गुप्ता ने पलामू जिला प्रशासन, मीडिया टीम, जनरल के पदाधिकारियों सदस्यों समेत अभियान मे शामिल सभी लोगों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। श्री गुप्ता ने कहा कि पूरे पलामू वासी प्रशासन के सारे पदाधिकारी जिन्होंने रात दिन मेहनत कर इस कार्यकम में कोई दिक्कत न हो कमेटी के साथ खड़े रहे इसके लिए पूरी प्रशासन की टीम व मीडिया टीम बधाई के पात्र हैं। उन्होंने श्री रामनवमी पूजा में राम भक्तों की भीड़ उमड़ी उसे पूरा पलामू राम मय हुआ जितने भी क्लब ने शोभा यात्रा निकाली थी सभी एक से बढ़ कर एक थी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी संघ के लोगों को दिल से आभार व्यक्त करता हूं। कलकत्ता से लाइट जो काशी दादा के द्वारा लगाया गया था उनका भी अभिनंदन करता हूं। इस शहर की सुंदरता बढ़ाने में उनका अहम रोल रहा है। साथ में बाहर से ऑर्केस्ट्रा जो छहमुहान पर भजनों का समा बांधे रखा और एक से झांकी प्रस्तुत किया।

# पलामू का रवि मेहता ड्रीम इलेवन में बना तीन करोड़ रुपये का विजेता

मिन्हाज आलम



3 करोड़ का विजेता रवि मेहता अपने माता-पिता के साथ।

**मेदिनीनगर।** भारत में अभी आईपीएल का सीजन चल रहा है और इस सीजन में कई लोग ड्रीम 11 में टीम बनाकर करोड़ों रुपये जीत रहे हैं। ताजा मामला पलामू जिले के मेदिनीनगर के सदर प्रखंड के कौड़िया के तेलियाबांध में एक गरीब मजदूर के बेटा रवि मेहता ने ड्रीम 11 में 49 रुपये लगाकर 3 करोड़ रुपये जीता है। रवि गांव में ही एक छोटा सा किराना दुकान चलाता है। रवि 8 सालों से ड्रीम-11 में टीम बनाकर किस्मत आजमा रहा था।

इसी दौरान कल गुजरात और राजस्थान रॉयल में टीम बनाकर 3 करोड़ रुपये जीत हासिल कर सबको चौका दिया है। उसकी इस बड़ी जीत की खबर सामने आते ही पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गयी और उसके घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। फिलहाल युवक का परिवार बेहद खुश है।


रवि ने बताया कि 2018 से ड्रीम-11 में टीम बनाते थे। अब तक ड्रीम-11 में 5 लाख से अधिक रुपये हार चुका हूं लेकिन कल गुजरात और राजस्थान रॉयल में टीम बनाया और 3 करोड़ रुपये जीते। जीतने के बाद एक करोड़ रुपये ड्रीम-11 से अपने खाते में निकासी कर लिया है और बाकी पैसे 24 घंटे के बाद खाते में विड्रोल होगा। रवि के माता-पिता ने कहा कि रवि को किराना दुकान का सामान लाने के लिए पैसा देते थे, लेकिन प्रति दिन ड्रीम-11 में पैसे लगाकर कुछ पैसा हार जाता था।

कई बार हम लोग रवि को मना भी करते थे, लेकिन वह नहीं माना। धीरे-धीरे वह दुकान में बैठकर टीम बनाता रहा और आज मेरा बेटा 3 करोड़ रुपये ड्रीम 11 से जीता है। हम लोगों को अपने बेटे पर गर्व हो रहा है। उनके माता-पिता ने कहा कि इस पैसे से कुछ जमीन खरीदेंगे व बिजनेस में लगायेंगे।

# मनातू के वन क्षेत्र से पत्थर का उत्खनन कर पुल पुलिया और पथ बनाया ठेकेदार : उदेय यादव

सुधीर यादव

- मुरधोई से मनातू तक रोड बनाने में संवेदक ठेकेदार के ऊपर गुणवत्ता पूर्ण रोड नहीं बनाने से ग्रामीण में आक्रोश
- ठेकेदार ने मरे हुए पत्थर से बनाया कई पुल जिसका भविष्य खराब



**मनातू (पलामू)।** मुरधोई से लेकर मनातू तक रोड बनाने के लिए टेंडर हुआ है। मुरधोई के ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के कई साल बीतने के बाद मुरधोई से लेकर मनातू तक रोड बन रहा है। इसे लेकर ग्रामीणों में खुशी थी परंतु रोड बनाने वाले संवेदक के रोड एवं पुल पुलिया में गुणवत्तापूर्ण रोड नहीं बनने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार ने जंगल से अवैध पत्थर उत्खनन कर धड़ल्ले से लगा रहा है। इससे राजस्व क्षति के साथ कई निर्देशों का पालन नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता के मनातू विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव से मुरधोई के ग्रामीणों ने शिकायत की थी। उदेश ने न्यू रोड के बारे में ग्रामीण एवं कार्य कर रहे रोड में मजदूरी लेबर से गुणवत्तापूर्ण रोड नहीं बनाने के बारे में जायजा लिया। बताया कि पांकी विस क्षेत्र में बाहरी ठेकेदार मनमानी तरीके से रोड बना रहे हैं जो कि सरासर गलत है। रोड में कई पुल बना दिये गये और अभी कई पुल बने हैं लेकिन संवेदक ठेकेदार ने मरे हुए पत्थर से ही कई पुल बना दिये हैं। विधायक प्रतिनिधि ने बताया कि पुल में जिंदा पत्थर ही लगाना है लेकिन ठेकेदार काम जैसे-तैसे कर निकलने का प्रयास में है। ऐसे ठेकेदार पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। मनातू वन विभाग के फॉरेस्ट अमरेश से जब संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि मुझे तो गांव मुरधोई के ग्रामीणों से जानकारी प्राप्त है कि ग्राम मुरधोई से मनातू रोड बनाये जा रहे जिसमें ठेकेदार गणेश साहू प्रतापपुर वन क्षेत्र से अवैध पत्थर उठाव कर पुल बना दिया गया है। साथ ही इनकी मनमानी में रोड बन रहा है, जो जांच का विषय है। उसपर एफआइआर दर्ज की गयी है। हम सभी मनातू वन क्षेत्र के अधिकारी जांच कर कानूनी कार्रवाई और मामला पूरी सत्यता से जानकारी लेकर कानूनी कार्रवाई करने का जिम्मेदारी देते हैं। जब ठेकेदार से पत्रकारों ने मोबाइल से संपर्क किया तो उन्होंने बात करने से इनकार किया। फोन से कोई जवाब नहीं मिली। दिलचस्प होगा कि ठेकेदार पर कानूनी कार्रवाई होती है या नहीं।

# बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि


ओला

**गेहूं के अलावे खेतों में लगी सब्जी कद्दू, भिंडी, करेला, बैंगन सहित अन्य फसल को भारी क्षति पहुंची**

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड के विभिन्न भागों में गुरुवार को लगभग दो बजे दिन में अकस्मात बारिश, आंधी तूफान के साथ ओलावृष्टि होने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। हेंठार क्षेत्र में ओलावृष्टि से गेंहू, सब्जी व आम की फसल को नुकसान पहुंचा है। प्रखण्ड के बलियारी, गड़ाखुर्द पंचायत में ओलावृष्टि व आंधी तूफान से कुछ अधिक नुकसान है। जबकि प्रखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र में ओलावृष्टि का प्रभाव नहीं है। किसान भोला मेहता, वीरेंद्र मेहता, गोपाल चंद्रवंशी, सर्जक मेहता, शंकर यादव, विनोद मेहता, मुकेश मेहता, बबलू कुमार, रणजीत मेहता, प्रवेश मेहता ने बताया कि आज की ओलावृष्टि से गेंहू की तैयार फसल को नुकसान पहुंचा है। अभी भी लगभग 50 प्रतिशत गेंहू की फसल अभी खेतों में हीं लगा हुआ है।

खेत मे काटकर गेंहू का पांजा रखा हुआ था जो तेज हवा में उड़ गया। गेहू के अलावे खेतों में लगे सब्जी कद्दू, भिंडी, करेला, बैंगन सहित अन्य सब्जी के फसल को नुकसान पहुंचा है। आंधी तूफान से आम के फसल को भी नुकसान हुआ है। किसानों ने प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का जांच कर उचित मुआवजा दिए जाने की मांग सरकार से किया है।

# वारंटी गिरफ्तार


गिरफ्तार राजू कुमार

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गनियारी कला गांव निवासी सुदेश्वर तुरिया के 23 वर्षीय पुत्र राजू कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि वारंटी अभियुक्त राजू कुमार तुरिया पर पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज था। उसे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में भेजा गया है।

# हनुमान जयंती की भव्य शोभायात्रा आज

### सुंदरकांड सहित सवा 25 घंटे की ज्योत समेत शहर के वातावरण में गुंजायमान होगा चमत्कारी भजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के धार्मिक संगठन श्री हनुमान संकीर्तन मंडल द्वारा आयोजित श्री हनुमान जयंती के 44वें वार्षिकोत्सव के प्रथम दिन शुक्रवार को धूमधाम से भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। वहीं प्रातः 7 बजे शुरू होने वाले शोभा यात्रा का आरंभ एवं अगुवाई मुख्य रूप से उपस्थित ध्वजाधारी धाम के मुख्य महंत महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज करेंगे। भव्य शोभा यात्रा की शोभा बढ़ाने में मंडल के पदाकिारी, सदस्यों सहित शहर के श्रद्धालुजन भारी संख्या में उपस्थित होंगे।



आकर्षक पोशाक एवं पताखों के साथ जय श्री राम के गगनचुंबी नारों के साथ शोभायात्रा कोडरमा स्टेशन रोड से झंडा चौक होते हुए राजगढ़िया रोड, पूर्णिमा टॉकीज से होकर पुनः कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेगी। वही शोभायात्रा के पश्चात पहले दिन के तय कार्यक्रम के अनुसार पूर्वाह्न 11 से सुंदर कांड पाठ, 1 बजे से सवा 25 घंटे ज्योत सहित भजनों का कार्यक्रम अपराह्न 1 बजे से 12 अप्रैल दिन शनिवार संध्या तक चलेगा। कार्यक्रम को लेकर तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिसमें मंडल के सभी पदाकिारी व सदस्य दिन-रात एक कर लगे हुए हैं। उपरोक्तकार्यक्रम की जानकारी मंडल के सचिव विक्की केसरी ने दी।

# भाजपाईयों ने मनाया सेवा पखवाड़ा दिवस


उपस्थित भाजपाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो की अध्यक्षता में गुरूवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 वर्ष सफलतापूर्वक पूरा होने पर सेवा पखवाड़ा दिवस मनाया। इस दौरान लगमा ब्रह्म स्थान मंदिर परिसर में साफ-सफाई अभियान, स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने वाले लाभार्थी से सम्पर्क कर चर्चा किया गया। साथ ही राम मंदिर आंदोलनकारी बिरेंद्र जायसवाल को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान गढ़वा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी के आवास पर गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय सदस्यों के साथ सम्मेलन का आयोजन किया गया।

मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि मोदी सरकार सेवा भावना से काम करने वाली एक मात्र सरकार है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देशहित में अनेकों योजनाएं बनाई हैं जिसका लाभ सभी जाति धर्म संप्रदाय के लोग खुलकर ले रहें हैं। प्रधानमंत्री ने सफलतापूर्वक 11 वर्ष पूरा कर लिया है इससे यह साबित होता है कि देश में एक अच्छी सरकार चल रही है।

जिला प्रभारी बिपिन बिहारी सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं के दम पर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 वर्ष पूरा कर चुके हैं इसमें कार्यकताओं का तप त्याग और बलिदान का परीणाम है। विनय चौबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पहली बार ऐसा सरकार बना है जो सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास लेकर काम कर रहा है।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संतोष दुबे ने किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी, हरेन्द्र दुबे, जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा, पार्वती सिंह, डॉ लाल, उमेश कश्यप, मोहन, टिंकू गुप्ता, धनंजय गौड़, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, सोनु देवी, कंचन पाण्डेय, जितेंद्र चंद्रवंशी, राजकुमार विश्वकर्मा, ओमप्रकाश दास, बलराम यादव, मनोज जायसवाल आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# महुआ चुनने को लेकर मारपीट में तीन घायल


घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बनसानी पंचायत के माईधीया गांव में महुआ चुनने को लेकर दो पट्टीदारों के बीच मारपीट की घटना में एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। घायलो में मंगरू यादव, उनकी पत्नी अमिला देवी और पुत्र सुबई कुमार यादव का नाम शामिल है। उक्त सभी को इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में घायलों ने बताया कि मेरे रैयती जमीन में महुआ का पेड़ है, जिसका एक डोल मेरे गोतिया के खेत में था, जिसे लेकर उनके द्वारा हमलोगो को महुआ चुनने नहीं दे रहे थे, तो कहा कि मैं इस पेड़ के डाल को ही काट दूंगा, इस बात से आक्रोशित होकर मेरे पटीदार अवधेश यादव, बीरेंद्र यादव, आशीष यादव, अजीत यादव, बिमली देवी व कलपतिया देवी अपने हाथों में लिए लाठी, डंडे और टांगी से ताबड़तोड़ प्रहार कर हमलोगों को लहूलुहान कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मारपीट की घटना को लेकर घायलों ने स्थानीय थाने में लिखित आवेदन दिया है।

## हनुमान जन्मोत्सव आज से

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया हनुमान संकीर्तन मंडल द्वारा 11 और 12 अप्रैल को अड्डीबंगला स्थित मेसर्स केदारनाथ रामगोपाल फैक्ट्री में श्री हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया जायेगा। वहीं 11 अप्रैल को शोभायात्रा और सुंदरकांड पाठ होगा एवं 12 अप्रैल को भजन कार्यक्रम के साथ अनुष्ठान का समापन होगा।

## वेणुगोपाल के निधन पर डीसीए ने जताया शोक

**धनबाद।** धनबाद क्रिकेट संघ ने गुरुवार को रणधीर वर्मा स्टेडियम स्थित डीसीए कार्यालय में वेणुगोपाल के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया। सदस्यों ने इस अवसर पर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। दो मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि उनका असामयिक जाना दुखदाई है। डीसीए के आजीवन सदस्य, सहायक सचिव व कार्यकारिणी सदस्य रहते हुए धनबाद क्रिकेट को प्रमोट करने में उनकी अहम भूमिका रही। ईसीएल के खेल अधिकारी रहते हुए प्रभात स्टेडियम के निर्माण में उनका योगदान नहीं भूला जा सकता।

# महावीर जयंती पर ग्रिजली स्कूल में कई कार्यक्रम




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिज़ली विद्यालय में भगवान महावीर की जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर उनके जीवन और सिद्धांतों को स्मरण किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान महावीर के चित्र पर पुष्प अर्पण के साथ हुई। वहीं सभी ने श्रद्धा के साथ भगवान महावीर को नमन किया। वहीं छात्रों देवांश हूडा एवं अरिनव कुमार ने क्रमशः हिंदी एवं अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में भगवान महावीर के सिद्धांतों पर आधारित भाषण दिए। उनके विचारों में अहिंसा, सत्य और अपरिग्रह जैसे मूल्यों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। वहीं तेजस कैलास एवं रिधि भोव्मिक द्वारा प्रस्तुत की गई। वहीं पावरपॉइंट प्रस्तुति ने भगवान महावीर के जीवन इतिहास को रोचक और प्रेरणादायक तरीके से दर्शाया, जिसे उपस्थित सभी लोगों ने सराहा। भगवान महावीर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से छात्रों ने संदेशात्मक पोस्टरों का भी प्रदर्शन किया। इन पोस्टरों ने कार्यक्रम में एक विशेष आकर्षण जोड़ा और सभी को सोचने पर विवश कर दिया। वहीं विद्यालय के प्राचार्या अंजना कुमारी ने उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए भगवान महावीर के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी तथा छात्रों और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में छात्रा आयुष सिन्हा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। मौके पर सीसीए समन्वयक राजीव रंजन, शिक्षक अभिषेक झा, नरेश यादव आदि मौजूद थे।

# दो गैस गोदाम शहर से ग्रामीण क्षेत्र में शिफ्ट


निरीक्षण करते एसडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहरी क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से चल रहे तीन एलपीजी गैस गोदामों में से दो गैस गोदाम ग्रामीण क्षेत्र में शिफ्ट हो गए हैं। एसडीओ संजय कुमार ने गुरुवार को गढ़वा नगर परिषद के प्रशासक सुशील कुमार एवं संबंधित कर्मियों को साथ लेकर उक्त तीनों गैस गोदाम परिसरों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जो तथ्य सामने आए उसके अनुसार कचहरी रोड स्थित भारद्वाज भारत गैस एजेंसी के गोदाम को पूरी तरह खाली कराकर ग्रामीण क्षेत्र में शिफ्ट करा दिया गया। वहीं ओबरा के पते पर पंजीकृत ग्रामीण गैस वितरक मां दुर्गा एचपी एजेंसी के गोदाम को ओबरा में ही शिफ्ट कर दिया गया है। पहले यह गैस गोदाम रंका मोड़ और टंडवा पुल के बीच घने वाणिज्यिक क्षेत्र में अवस्थित था। दोनों एजेंसियों के संचालकों ने बताया कि एसडीओ का दूसरा नोटिस मिलने के तुरंत बाद उन्होंने स्थानांतरण की उक्त कार्रवाई कर ली थी। उल्लेखनीय है कि एसडीओ संजय कुमार ने पिछले माह गढ़वा शहरी क्षेत्र स्थित गैस एजेंसियों के औचक निरीक्षण के क्रम में प्रथम दृष्टया अनियमितताएं मिलने पर तीन गैस एजेंसियों के संचालकों को एक सप्ताह का समय देते हुए कड़ा नोटिस दिया था। दरअसल शहरी क्षेत्र अंतर्गत तीन गैस एजेंसियों के गोदाम शहरी क्षेत्र में होने की पुष्टि हुई थी जिनको ग्रामीण वितरक का लाइसेंस प्राप्त है। किंतु इनके द्वारा शहरी क्षेत्र में सेवा प्रदाता का काम करते हुए उनके अवैध गैस गोदाम शहरी क्षेत्र अंतर्गत पाए गए थे। इस पर एसडीओ ने कचहरी रोड स्थित आर्यन एचपी गैस ग्रामीण वितरक एजेंसी, मेराल, भारद्वाज भारत गैस एजेंसी कल्याणपुर तथा मां दुर्गा एचपी गैस एजेंसी ओबरा के संचालकों को नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह के अंदर शहरी क्षेत्र से इन खतरनाक गोदामों को हटाने का निर्देश दिया था। साथ ही उनसे स्पष्टीकरण पूछा गया था कि क्यों नहीं उनकी अनुज्ञप्ति रद्द करने की दिशा में कार्रवाई की जाए।

# भाजपा नेता की पत्नी का निधन


उषा देवी की फाइल फोटो

**सगमा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सह सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव की पत्नी 45 वषीर्या उषा देवी की असामयिक निधन से प्रखंड क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में शोक की लहर दौड़ गई। उषा देवी वर्ष 2016 से 2019 तक झारखंड सरकार के प्रखंड में 20 सूत्री अध्यक्ष रह चुकी थी। जानकारी के अनुसार उषा देवी कुछ वर्षों से बीमार रह रही थी। काफी दिनों से उनका इलाज वाराणसी, लखनऊ के अलावा अन्य जगहों पर चल रह था। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार उषा अपने परिवार के साथ श्री बंशीधर नगर में रह रही थी। अचानक तबियत बिगड़ने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार उनका अंतिम संस्कार वाराणसी में किया जाएगा। सांत्वना देने वालो में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुराज पांडेय, सगमा प्रखण्ड जिप प्रतिनिधि नंद गोपाल यादव, सहायक शिक्षक मुन्ना कुमार भारती, सदानंद यादव, चंदन यादव आदि का नाम शामिल है।

# ट्रेनों का ठहराव व स्टेशन के सौंदर्यीकरण करने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** एनसीपी के जिलाध्यक्ष उमेश गोस्वामी के नेतृत्व में गुरुवार को सात सूत्री मांगों को लेकर थापर नगर स्टेशन पर एकदिवसीय धरना दिया गया। साथ ही स्टेशन प्रबंधक के माध्यम से आसनसोल रेल मंडल प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा गया। जिसका कॉपी कोलकाता दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक और रेल मंत्री भारत सरकार को भी भेजा गया है। धरना को संबोधित करते हुए उमेश गोस्वामी ने कहा कि 15 अगस्त तक हमारी मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार नहीं हुआ तो 16 अगस्त से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन व भूख हड़ताल करने पर बाध्य होंगे। श्री गोस्वामी ने कहा कि इसके पूर्व 25 जून 2024 को थापर नगर स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों की ठहराव करने और स्टेशन का सौंदर्यीकरण करने की मांग को लेकर आंदोलन एवं ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन आजतक हमारी मांगों पर विचार नहीं किया गया है। आज पुनः अपनी मांगों को लेकर धरना के माध्यम से स्मरण करा रहे हैं।

धरना में मुख्य रूप से पतित पावन तिवारी, उज्जवल तिवारी, शेख सोहराब, कन्हाई महतो, निमाई सिंह, श्यामपुर के पूर्व मुखिया वरुण चौधरी, जितेन महतो, फकीर महतो, लाल गिरी, विकी गिरी, लाल मोहन प्रसाद, अरुण कुमार सिंह, पवन यादव, सुशील गोराई, विमल गोराई आदि शामिल थे।

## बिजली ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**गोविंदपुर।** बस्तीपुर गांव में नया बिजली ट्रांसफार्मर का उद्घाटन गुरुवार को जिप सदस्य सोहराब अंसारी एवं अधिवक्ता रहमत अंसारी ने किया। जिप सदस्य के प्रयास से पुराने ट्रांसफार्मर के स्थान पर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है तथा विभाग ने पांच बिजली पोल भी लगाया है। उन्होंने कहा कि गांव के सभी जर्जर बिजली पोल एवं तार को विभाग से बदला जाएगा।

## बाघमारा और जोगता में अवैध मुहानों की हुई भराई

कतरास। गुरुवार को बाघमारा थाना तथा जोगता थाना क्षेत्र में अवैध खनन पर रोक लगाने को लेकर अभियान चलाया गया। अवैध खनन स्थलों की भराई की गई। बाघमारा पुलिस एवं सीआइएस एफ की टीम ने जमुनिया नदी के किनारे केसरगढ़ लोहा पुल के समीप चार मुहानों को बंद करवाया। यहां टीम ने 20 टन कोयला भी जब्त किया है। जब्त कोयला को ब्लॉक टू प्रबंधन को सौंप दिया।

# पूर्व मंत्री ने की डेलिगेट्स के साथ बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता


डेलिगेट्स को संबोधित करते मिथिलेश ठाकुर

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की आगामी 14 व 15 अप्रैल को टाना भगत स्टेडियम रांची में आयोजित महा अधिवेशन की सफलता के लिए पार्टी के सक्रिय कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई। झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर गुरुवार को आयोजित इस बैठक में महा अधिवेशन की सफलता की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस महा अधिवेशन में गढ़वा से 200 सक्रिय सदस्य शामिल होंगे। मौके पर श्री ठाकुर ने कहा कि महा अधिवेशन किसी भी पार्टी का महापर्व होता है। महा अधिवेशन में सिर्फ सक्रिय कार्यकर्ता ही भाग लेते हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग महा अधिवेशन में अनुशासित ढंग से भाग लेंगे। गढ़वा के सारे लोग एक साथ ही रहेंगे ताकि वहां सबों की उपस्थिति दिखे।

इस महा अधिवेशन में झारखंड के सभी जिलों सहित विभिन्न प्रदेशों के कार्यकर्ता भाग लेंगे। इन सबों के बीच गढ़वा के डेलिगेट्स अपनी अनुशासित बेहतर छवि प्रस्तुत करेंगे। मनोज ठाकुर ने बताया कि महा अधिवेशन की सारी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। कल तक सभी लोगों का रजिस्ट्रेशन कर केंद्रीय कार्यालय को सूची सौंप दिया जाएगा। गढ़वा जिले के सभी 20 प्रखंड एवं नगर पंचायत कमेटी, जिला संयोजक, केंद्रीय समिति सदस्य आदि लोग शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि गढ़वा जिले में 50 हजार नए सदस्य बनाए गए हैं। साथ ही 189 पंचायत समिति व तीनों नगर कमेटी का गठन कर लिया गया है।

बैठक में मुख्य रूप से तनवीर आलम, शरीफ अंसारी, जवाहर पासवान, रेखा चौबे, अनिता दत्त, धनंजय तिवारी, चंदन जायसवाल, चंदा देवी, रेखा पाठक, छोटू सिंह खरवार, राजकिशोर यादव, सुनील कुमार गौतम सहित काफी संख्या में सक्रिय कार्यकर्ता शामिल थे।

# विश्व होम्योपैथिक दिवस मना


उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** देवकी महावीर होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं रिसर्च अस्पताल फरठिया गढ़वा में विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया गया। इस दौरान होम्योपैथी पर वैज्ञानिक सेमिनार का आयोजन किया गया। होम्योपैथी के जनक डॉ हैनीमैन के 270वें जन्मदिन पर उनके होम्योपैथी के प्रति अमूल्य योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत होम्योपैथी के जनक डॉ हैनीमैन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। वैज्ञानिक सेमिनार का आयोजन मुंबई से आए डॉ आलोक, डॉ कृष्णा डाफले के सहयोग से किया गया। सेमिनार का विषय ₹एक्सप्लोरिंग द डेप्थ ऑफ माइंड -बॉडी एंड सोल कनेक्शन₹ था। सेमिनार का उद्देश्य होम्योपैथी में नवीनतम प्रगति और अनुसंधान को भी समझना था। मौके पर मुख्य अतिथि बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय गढ़वा के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने होम्योपैथी को मुख्यधारा की स्वास्थ्य सेवाओं में एकीकृत करने के महत्व पर बल दिया।

# जोगतावासी आंदोलन पर उतरे, परिवहन ठप



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिजुआ।** जोगता वाटर फिल्टर प्लांट को चालू करने, लोकल सेल चालू करने सहित पांच सूत्री मांगों को लेकर जोगता के नागरिक गुरुवार को आंदोलन पर उतर आए। मोदीडीह कोलियरी के 12 नंबर कोल डंप स्थित कांटा घर के पास परिवहन कार्य रोक दिया। जिसके चलते मोदीडीह कोल डंप से कोयले की ढुलाई कार्य ठप हो गया।जोगता नागरिक समिति के बैनर तले आंदोलनरत लोगों की मांगो में लोकल सेल चालू करने, फिल्टर प्लांट चालू करने, कोयले का ग्रेड वाशरी 5 करना आदि प्रमुख है। समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार सिन्हा ने कहा कि बीते एक वर्ष से लोकल सेल के तहत कोयला उठाव बंद है। जिसके चलते असंगठित मजदूर बेरोजगार हो गए हैं। प्लांट बंद रहने से लोगों को पानी की गंभीर समस्या से जूझना पड़ रहा है। समस्याओं के निदान के लिए प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट कराया गया था। पिछले माह धरना दिया गया। प्रबंधन ने दस दिनों के अंदर समस्याओं का निदान का आश्वासन दिया था, लेकिन परिणाम सामने नहीं आया। जिसके चलते पुनः आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। काफी देर के बाद प्रबंधकीय टीम आंदोलन स्थल पर पहुंची और दो दिनों के अंदर लिखित समझौता पत्र उपलब्ध कराने का भरोसा दिया। इसके बाद आंदोलन समाप्त हुआ। करीब चार घंटे तक लोडिंग बाधित रहा। मौके पर निर्मल कुमार, अजय चौहान, संतोष पासवान, हसीब खान, असगर मियां, एस के मोबीन, मंगल चौहान, मन्नु महतो, सूरज चौहान, मन्नु चौहान आदि मौजूद थे।

खबर मन्त्र
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net
रांची. शुक्रवार. 11 अप्रैल 2025

# भारत को फायदा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए हाई टैक्स से भारतीय रिफाइनरों को अप्रत्याशित लाभ मिलने की उम्मीद है। भारत के तीसरे सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता सऊदी अरब द्वारा मई महीने के लदान के लिए एशियाई खरीदारों को तेल की कीमतों में की गई बड़ी कटौती और ट्रंप के शुल्कों के चलते तेल बाजार में बढ़ी अस्थिरता के कारण ओपेक के उत्पादन में अपेक्षा से अधिक बढ़ोतरी ने भी भारत की रिफाइनिंग कंपनियों को फायदा पहुंचाया है। इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसी कंपनियों ने इस साल इराक, सऊदी अरब और यूएई से दीर्घकालिक अनुबंधों का विस्तार किया है। ये तीनों देश मिलकर भारत की कुल कच्चे तेल की जरूरतों का 40 प्रतिशत तक आपूर्ति करते हैं। भारत इस समय एक स्वीट स्पॉट में है क्योंकि न केवल तेल की कीमतें गिर गई हैं, बल्कि रूसी तेल की कीमतें भी 50 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं, जिससे अमेरिकी प्रतिबंधों का असर खत्म हो गया है। रूसी ब्रेंट के 63 डॉलर प्रति बैरल के मुकाबले यूराल्स 15 डॉलर की छूट पर यानी 48 डॉलर प्रति बैरल पर उपलब्ध है। अब यूराल्स की कीमत इस कैप से नीचे होने के कारण भारतीय रिफाइनरों के लिए खरीदारी आसान हो गई है। हालांकि पश्चिमी शिपिंग सेवाओं का उपयोग किए बिना भी रूसी आपूर्तिकताओं के पास 100 से अधिक टैंकर हैं जो भारत तक तेल पहुंचाने में सक्षम हैं और अमेरिकी प्रतिबंधों के दायरे में नहीं आते, शिप ट्रैकिंग डेटा से यह सामने आया है। हालांकि, इन विकल्पों में दस्तावेजीकरण अधिक जटिल है। जनवरी में लगे अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद बैंक अब तेल खेपों की गहन जांच कर रहे हैं और अधिक दस्तावेजों की मांग कर रहे हैं। सऊदी अरामको ने बिक्री मूल्य में 2.30 डॉलर प्रति बैरल की कटौती की है।

## आज का राशिफल

मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

कर्क : राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# अब नयी दुनिया के लिए कमर कसे भारत

मेरे एक मित्र 1990 के दशक में सॉफ्टवेयर सेवा कंपनी चला रहे थे और मार्केटिंग विश्लेषण करते थे, जिसमें भारत और अमेरिका की नामी-गिरामी कंपनियां उनकी ग्राहक थीं। एक बार मैंने उन्हें ऐसा एल्गोरिदम बनाने में मदद करने का प्रस्ताव दिया, जिससे मार्केटिंग विश्लेषण का उनका काम बेहद जल्दी हो जाएगा। जब मैंने कहा कि उससे विश्लेषण में लगने वाला 90% समय बच जाएगा तो उन्होंने हड़बड़ाकर कहा, ह्यसबके सामने ऐसा मत बोलो भाई। हमारे बड़े क्लाइंट्स ने सुन लिया तो आधी कमाई बंद हो जाएगी! असल में मेरे मित्र की कमाई घंटे और टीम के हिसाब से होती थी। उनकी टीम में जितने लोग होते थे और किसी कंपनी के लिए विश्लेषण करने में टीम जितने घंटे लेती थी उसी हिसाब से उनकी फीस होती थी।

करीब दो दशक पहले का यह वाकया जब मेरे दिमाग में आया तो उसके साथ यह ख्याल भी आया कि 1990 के दशक में सस्ते श्रम से काम चलाने की जिस आदत का मैं विरोध करता था उसका खमियाजा हमें जल्द ही भुगतना पड़ सकता है। यह ख्याल तब और सताता है, जब मैं दुनिया भर के मीडिया में चल रही सुर्खियां देखता हूंः


तकनीकी उद्योग में छंटनी जारी है और इस साल 1,30,000 से ज्यादा आईटी कर्मचारी नौकरी गंवा चुके हैं। या इससे भी ज्यादा चौंकाने वाली सुर्खी है, 30 से 40 साल के बीच की उम्र वाले डिजाइनरों और फोटोग्राफरों के पास काम ही नहीं है..।

जब मैंने ऐसे मामलों की तहकीकात की तो मुझे भरोसा होने लगा कि भारत में ये दिक्कतें अमेरिकी अर्थव्यवस्था की परेशानियों के कारण आई हैं। एक खबर देखिए, ह्यअमेरिका के पास इस साल अगस्त में वेतन देने लायक रकम भी नहीं रहेगी.

जब मैं ऐसी खबरें पढ़ता हूं और मुझे पता चलता है कि अमेरिका कर से जितना कमा रहा है उससे ज्यादा खर्च कर रहा है और कमी की भरपाई सरकारी बॉन्ड या ट्रेजरी बॉन्ड के जरिये रकम जुटाकर कर रहा है। यह भी पता चला कि पिछले कुछ दशकों में उसने बॉन्ड से इतनी रकम जुटाई है कि 2025 के आरंभ में सरकार पर 34 लाख करोड़ डॉलर से ज्यादा कर्ज हो चुका है। यह सोचकर ही डर लगने लगता है।

अमेरिका में गूगल (अल्फाबेट), माइक्रोसॉफ्ट, एमेजॉन, ओपनएआई (चैटजीपीटी), मेटा और ऐपल जैसी बड़ी निजी तकनीकी कंपनियां हैं, जिनका पूरी दुनिया में दबदबा है। मगर वह देश गले तक कर्ज में डूबा है। आम तौर पर जवाब यही होता है कि ये निजी कंपनियां हैं सरकार नहीं और उनका मुनाफा शेयरधारकों, संस्थापकों तथा अधिकारियों के बीच बंट जाता है। अमेरिकी सरकार को इस मुनाफे में से कुछ भी बतौर कर नहीं मिलता। इसलिए ये कंपनियां अमेरिकी हैं और नवाचार की दुनिया में अगुआ हैं मगर इससे सरकार को कमाई नहीं होती। अमेरिका और दुनिया के तमाम विचारकर इसी गुत्थी को सुलझाने में लगे हैं क्योंकि अमेरिका में ऐसे ही घाटा चलता रहा और भगवान न करे अमेरिका कर्ज नहीं चुका पाया तो पूरी दुनिया में हाहाकार मच जाएगा। चीन, जापान, ब्रिटेन, भारत और सऊदी अरब जैसे देश में विदेशी मुद्रा भंडार अमेरिकी डॉलर में ही है। अमेरिका ने चूक की तो डॉलर की कीमत खाक हो जाएगी, इन देशों का विदेशी मुद्रा भंडार साफ हो जाएगा और मुद्रा बाजार बदहवास हो जाएगा। इससे आपूर्ति श्रृंखला भी बिगड़ सकती है, जिससे अमेरिका में मांग खत्म हो जाएगी और पूरी दुनिया खास तौर पर एशिया से निर्यात घट जाएगा। इसके मायने ये भी हैं कि तकनीकी ऑर्डर, सेवाओं की आउटसोर्सिंग और कच्चे माल के आयात पर चोट पड़ेगी, जिससे कई देशों को निर्यात से होने वाली कमाई घट जाएगी। भारत में तो आफत ही आ जाएगी क्योंकि अमेरिका से आईटी आउटसोर्सिंग के जरिये होने वाली कमाई एकदम कम हो जाएगी।





- अजित

> नई और कमजोर विश्व व्यवस्था की बात करते हुए किताब आगाह करती है कि चीन की तरह निर्यात पर बहुत अधिक निर्भर नहीं रहना चाहिए। लेखक कहते हैं कि नई दुनिया में अमेरिका जैसे पश्चिमी बाजार लगातार संरक्षणवादी होते जाएंगे। यह किताब पिछले साल डॉनल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुने जाने से पहले ही छप चुकी थी और आज इसमें लिखी बात सच होती दिख रही हैं।

इस गुत्थी को समझने के लिए मीडिया में जब कुछ भी नहीं मिला तो मैं किताबों की दुनिया में गया और मुझे जो पता चला वह आपको भी बताता हूं। कई किताबें इस स्थिति से जुड़ी संभावनाओं और असर की पड़ताल करती हैं। दो अच्छे उदाहरण जॉर्ज फ्रीडमैन की ह्यद स्टॉर्म बिफोर द कामह्ण और जॉन परकिंस की ह्यद एंड ऑफ द डॉलर एंपायरह्ण में मिलते हैं। फ्रीडमैन ने इस किताब में कहा है कि 2020 के दशक में अमेरिका के भीतर आर्थिक और संस्थागत उथलपुथल होगी, जो पूरी दुनिया को हिलाएगी। परकिंस की किताब समझाती है कि डॉलर का दबदबा खत्म हुआ तो क्या होगा। कुछ किताबें यह भी बताती हैं कि भारत ऐसी स्थिति से कैसे निपट सकता है। ऐसी दो किताबें हैं पराग खन्ना की ह्यद फ्यूचर इज एशियनह्ण और संजीव सान्याल की ह्यइंडिया इन द एज ऑफ आइडियाजह्ण। खन्ना का सुझाव है कि भारत को अपने आसपास के क्षेत्र में और भी घुलना-मिलना चाहिए, आपूर्ति श्रृंखला की कमान अपने हाथ में लेनी चाहिए तथा आर्थिक कूटनीति को पश्चिम से परे ले जाना चाहिए। सान्याल अपनी किताब में बताते हैं कि भारत की नीति निर्माण की प्रक्रिया खुद को वैश्विक अनिश्चितता के इस दौर के साथ कैसे ढाल रही है।

कम से कम एक किताब है, जो केवल यही बताती है कि भारत क्या कर सकता है और उसे क्या करना चाहिए झ रघुराम राजन और रोहित लांबा की ह्यब्रेकिंग द मोल्डः रीइमेजिनिंग इंडियाज इकनॉमिक फ्यूचरह्ण। इसमें भारत के लिए वृद्धि की विकेंद्रीकृत और जमीनी स्तर के नवाचार वाली नई राह सुझाई गई है, जो छोटे और मझोले उद्यमों (एसएमई) के अनुकूल व्यवस्था तैयार करने से हासिल हो सकती है। इसके साथ भारी पूंजी वाले उद्योगों को सब्सिडी देने के बजाय शिक्षा और कौशल में निवेश किया जाना चाहिए।

नई और कमजोर विश्व व्यवस्था की बात करते हुए किताब आगाह करती है कि चीन की तरह निर्यात पर बहुत अधिक निर्भर नहीं रहना चाहिए। लेखक कहते हैं कि नई दुनिया में अमेरिका जैसे पश्चिमी बाजार लगातार संरक्षणवादी होते जाएंगे। यह किताब पिछले साल डॉनल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुने जाने से पहले ही छप चुकी थी और आज इसमें लिखी बात सच होती दिख रही हैं। ट्रंप के सारे बड़े काम संरक्षणवाद से जुड़े हैं चाहे अमेरिका आने वाले माल पर आयात शुल्क बढ़ाना हो या अमेरिका से जाने वाले माल पर दूसरे देशों से आयात शुल्क घटाने की मांग करना हो। दोनों लेखक कहते हैं कि भारत को रचनात्मक देश बनना चाहिए, जो बड़े-बड़े उद्योगों का सपना न देखे बल्कि नीचे से ऊपर तक झटके झेलने के लायक बने क्योंकि बडे उद्योग दुनिया में हो रहे बदलाव की चपेट में आ जाते हैं। उनकी सलाह है कि भारत को सेवा के मामले में अपनी बढ़त, डिजिटल महारत और कर्मचारियों की भारी तादाद पर ध्यान लगाना चाहिए क्योंकि डॉलर का दबदबा या अमेरिका का एकाधिकार खत्म होने के बाद दुनिया में सबसे कीमती संपत्ति ये ही होंगी!

तो क्या भारत की आर्थिक रणनीतियों पर फिर सोचने और आने वाली नई दुनिया के लिए कमर कसने का वक्त आ गया है?

## लेटर टू एडिटर

### स्वदेशी तकनीक

**भारतीय** स्वदेशी तकनीक की वैश्विक मांग बढ़ रही है। वंदे भारत ट्रेन जैसे उदाहरण ने इसे साबित किया है; इस ट्रेन की मांग कई देशों, जैसे चिली, कनाडा और मलेशिया, में बढ़ी है। इसकी मुख्य वजह भारत में इसका कम मूल्य है—वहीं अन्य देशों में ऐसी ट्रेनें 160 से 180 करोड़ में बिकती हैं, जबकि भारत में ये 120 से 130 करोड़ में उपलब्ध हैं। भारतीय निर्माण की गति भी बेहतर है। यह सब ह्यमेक इन इंडियाह्ण के सपने को साकार कर रहा है।

**-अमृतलाल मारू, रांची**

### जंग नहीं समाधान

**इस्राइल** ने गाजा और दक्षिणी लेबनान पर बड़े हवाई हमले किए, जिसमें हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाया गया। जिसने ही चल रहे संघर्ष को जन्म दिया। हिजबुल्लाह ने जवाब में उत्तरी इस्राइल में रॉकेट दागे, जिसमें हाइफा जैसे शहर शामिल थे। वैसे जंग किसी भी समस्या का हल नहीं है।

**– रोहित शाह, हजारीबाग**

## ट्वीट

**हेमंत जी** के साथ युवा इंडिया ट्रस्ट की टीम से मुलाकात हुई और उनके द्वारा ओरमांझी में बच्चियों के लिए शिक्षा, लाइफ स्किल्स वर्कशॉप्स और फुटबॉल ट्रेनिंग जैसे कार्यक्रमों पर जानकारी ली।

**– कल्पना मुर्मू सोरेन विधायक**

**हमारी** बेटियाँ आगे बढ़ेंगी तभी पूरा समाज आगे बढ़ेगा।

जरूरी नहीं हर बार आपके शब्दों को सही समझा जाए, इसलिए कभी कभी चुप रहना ज्यादा बेहतर होता है।

**-जया किशोरी, कथावाचक**

# मीडिया, स्त्री और सनसनी

समाज

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**आज** किसी घटना की रिपोर्टिंग केवल सूचना देने तक सीमित नहीं है, बल्कि वह एक नैरेटिव, एक छवि और कभी-कभी एक पूर्वग्रह को भी जन्म देती है। जब स्त्री से जुड़ी घटनाओं की बात आती है, खासकर तब जब वह विवादास्पद हों- जैसे धोखाधड़ी, झूठे आरोप या ब्लैकमेलिंग,तो मीडिया का रुख कहीं अधिक सनसनीखेज और पक्षपाती हो जाता है। यह चिंता का विषय है।

पिछले कुछ वर्षों में कई ऐसी घटनाएं देखी गईं जहां महिलाओं पर पुरुषों को झूठे मामलों में फंसाने के आरोप लगे। कुछ मामलों में ये आरोप सही भी साबित हुए। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या इन गिने-चुने मामलों के आधार पर 'हर औरत भरोसे के लायक नहीं' जैसी सोच विकसित करना जायज है? क्या यह सही है कि मीडिया इन घटनाओं को इस तरह प्रस्तुत करे कि पूरा समाज स्त्रियों की नीयत पर शक करने लगे?

अखबार की सुर्खियां देखें या न्यूज चैनलों की हेडलाइन सुने, तो एक बात स्पष्ट नजर आती है-स्त्री से जुड़ी घटनाओं को ज्यादा उत्तेजक, भावनात्मक और आकर्षक तरीके से पेश किया जाता है। उदाहरण के लिए- प्रेमिका निकली सौतन की हत्यारिन, महिला टीचर ने छात्र से बनाए शारीरिक संबंध, बीवी ने पति को प्रेमी संग मिलकर मरवाया। ऐसी खबरें समाज में एक खास सोच को मजबूत करती हैं कि स्त्रियां कपटी, चालाक और अवसरवादी होती हैं। जबकि हकीकत यह है कि पुरुषों द्वारा किए गए अपराधों को इतनी सनसनी के साथ नहीं दिखाया जाता। वहां 'मानसिक तनाव', 'पारिवारिक दबाव' या 'सामाजिक अस्वीकृति' जैसे कारण खोज लिए जाते हैं।मीडिया अकसर स्त्री को या तो पूरी तरह पीड़ित के रूप में दिखाता है, या फिर पूरी तरह अपराधिनी के रूप में। लेकिन हकीकत इससे कहीं अधिक जटिल है। हर महिला जो धोखा देती है, वह स्वाभाविक रूप से 'बुरी' नहीं होती, और हर महिला जो पीड़ित है, वह स्वाभाविक रूप से 'पवित्र' नहीं होती। हाल के वर्षों में कई ऐसे मामले सामने आए जिन्होंने इस विषय को और जटिल बना दिया। जैसे- फर्जी यौन उत्पीड़न के आरोप लगाकर ब्लैकमेलिंग का मामला महिला द्वारा पति को फंसाकर तलाक और संपत्ति हथियाने की कोशिश। सोशल मीडिया पर 'फेमिनिज्म ' का इस्तेमाल करके जनभावनाओं का दोहन। इन घटनाओं का मीडिया में खूब प्रचार हुआ, लेकिन इनसे जुड़ी कानूनी प्रक्रिया, जांच के निष्कर्ष, या महिला के पक्ष की गहराई से पड़ताल शायद ही कभी दिखाई गई।

यह बात माननी भी गलत होगा कि पुरुष वर्ग सदैव पीड़ित होता है। सैकड़ों-हजारों महिलाएं आज भी घरेलू हिंसा, बलात्कार, यौन उत्पीड़न और मानसिक शोषण की शिकार हैं। हर साल महिला सुरक्षा से जुड़े आंकड़े भयावह तस्वीर पेश करते हैं। ऐसे में यदि कुछ मामलों में महिलाएं दोषी पाई जाती हैं, तो उससे पूरे स्त्री वर्ग को कठघरे में खड़ा कर देना न केवल अन्याय है, बल्कि सामाजिक संतुलन के लिए भी खतरनाक है।

मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा गया है, लेकिन जब यह स्तंभ टीआरपी की दौड़ में नैतिकता भूल जाए, तो समाज की नींव डगमगाने लगती है। पत्रकारिता का काम सूचना देना है, विचार बनाना नहीं। लेकिन आज मीडिया अक्सर 'मूड' बनाता है, 'मत' गढ़ता है और 'फैसला' सुनाता है। यह प्रवृत्ति न्याय व्यवस्था से भी आगे निकलने का दावा करती है-जिसे हम मीडिया ट्रायल कहते हैं।जहां मुख्यधारा मीडिया की सीमाएं हैं, वहीं सोशल मीडिया ने तो हर किसी को जज बना दिया है। व्हाट्सऐप, फॉरवर्ड, ट्विटर ट्रेंड और इंस्टाग्राम रील्स-हर जगह स्त्री के चरित्र और नीयत पर सवाल उठाए जा रहे हैं। 'हर औरत गोल्ड डिगर है', 'औरतें सिर्फ फायदे के लिए प्यार करती हैं'- हमारे समाज की सबसे बड़ी कमजोरी यही है कि हम एक घटना से पूरे वर्ग के लिए निष्कर्ष निकाल लेते हैं। किसी महिला ने धोखा दिया, इसका अर्थ यह नहीं कि हर महिला अविश्वसनीय है। उसी तरह एक पुरुष बलात्कारी निकला तो हर पुरुष को संदेह की नजर से नहीं देखा जा सकता। हमें घटना और व्यक्ति को उनके सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ में देखने की आदत डालनी होगी। आज जब मीडिया समाज की सोच को तय कर रहा है, तब पत्रकारों, संपादकों और न्यूज रूम की जिम्मेदारी कहीं अधिक है। उन्हें यह तय करना होगा कि वे 'सच दिखा रहे हैं' या 'सच बेच रहे हैं'। साथ ही, हमें (दर्शकों, पाठकों और नागरिकों) यह जिम्मेदारी लेनी होगी कि हम हर खबर पर आंख मूंदकर विश्वास न करें। समाज तब ही संतुलित रहेगा जब हम स्त्री और पुरुष दोनों को गुण, दोष, भावना और सीमाओं के साथ इंसान समझें। मीडिया अगर इस संतुलन को नहीं समझेगा तो वह सूचना का वाहक नहीं, बल्कि पूर्वग्रह का प्रसारक बन जाएगा।

# आतंकियों पर भारत के तगड़े एक्शन से खुश इजरायल

सामयिक

**अभिनय आकाश**

मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को बृहस्पतिवार को विशेष विमान से भारत लाए जाने की संभावना है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तानी मूल के 64 वर्षीय कनाडाई नागरिक राणा को लॉस एंजिलिस के ह्यमेट्रोपोलिटन डिटेंशन सेंटरह्ण में रखा गया था।

इजराइल ने पाकिस्तानी-कनाडाई आतंकवादी तहव्वुर राणा और मुंबई 26/11 हमलों के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के अमेरिका से भारत प्रत्यर्पण के कमद को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। इजराइल ने 26/11 के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण का स्वागत किया है। भारत में इजराइल के राजदूत रूवेन अजार ने गुरुवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर इस घटनाक्रम का स्वागत किया। अजार ने एक वीडियो संदेश में कहा ति मैं आतंकवादियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए और राणा को भारत लाने के लिए





भारत सरकार की दृढ़ता के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।

मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को बृहस्पतिवार को विशेष विमान से भारत लाए जाने की संभावना है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तानी मूल के 64 वर्षीय कनाडाई नागरिक राणा को लॉस एंजिलिस के मेट्रोपोलिटन डिटेंशन सेंटर में रखा गया था। अधिकारियों ने बताया कि एक बहु-एजेंसी टीम अमेरिका गई है अमेरिकी अधिकारियों के साथ सभी कागजी कार्रवाई और कानूनी प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं। प्रत्यर्पण से बचने के राणा के आखिरी प्रयास के विफल होने के बाद उसे भारत लाया जा रहा है, क्योंकि अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों ने उसके आवेदन को खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, आप सभी जानते हैं कि अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने उसकी याचिका खारिज कर दी है।

राणा को पाकिस्तानी-अमेरिकी आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली से जुड़ा माना जाता है, जो 26/11 के मुंबई हमलों के मुख्य साजिशकताओं में से एक है। 26 नवंबर 2008 को 10 पाकिस्तानी आतंकवादियों के एक समूह ने अरब सागर में समुद्री मार्ग से भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई में घुसपैठ करने के बाद एक रेलवे स्टेशन, दो आलीशान होटलों और एक यहूदी केंद्र पर हमला किया था।

साल 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों में छह अमेरिकियों समेत कुल 166 लोग मारे गए थे। इन हमलों को 10 पाकिस्तानी आतंकवादियों ने अंजाम दिया था। नवंबर 2012 में, पाकिस्तानी समूह के एकमात्र जीवित आतंकवादी अजमल आमिर कसाब को पुणे की यरवदा जेल में फांसी दे दी गई थी। जांच एजेंसी के अधिकारियों ने कहा कि राणा ने हेडली को भारत के लिए वीजा दिलाने में मदद की थी।

अहमदाबाद में आयोजित कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल झारखंड से झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह दूसरे प्रतिनिधियों के साथ।



## कार्टून वर्ल्ड




## स्पीड न्यूज

### रामगढ़ में शोभायात्रा का स्वागत



रामगढ़। भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव केअवसर पर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष मानिकचंद जैन के नेतृत्व में गुरुवार को सेंट्रल हार्डवेयर मार्ट के बाहर शोभा यात्रा का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। शोभा यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालु गण के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई। पूर्व अध्यक्ष मानिक चंद जैन ने सभी को भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर स्वामी का जीवन और उनकी दिव्य शिक्षाएं भारतीय संस्कृति, दर्शन और जीवन मूल्यों के सच्चे प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि अहिंसा, संयम और सत्य का मार्ग ही आत्मिक उन्नति, सामाजिक समरसता और वैश्विक शांति का आधार है। मौके पर जीवन जैन,प्रदीप जैन,अंकित जैन,राहुल जैन,रोहित जैन,नरेंद्र छाबड़ा,राजू सेठी, नीरज सेठी,निशांत सेठी,अरविंद सेठी,जंबू जैन,अमित जैन,मीणा जैन,उषा पाटनी, कुसुम पाटनी, रेखा जैन,सुनीता जैन,श्वेता जैन,प्रियंका जैन,अंजलि जैन,सपना जैन, बंटी जैन,सुनील जैन उपस्थित थे।

### रामगढ़ में आंधी के साथ हुयी बारिश



रामगढ़। जिला में गुरूवार को आंधी के साथ बारिश हुई। तेज आंधी से कई स्थानों पर पेड़ गिरने की सूचना है। आंधी से कच्चे घरों को नुकसान हुआ। बारिश से कुछ देर तक सड़कें सुनी नजर आई।

### अबुआ संथाल समाज का सम्मेलन



**कुजू।** अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम का सम्मेलन बजरमारी टेंट हाऊस टूटीझरना में हुआ। इसकी अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष मुंशी मांझी व संचालन जिला परगाना सचिव गंगा मुर्मू ने किया। दीपक टुडू व सोहोअ मांझी हड़ाम और नरेश हांसदा शामिल हुए। दीपक टुडू ने कहा कि अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम को पूरे राज्य में विस्तार करना है। जिसके लिए हम सभी को मिलकर इसे आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अब आने वाले समय में भारत के हर राज्य में जाकर इसकी आगे ले जाने की जरूरत है। मौके पर जिला उपाध्यक्ष शिवलाल हांसदा, चन्द्रदेव मरांडी, जिला कोषाध्यक्ष सानू सोरेन, विजय किस्कू, सकलदेव करमाली, बिश्राम मांझी, फूलचंद हेम्ब्रोम के अलावे विभिन्न पंचायत मांझी बाबा, समाज सेवीगण काफी संख्या में शामिल हुए।

### तोपा : प्राथमिक विद्यालय में चोरी

कुजू। नव प्राथमिक विद्यालय तोपा न्यू माईनस में चोरी होने को लेकर प्रधानाध्यापिका मोनिका देवी ने कुजू ओपी में आवेदन दी है। उन्होंने कहा कि 6 अप्रैल की रात चोरों ने विद्यालय से करीब 2 क्विंटल चावल, एक गैस सिलेंडर, एक गैस चूल्हा, बच्चो के खाने वाले प्लेट सहित अन्य सामग्री चोरी करके ले गए। उन्होंने पुलिस से छानबीन कर कार्रवाई की मांग की है।

### अग्रसेन स्कूल में मनी महावीर जयंती



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में गुरुवार को भगवान महावीर जयंती मनाई गई। विशेष प्रातः सभा में विद्यार्थियों को भगवान महावीर के जीवन से अवगत कराया गया। साधना सिन्हा ने बताया कि भगवान महावीर जैन धर्म के 24वें और आखिरी तीर्थंकर हैं। उन्होंने 30 वर्ष की आयु में गृह त्याग कर दिया था। गृह त्याग के बाद 12 वर्षों तक तपस्या करते हुए उन्होंने ज्ञान की प्राप्ति की थी। विद्यार्थियों को भगवान महावीर की अहिंसा और करुणा की शिक्षा का सार समझाया। दुनिया में भगवान महावीर के सिद्धांत की प्रासंगिकता के बारे में बताया गया। आचार्य लीलेश्वर पांडेय ने कहा कि महावीर जयंती मनाए जाने का मूल कारण भगवान महावीर के ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाना है।

### जीएम अजय सिंह हुये सम्मानित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बरका-सयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह को कठिन परिस्थितियों के बावजूद कोयला उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करने पर राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन ने गुरुवार को सम्मानित किया। इस दौरान यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष शशि भूषण सिंह, सचिव देवेंद्र सिंह, एसएन प्रसाद, विमल बिहारी श्रीवास्तव, मोहन मांझी, नौशाद हुसैन, रमेश राम और प्रेम पासवान ने जीएम को बुके देकर सम्मानित करते हुए बधाई दी। इस अवसर पर यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष शशि भूषण सिंह और सचिव देवेंद्र सिंह ने कहा कि जीएम अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में बरका-सयाल क्षेत्र ने यह उपलब्धि हासिल की है। जीएम का सकारात्मक दृष्टिकोण और टीम को साथ लेकर चलने की कार्यशैली सराहनीय है। हम उम्मीद करते हैं कि भविष्य में भी इसी तरह क्षेत्र तरक्की की नई ऊंचाइयों को छुएगा। सचिव देवेन्द्र सिंह कहा कि यह सम्मान न सिर्फ उनके नेतृत्व क्षमता का प्रमाण है, बल्कि क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों के परिश्रम और समर्पण का भी प्रतीक है।

### महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा



**कुजू।** श्री श्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय महायज्ञ को लेकर गुरुवार को नगर परिषद क्षेत्र के पैंकी मुंडा टोला ने गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा में शामिल करीब 271 कलशधारी नगर भ्रमण कर प्राचीन शिव मंदिर टूटी झरना पहुंचे। यहां यज्ञाचार्य रामशरण गिरी जी महाराज, मनीष कुमार पांडेय एवं उनके सहयोगियों ने यजमान बने बरतू मुंडा, फूलो मुंडा, मनोज मुंडा, सुरेश मुंडा,चूरामन मुंडा, धनेश्वर मुंडा, विकास रविदास सपत्नीक के हाथों विधिवत पूजा अर्चना कराया गया। इसके उपरांत कलशधारी अपने कलश में जल को भरकर पुनः यज्ञ मंडप पहुंचे, जहां कलश को स्थापित किया गया।

# हजारीबाग में पानी की बर्बादी

## कई जगहों पर फटे पाइप, नगर निगम बना तमाशाबीन

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** जब शहर प्यासा हो और पानी सड़कों पर बहता हो, तो समझिए व्यवस्था बीमार है और जिम्मेदार बेपरवाह। हजारीबाग में गर्मी ने लोगों की नाक में दम कर रखा है। हर बूंद के लिए तरसती जनता देख रही है– कैसे रोजाना हजारों लीटर पानी यूं ही बर्बाद हो रहा है, और नगर निगम? वो खामोश तमाशबीन बना बैठा है। स्टेडियम मार्केट में राज रेस्टोरेंट के सामने सरकारी जलापूर्ति पाइप एक महीने से फटा पड़ा है। पानी तेज बहाव में सड़क पर दौड़ रहा है, लेकिन जिम्मेदार अफसर आंख मूंदे बैठे हैं। हैरानी की बात यह है कि ये वही पाइप है जिसे महज तीन महीने पहले ही बिछाया गया था। सवाल उठता है कि क्या सिर्फ टेंडर और कमीशन के लिए ही काम होता है?

यह अकेली जगह नहीं है। रविंद्र पथ से लेकर होटल अमरपाली, बड़ा बाजार थाना, संत कोलंबस स्टेडियम और साकेत पुरी मोड़ तक–जगह-जगह फटी पाइपलाइनें हैं। हालात ऐसे हैं कि हर दिन लाखों लीटर पानी यूं ही नाली में बह जाता है। जब जनता टंकी का पानी भरने के लिए घंटों लाइन में खड़ी रहती है, तब पाइप से बहता यह पानी दिल को चीर देता है। यह न सिर्फ संसाधनों की बर्बादी है, बल्कि जनता के हक का सीधा अपमान है। समाजसेवी अभिषेक कुमार ने अपनी टीम के साथ घटनास्थल का दौरा किया और नगर निगम की चुप्पी पर कड़ा सवाल उठाया कि क्या नगर निगम सिर्फ टैक्स वसूलने के लिए है या जनता की सेवा के लिए। भूजल स्रोत से प्राप्त जल की बर्बादी कानूनन अपराध है। इसमें पांच साल की सजा और एक लाख रुपए का जुमार्ना हो सकता है। लेकिन जब गुनहगार ही सिस्टम हो, तो सजा कौन देगा? हजारीबाग तेजी से जल संकट की ओर बढ़ रहा है। अगर अब भी मरम्मत और निगरानी की व्यवस्था नहीं हुई, तो हालात भयावह हो जाएंगे।अब वक्त है कार्रवाई का, नहीं तो जनता का गुस्सा और पानी–दोनों फूट सकते हैं। बहता पानी अब सवाल पूछ रहा है कि आखिर ये किसकी ज़िम्मेदारी है?

## बरही के रविदास टोला में जलमीनार अधूरा, पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** मलकोको पंचायत के रविदास टोला में जल मीनार का निर्माण कार्य पिछले 2 वर्षों से अधूरा पड़ा है। इसके कारण ग्रामीण शुद्ध पेयजल के लिए तरस रहे है। करीब दो वर्ष बीत जाने के बावजूद भी निर्माण कार्य नहीं हुआ पूरा। यहां लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। आधा-अधूरा बना जल मीनार का टंकी के लिए जमीन भी उपलब्ध कराया था। आलम यह है कि अप्रैल माह में ही भीषण गर्मी पड़ रही है। जिसके कारण कुएं भी सूखने लगे है। अगर काम इतना धीमी होगी तो इस साल भी शुद्ध पेयजल नहीं मिल पाएगी। ग्रामीणों ने कहा कि इतनी धीमी गति से काम शुरू किया गया। उसके बावजूद भी इतने दिनों से इसे अधूरा ही छोड़ दिया गया है। जब जल मीनार का निर्माण कार्य शुरू हुआ तो ग्रामीणों के मन में एक उम्मीद जगी कि अब हम सभी को भी पीने के लिए स्वच्छ और शुद्ध पानी मिलेगा।

लेकिन गांव के ग्रामीण अब इंतजार करते-करते थक चुके हैं। इस संबंध में गांव के गुलाब दास ने बताया कि करीब दो वर्ष पहले जल मीनार का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। अब तक करीब दो वर्ष बीत चुके हैं, उसके बावजूद भी इसका निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। कई बार ठेकेदार द्वारा आश्वासन दिया गया कि जल्द ही पानी टंकी का निर्माण करा दिया जाएगा लेकिन वह भी सिर्फ कहने और सुनने की बात ही रह गई। अभी तक जल मीनार का निर्माण पूरा करने का कार्य अधूरा पड़ा है। उन्होंने ने अविलंब जल मीनार का निर्माण पूरा कराने की मांग की है। ताकि सैकड़ों घरों के लोगों की प्यास बुझ सके। इस संबंध में पूछे जाने पर ठेकेदार अमर कुमार यादव ने बताया कि एक-दो दिनों के अंदर जल मीनार का निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

# केंद्र की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचायें कार्यकर्ता : सांसद

▶▶ भुरकुंडा में सांसद आदित्य साहु ने बूथ स्तर पर भाजपा को मजबूत करने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद सह प्रदेश महामंत्री आदित्य साहु गुरुवार को भुरकुंडा बिरसा चौक पहुंचे। जहां उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता अशोक सोनी के आवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने बूथ अध्यक्षों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। आदित्य साहु ने कहा कि सभी कार्यकर्ता निरंतर जनसंपर्क में रहें और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने झारखंड सरकार को विकास विरोधी बताते हुए कहा कि राज्य सरकार की विफलताओं को जनता के बीच ले जाना हमारा दायित्व है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने-अपने बूथों को सशक्त बनाने की अपील की। ताकि आने वाले समय में राज्य से भ्रष्टाचारियों की सरकार को उखाड़ फेंके। श्री साहु पतरातू में आयोजित सक्रिय सदस्य सम्मेलन में भाग लेने जा रहे थे। मौके पर डॉ. संजय सिंह, सतीश मोहन मिश्रा, सागर दांगी, योगेश दांगी, संजीव कुमार बावला, लक्ष्मी कुमारी, महेन्द्र सिंह, अशोक सोनी, अमरेश सिंह, दिनेश प्रसाद, राजेन्द्र मुंडा, कविता देवी, अरुण पाण्डेय, राकेश जायसवाल, जनार्दन सिंह, जयप्रकाश पाण्डेय, विनोद कुमार, सत्य प्रकाश राय, काला बाबू, झागु बेदिया, देवेन्द्र सिंह, अरविंद मेहता, सोनू कुशवाहा और भुरकुंडा मीडिया प्रभारी आकाश साहु सहित कई भाजपाई मौजूद थे।

### बरही में बारिश से गर्मी से राहत

**बरही।** मौसम ने बदला मिजाज, बरही में हल्की बारिश ने दिलाई गर्मी से राहत। अप्रैल माह शुरू होते ही भीषण गर्मी पड़ रही थी। गुरुवार को अचानक मौसम ने करवट बदली। दोपहर के बाद हुई बारिश और ठंडी हवाएं भी चलीं, जिससे मौसम सुहाना हो गया। गर्मी से लोग परेशान थे। पिछले कई दिनों से सूरज की तपिश बढ़ती जा रही थी। लोग बादलों और बारिश का इंतजार कर रहे थे। बारिश ने इस भीषण गर्मी से राहत दी है। लोग इस सुहाने मौसम का लुत्फ उठाते नजर आए। बता दें कि इन दिनों भीषण गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। गुरुवार की सुबह से ही हल्के बादल छाए रहे। दोपहर दो बजे के बाद बारिश और हल्की हवा ने कूलर-पंखे फेल कर दिए और लोगों ने सुहाने मौसम का लुत्फ उठाया।

## श्री राम पावर एंड स्टील के ठेकेदार 500 मजदूरों का पैसा लेकर फरार



**कुजू।** तीन माह के बकाया मजदूरी की भुगतान को लेकर नया मोड़ आरा हीरक सड़क स्थित श्रीराम पॉवर एंड स्टील प्लांट के ठेका मजदूरों ने मुख्य गेट को जाम कर दिया। जिससे प्लांट का कामकाज बाधित हो गया। बाद में कुजू ओपी पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मजदुरी भुगतान शुरू किया गया। जाम कर रहे ठेका मजदूरों ने बताया कि ठेकेदार अरुण मिश्रा के माध्यम से प्लांट में कार्यरत करीब पांच सौ मजदुर विगत तीन माह से भूखमरी की मार झेल रहे हैं। ठेकेदार से मजदुरी की मांग पर सिर्फ ओर सिर्फ आश्वासन मिल रहा था। दो दिनों पूर्व ठेकेदार प्लांट से बीस लाख रुपए लेकर मजदूरों को भुगतान किए बिना ही फरार हो गया है। ऐसे में हम मजदूरों के पास आंदोलन ही एक रास्ता था। कर्मियों ने प्लांट प्रबंधन द्वारा सुरक्षा इंतजाम न देने का आरोप लगाया। काम के दौरान घायल हुए अर्जुन महतो, गुलाब महतो, रामशीष मौर्या व राजू खान ने जख्म को दिखाते हुए ईलाज की कोई व्यवस्था न देने की बात कही। आंदोलन में अंकित सिंह, संजय कुशवाहा, पंकज सिंह, प्रशांत सिंह, राजेंद्र महतो, अशोक ठाकुर, लालू कुमार यादव, दुर्गेश मौर्या, तिलेश्वर महतो, धनेश्वर महतो, सुरेंद्र महतो, धनंजय सिंह, राजेश कुमार महतो आदि शामिल हुए।

### चुरचू में ओलावृष्टि

**चरही ।** चुरचू प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में गुरुवार को अचानक मौसम ने करवट लिया।गरज के साथ बारिश और ओलावृष्टि हुई। क्षेत्र में अचानक तेज आंधी-तूफान चलने लगे। बादल गरजने लगे। कुछ देर बाद बूंदा-बांदी शुरू हो गई। इसके बाद अचानक प्रकृति ने अपना रौद्र रूप धारण करने के साथ तेज बारिश और ओलावृष्टि होने लगी। प्रखंड के बहुत सारे क्षेत्र में ओलावृष्टि के कारण सफेद हो गया। एक मनोरम दृश्य देखने को मिला।एक तरफ जहां तेज गर्मी से लोगों को राहत मिली वहीं दूसरी तरफ बेजुबान जंगली जानवरों, मवेशियों को ओलावृष्टि से घायल होने की खबर है।साथ में प्रखंड में लगे रवि फसल गेहूं-जौ जो पक चुके हैं।उसका भारी नुकसान होने का अनुमान है।

### राजी पड़हा प्रार्थना सभा संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा पाली के तत्वावधान में बुधवार को सरना प्रार्थना सभा की तीसरी वर्षगांठ उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर सरहुल पूजा के दूसरे दिन आयोजित इस कार्यक्रम में झंडागड़ी, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव, झामुमो के केंद्रीय सचिव सह हजारीबाग जिलाध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया केंद्रीय अध्यक्ष राजी पड़हा सरना प्रार्थना निरज मुंडा, धर्म गुरु रामगढ़ संदिप टोप्पो, केंद्रीय उपाध्यक्ष राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा छोटेलाल करमाली, उत्तरी छोटनागपुर अगुवा रामदेव उरांव, जिला पार्षद जयराम बेदिया, पाली मुखिया रेखा देवी, पंसस छोटेलाल बेदिया, जगमोहन बेदिया, महावीर सिंह, हरिलाल बेदिया, देव मुंडा मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।

# जतराटांड़ में पांच दिवसीय हनुमंत महायज्ञ शुरू



**कुजू।** श्री श्री 1008 हनुमंत मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह पंच दिवसीय महायज्ञ को लेकर करमा जतराटांड़ में भव्य कलश यात्रा निकाला गया। इस दौरान करीब 301 कलशधारी करीब 15 किलोमीटर की दूरी तय कर क्षेत्र के प्रसिद्ध टूटी झरना मंदिर पहुंचे। यहां यज्ञाचार्य नरेश पांडेय एवं उनके सहयोगी पंडितो ने सर्वप्रथम प्रायश्चित का कार्य संपन्न कराते हुए यजमान बने मोहरलाल मुंडा, महादेव मुंडा, जगरनाथ मुंडा, सुखलाल महतो, पारसनाथ महतो सपत्नीक को पूजा अर्चना कराया। तत्पश्चात सभी कलश यात्री जल भरकर यज्ञ मंडप की ओर प्रस्थान किए। इधर श्रद्धालुओं के लिए गर्मी को देखते हुए लोगों द्वारा जगह जगह पानी और शरबत की व्यवस्था की गई थी। कलश यात्रा यज्ञ मंडप पहुंचने के उपरांत कलशधारियों द्वारा कलश को स्थापित किया गया। जिसके बाद पञ्चांग पूजन, मंडप प्रवेश, कुंड पूजन, अग्नि स्थापन आदि धार्मिक अनुष्ठान कार्य संपन्न कराया गया। इससे पूर्व रात्रि में कथा के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त और राष्ट्रपति के हाथों से सम्मानित नौ वर्षीय विदुषी अनुष्का पाठक (उत्तरप्रदेश ) के मुखारविंद से रामचरित मानस और श्रीमद भागवत की संगीतमय कथा के साथ श्रोताओं ने रामलीला का भरपुर आनंद लिया। सीसीएल सौंदा डी और हेंदेगीर परियोजना पदाधिकारी रामेश्वर मुंडा, जिप सदस्य तापेश्वर महतो, पूर्व मुखिया शक्ति कुमार महतो, सोशल वर्कर तेजू राम ने कलश प्रदान कर कलश यात्रा के लिए विदा किया। मौके पर संरक्षक धनेश्वर महतो, अशोक कुमार मुंडा, दशरथ मुंडा, अध्यक्ष नरेश मुंडा, उपाध्यक्ष जितेंद्र महतो, सचिव मोहरालाल महतो, सह सचिव बृजलाल महतो, कोषाध्यक्ष सुभाष मुंडा, समाजसेवी गुड्डू वर्मा, माथुर सोनी, बालेश्वर महतो, किन्नू राम, डोमन ठाकुर, पंकज महतो, मनपुरन सोनी, दुलारचंद महतो, मनीष कुमार मुंडा, गोपाल महतो, रामलाल साव, चंदन मुंडा, करण मुंडा, मानेश्वर मुंडा, समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### इचाकः सीएम आदर्श विद्यालय में नामांकन शुरू




इचाक। सीएम आदर्श उच्च विद्यालय ने नए सत्र के लिए नामांकन हुआ शुरू। इस बार छात्रों को निःशुल्क ड्रेस भी दी जा रही है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि सीमित सीटों पर नामांकन पहले आओ, पहले पाओह्व के आधार पर किया जा रहा है। विद्यालय की कोर कमेटी के सदस्य प्रो. मनोज कुमार ने बताया कि यह स्कूल झारखंड सरकार से स्थायी मान्यता प्राप्त है और यहां प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा उच्च गुणवत्ता की शिक्षा दी जाती है। विद्यालय के सचिव मनीष कुमार ने बताया कि कक्षा 1 से 5 तक की पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम, जबकि कक्षा 6 से 10 तक हिंदी माध्यम में कराई जाती है। साथ ही, आधुनिक शिक्षा प्रणाली और गतिविधियों को भी पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। प्रधानाध्यापक जीवन कुमार ने अभिभावकों से कहा कि नामांकन कराएं, क्योंकि सीटें सीमित हैं। मौके पर युगेश कुमार, मुन्ना पांडे, वासुदेव पांडे, राजेश प्रसाद, ओंकार मेहता, सत्येंद्र राणा और धर्मेंद्र कुमार दास ने भी इचाक के लोगों से अपील की कि वे अपने बच्चों को इस विद्यालय में नामांकित कर सरकारी योजनाओं और विद्यालय की बेहतरीन सुविधाओं का लाभ उठाएं।

### हरली में महेंद्र विश्वकर्मा के घर पर हमला



दारू । हरली गांव में बुधवार रात उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक घर पर सैकड़ों की भीड़ ने अचानक धावा बोल दिया। यह हमला रात करीब 9 बजे महेंद्र विश्वकर्मा के घर पर हुआ, जिसमें घर की खिड़कियां और दरवाजे तोड़ दिए गए और पूरे परिवार के साथ मारपीट की गई। पीड़ित महेंद्र विश्वकर्मा के मुताबिक, हमलावर शराब के नशे में धुत थे और आते ही तोड़फोड़ शुरू कर दी। जैसे ही उन्होंने दरवाजा खोला, उनका गला दबा दिया गया, जिससे उनका दम घुटने लगा। इसके बाद भीड़ ने घर में घुसकर उनके परिजनों को बेरहमी से पीटा। इस हमले में बादल विश्वकर्मा को सिर में गंभीर चोट लगी जबकि गीतू कुमारी के हाथ में चोट आई। महिलाओं और बच्चों को भी नहीं छोड़ा गया। स्थानीय लोगों की मदद से परिवार को बचाया गया। एक महिला ने हिम्मत दिखाते हुए छत से घटना का वीडियो बनाना शुरू किया, जिससे घबराकर हमलावर भागने लगे। पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन पुलिस के पहुंचने तक हमलावर फरार हो चुके थे। बताया जा रहा है कि यह हमला 8 अप्रैल को मूर्ति विसर्जन के दौरान हुए विवाद का नतीजा है। उस दिन एकादशी के जुलूस में दो पक्षों में बहस हुई थी, जिसे सुलझाने के लिए बैठक की बात चल रही थी। लेकिन इससे पहले ही बुधवार रात यह हिंसक घटना हो गई। पीड़ित परिवार ने थाने में शिकायत की। परिवार ने सख्त कार्रवाई की मांग की।

### रामदेव खरिका में निकली कलश यात्रा

दारु। रामदेव खरिका में गुरुवार को एक अद्भुत और आस्था से परिपूर्ण दृश्य देखने को मिला, जब दुर्गा मंडप से 401 महिलाओं और युवतियों ने कलश लेकर कवालु नदी की ओर भव्य शोभायात्रा निकाली। वैदिक मंत्रोच्चार और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच श्रद्धालु भक्तिभाव से ओतप्रोत दिखे। आचार्य कामेश्वर पंडित और सुबोध पंडित ने संयुक्त रूप से बताया रामदेव खरिका का देवी मंडप का जीणोर्धार किया गया इसे लेकर तीन दिवसीय दुर्गा पाठ का आयोजन किया गया है जिसमें गुरुवार को कलश यात्रा निकाली गई है। त्रिदिवसीय यज्ञ महोत्सव की शुरूआत इस कलश यात्रा से हुई, जहां श्रद्धालुओं ने जय श्री राम और जय माता दी के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। नदी से पवित्र जल भरकर, सभी ने विधिपूर्वक कलशों को मंडप में स्थापित किया। पूरा क्षेत्र धार्मिक उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। लोगों ने इस आयोजन को एक आस्था का महापर्व बताया और बड़ी संख्या में इसमें भाग लिया। आने वाले दो दिनों तक मंडप में हवन-पूजन और प्रवचन का आयोजन किया जाएगा।

### सड़क के किनारे मिला बीमार अज्ञात बच्चा

बरही। बरही पुलिस ने मानवता दिखाते हुए पंचमाधव जीटी रोड़ किनारे बीमार हालत में पड़ा एक अज्ञात बालक का रेस्क्यू किया है। करीब 14 वर्ष का यह बालक मंगलवार की रात्रि में गंभीर रूप से बीमार हालत में सड़क किनारे पड़ा था, वह कुछ बोल नहीं पा रहा है। सड़क किनारे पड़ा उस बालक पर बरही थाने की पेट्रोलिंग पुलिस टीम की नजर पड़ी। पुलिस ने उसे त्वरित उसे उठाकर अपने वाहन से बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां बालक का ईलाज जारी है। बीमार बालक को मदद करने में योगदान दे रहे बरही थाना के एसआई सुशील कुमार ने बताया कि बालक बीमार हालत में मिला। जो कुछ बोल नहीं पा रहा है। फिलहाल उसका ईलाज सदर अस्पताल में करवाया जा रहा है। अज्ञात बालक मिलने की सूचना पुलिस द्वारा चाइल्ड हेल्थ लाइन और सीडब्लूसी को दे दी गई है। बच्चे का नाम और पता की जानकारी लेने में जुटी पुलिस।

### मलकोको में गुरुवार को नहीं खुला आंगनबाड़ी केंद्र

बरही।मलकोको पंचायत सचिवालय स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 39 गुरुवार को सुबह 11:13 बजे बंद पाया गया। आंगनबाड़ी केंद्र में न सेविका न सहायिका थी और न बच्चे थे। आंगनबाड़ी केंद्र में ताला लटका हुआ था। जब आंगनबाड़ी केंद्र बंद होने का कारण फोन के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका वीणा देवी से पूछा गया तो उन्होंने टालमटोल करते हुए कहा कि आज, गुरुवार को आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की उपस्थिति बहुत कम थी और गांव में किसी की मौत हो गई थी। इसलिए हम लोग वहां गए थे। जिसके कारण आंगनबाड़ी केंद्र बंद था।आंगनबाड़ी केंद्र की पर्यवेक्षिका रुखसाना प्रवीण से बात की गई तो उन्होंने कहा कि गुरुवार को आंगनबाड़ी केंद्र बंद रखने का कोई सरकारी आदेश नहीं है। आंगनबाड़ी केंद्र प्रत्येक दिन सुबह 9.30 बजे 1.30 बजे खुला रखना है।अगर शुक्रवार को आंगनबाड़ी केंद्र बंद है तो सेविका व सहायिका से बात की जाएगी।

### शिक्षक अनु कुमारी को कराटे में मिला गोल्ड



बड़कागांव।बड़कागांव ठाकुर मुहल्ला निवासी एवं बी.एम. मेमोरियल स्कूल शिक्षक अन्नु कुमारी 8 अप्रैल को साई नाथ विश्वविद्यालय रांची में अरिजीत कराटे राष्ट्रीय स्तर पर बाऊच तथा राज्य स्तर पर गोल्ड मेडल लाने पर उन्हें प्रमाण पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया।जिसमें अनु कुमारी को गोल्ड मेडल तथा बेस्ट खिलाड़ी का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने जिसका श्रेय अपने कराटे टीचर शशि पांडे एवं प्रमोद पाठक एवं अपने घर परिवार को दिया।इस सम्मान पर बधाई देने में विधायक रोशन लाल चौधरी,पूर्व विधायक अंबा प्रसाद,जिप सदस्य सुनीता देवी,याशमीन निशा,बीएम मेमोरियल स्कूल निर्देशक सन्दीप कुशवाहा,उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा दिनकर ,प्राचार्य कैलाश कुमार ,उपप्राचार्य पूनम कुमारी,रंजीत कुमार,वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान,आनंद कुमार पासवान,महेंद्र कुमार, सुमित कुमार,सोनू कुमार ,मुकेश कुमार,ऋषभ अग्रवाल,राजेश कुमार रवि,मनीषा कुमारी,देवंती देवी,अफसाना परवीन,स्नेहा कुमारी,नेहा कुमारी,गंगा भारती,अंजली कुमारी,सुमन कुमारी,लाल सुभाष कुमार,दुर्गा,संजु देवी सहित अन्य शामिल हैं ।

### पंचायत भवन के पीछे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

बरही। बरही पूर्वी पंचायत भवन के पीछे गुरुवार की दोपहर में अधेड़ एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरही थाने की पुलिस ने बरामद किया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम बरही अनुमंडलीय पोस्टमार्टम हाउस में करवाने के बाद उसे हजारीबाग शीत गृह भेज दिया। बरही थाना प्रभारी इंस्पेक्टर आभाष कुमार ने बताया कि शव की पहचान के लिए लगातार प्रयास जारी है।

# कोडरमा में ट्रक ने कार को मारी टक्कर
# भीषण सड़क दुर्घटना में छह घायल

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** कोडरमा घाटी में गुरुवार की दोपहर ट्रक और कार की जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पसई थाना नारदीगंज जिला नवादा बिहार निवासी श्रीकांत कुमार अपने माता-पि ता, पत्नी और दो बेटियों के साथ नारदीगंज से धनबाद कार पर सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान कोडरमा की ओर से आ रही ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में कार सवार समेत सभी लोग घायल हो गए। वहीं घटना के बाद हाइवे पेट्रोलिंग पुलिस द्वारा सभी घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं घायलों की पहचान 64 वर्षीय चंद्रदेव पासवान पिता सद्धी दुसाध, 37 वर्षीय श्रीकांत कुमार पिता चंद्रदेव पासवान, 57 वर्षीय सबिता देवी पति चंद्रदेव पासवान, 34 वर्षीय संजू देवी पति श्रीकांत कुमार, 17 वर्षीय मुस्कान कुमारी एवं 10 वर्षीय आयुषी कुमारी पिता श्रीकांत कुमार के रूप हुई है। वहीं सदर अस्पताल में घायलों के प्राथमिक उपचार के बाद तीन घायलों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

# सात दिनों से लापता दोनों बच्चे सकुशल बरामद
## परिजनों में खुशी का माहौल

खबर मन्त्र संवाददाता



**हंटरगंज/चतरा।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के तिलहेत पंचायत अंतर्गत चतरीमीव टोला से सात दिनों से लापता दो बच्चों को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। बच्चों की सुरक्षित वापसी से परिजनों में खुशी का माहौल है। 2 अप्रैल की शाम दोनों बच्चे टहलने निकले थे, लेकिन उसके बाद से घर नहीं लौटे। बच्चों के लापता होने से परिवार वाले काफी चिंतित थे और किसी अनहोनी की आशंका से परेशान थे। परिजनों ने हंटरगंज थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गायब बच्चों में राजेश भुइयां का 14 वर्षीय पुत्र सुभाष कुमार और बाबूलाल भुइयां का 16 वर्षीय पुत्र रामबीरवल भुइयां शामिल हैं। सुभाष सातवीं कक्षा में पढ़ता है, जबकि रामबीरवल नौवीं कक्षा का छात्र है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए छानबीन शुरू की और दोनों बच्चों को सुरक्षित बरामद कर लिया। बच्चों की बरामदगी के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस के प्रयास की सराहना की। पुलिस ने कहा कि बच्चों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## नगर पंचायत वार्ड चार में नाली का पानी खोल रहा पोल

**कोडरमा।** नगर पंचायत क्षेत्र वार्ड नंबर 4 में नाली का पानी खोल पोल रही है। ताजा मामला वार्ड नंबर चार में हल्की बारिश में कई दिनों से नाली का पानी घरों में घुस जाने के कारण काफी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि नाली को ठीक से साफ-सफाई नहीं किया गया है, घर में पानी घुस जाता है, गंदी के कारण डेंगू का प्रकोप बढ़ रहा है और लोग बीमारियों से सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान नगर प्रशासक से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि नाली कल साफ कराया जाएगा।

## प्रधानाध्यापक पर सरकारी राशि गबन का मामला दर्ज

**कोडरमा।** प्रखंड के बीइओ जगन्नाथ प्रसाद ने सरकारी राशि गबन मामले में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय खलकथंबी के पारा शिक्षक सह प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार पर मामला दर्ज कराया। दर्ज मामले में धर्मेंद्र कुमार के अलावे तत्कालीन अध्यक्ष एसएमसी संजय कुमार को भी आरोपी बनाया गया है। वहीं बीइओ ने बताया कि उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय खलकथंबी के बैंक खाता में वित्तीय वर्ष 2012-13 में भवन निर्माण के लिए 11,07,300 रुपये, शौचालय निर्माण के लिए 72 हजार, फेब्रिकेटेड शौचालय के लिए 35 हजार तथा बिजली वायरिंग के लिए 25 हजार और बेंच-डेस्क क्रय के लिए 52 हजार रुपया हस्तांतरित हुआ था, परंतु पारा शिक्षक सह प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार और तत्कालीन एसएमसी अध्यक्ष संजय कुमार द्वारा अब तक न तो विद्यालय में असैनिक कार्य पूर्ण कराया गया और न ही अग्रिम राशि सूद सहित वापस लौटायी गयी।

### सीपीएम महाधिवेशन में कॉरपोरेट परस्त सांप्रदायिक एजेंडा, महंगाई व बेरोजगारी के खिलाफ
# निरंतर संघर्ष का आह्वान : संजय पासवान




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** भाजपा आरएसएस के नेतृत्व वाली मोदी सरकार की साम्राज्यवाद कॉरपोरेट परस्त, नफरती सांप्रदायिक हिन्दुत्व एजेंडा, महंगाई व बेरोजगारी के खिलाफ निरंतर संघर्ष चलाने का आह्वान मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की 24वें महाधिवेशन में किया गया। ज्ञात हो कि 2 से 6 अप्रैल तक तमिलनाडु के मदुरै में सीपीएम की 24वें महाधिवेशन आयोजित किया गया था। वहीं अधिवेशन से लौटकर माकपा के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने कहा कि पार्टी अधिवेशन में देश के संविधान, फेडरल ढांचे और लोकतंत्र पर हिंदुत्व-कारपोरेट गठजोड़ के नव फांसीवादी हमले के खिलाफ और मेहनतकशों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष को और धारदार करने का संकल्प लेते हुए पार्टी को स्वतंत्र शक्ति को बढ़ाए जाने का आह्वान किया है। उल्लेखनीय है कि भूतपूर्व महासचिव सीताराम येचुरी के आकस्मिक निधन के बाद महासचिव का पद तो बदलना ही था, मगर अगर कॉमरेड सीताराम जिंदा भी होते तो उनका यह अंतिम कार्यकाल होता, क्योंकि तीन बार से ज्यादा कोई एक पद पर नहीं बने रह सकते, यही पार्टी का नियम है। इससे पहले कॉमरेड प्रकाश करात भी तीन कार्यकाल के बाद खुद ही हट गए थे। तीन कार्यकाल का नियम उनके ही नेतृत्व में 20वीं पार्टी कांग्रेस में पारित हुआ था। यहां गौर करने वाली बात यह है कि एक ही बार में एक से एक बड़े नेता जिनमें भूतपूर्व मुख्यमंत्री तक शामिल हैं, नए पीढ़ी को मौका देने के लिए खुद ही नेतृत्व से मुक्त हुए हैं। प्रकाश करात, मानिक सरकार, बृन्दा करात, सुर्यकांत मिश्रा जैसे दिग्गज 75 साल की उम्र के कारण पार्टी के पोलित ब्यूरो से स्वयं हट गए हैं और नए पीढ़ी के नेताओं को पोलित ब्यूरो में लाया गया है। 85 सदस्यीय केंद्रीय कमिटी में 30 नये चेहरे हैं, जिनमें महिलाओं की संख्या 20 प्रतिशत है। झारखंड के राज्य सचिव कॉमरेड प्रकाश विप्लव एक बार फिर से केन्द्रीय कमिटी सदस्य चुने गए। 18 सदस्यीय पोलित ब्यूरो में 8 नए लोगों को लिया गया। छात्र राजनीति से शुरू करने वाले केरल के पूर्व शिक्षा मंत्री व पोलित ब्यूरो सदस्य कॉमरेड एमए बेबी सर्वसम्मति से सीपीएम के महासचिव चुन लिए गए। आजीवन अपने पद से चिपके रहने वाले और अपने बाद अपने बेटों बेटियों रिश्तेदारों को नेता बनाने वाले जमाने में कम्युनिस्ट आज भी आदर्श और सिद्धांत पर जीते हैं। आज भी कम्युनिस्ट पार्टी सबसे बेहतर पार्टी है। मोदी सरकार की साम्राज्यवादपरस्त और कर्पोरेटपरस्त नीतियों के खिलाफ. उसकी सांप्रदायिक मुहिम के खिलाफ आंख में आंख डालकर लड़ाई लड़ी जाएगी। यह हौसला केवल वामपंथी ताकतों में ही है। जिसकी घोषणा माकपा ने अपने राष्ट्रीय अधिवेशन के जरिए की है। झारखंड से समीर दास, संजय पासवान, प्रफुल्ल लिंडा, सुफल महतो, सुखनाथ लोहरा, शिवानी पाल, विश्वजीत देव, रामकृष्णा पासवान, सुरेश मुंडा एवं नादर हुसैन पार्टी अधिवेशन में भाग लिए।

## मां दुर्गा व महाकाली के प्रतिमा को श्रद्धालुओं ने दी नम आंखों से विदाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड में बुधवार की देर शाम मां दुर्गा और महाकाली के जयकारे के साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता रानी व महाकाली को विदाई दी। विदाई के पूर्व मां के भक्तों ने अगले साल फिर आना मां कहकर जगत के कल्याण के लिए मां को अगले वर्ष आने का निमंत्रण भी दिया। इस दौरानदुर्गा मंडप से माता रानी वपश्चिम मोहल्ला के महाकाली मंदिर से प्रतिमा को देर रात्रि वाहनों पर प्रतिमाओं को सजाकर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में काफी संख्या में बच्चे, बूढ़े, युवक, युवतियां व महिलाएं शामिल हुईं। शोभायात्रा में ढोल गाजे बाजे की धुन पर युवक थिरकते रहे एवं बच्चे जयकार लगा रहे थे। वहीं महिलाएं पारंपरिक गीत गाते चल रही थीं।

# ट्रांसफार्मर जलने से सैकड़ों घरों में अंधेरा
## बिजली विभाग की लापरवाही से ग्रामीण नाराज

खबर मन्त्र संवाददाता



**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड के धनगड़ा पंचायत अंतर्गत रक्सी गांव में पिछले पंद्रह दिनों से ट्रांसफार्मर जला हुआ है, जिससे सैकड़ों उपभोक्ताओं को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। गांव में अंधेरा छाया हुआ है और लोग बिजली की सुविधा से वंचित हैं।जानकारी के अनुसार, मिश्रौल पीएसएस अंतर्गत धनगड़ा फीडर के रक्सी गांव में तालाब के पास दो 25 केवी ट्रांसफार्मर लगाए गए थे। इनमें से एक ट्रांसफार्मर एक माह पहले ही खराब हो गया था। इसके बाद विभाग द्वारा दूसरे ट्रांसफार्मर से सभी उपभोक्ताओं को बिजली दी जा रही थी, लेकिन वह भी अधिक लोड के कारण खराब हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि उपभोक्ताओं की संख्या ज्यादा होने से बार-बार ट्रांसफार्मर जल रहा है। लोगों ने विभाग से 100 या 63 केवी क्षमता वाला ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है, ताकि बार-बार होने वाली परेशानी से राहत मिल सके। ग्रामीणों ने विधायक, सांसद, पंचायत प्रतिनिधियों और बिजली विभाग के अधिकारियों को कई बार सूचना दी, लेकिन अब तक नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया है। इस लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है।

# हॉली चाइल्ड स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** झुमरीतिलैया विशुनपुर रोड स्थित हॉली चाइल्ड स्कूल में बुधवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। वहीं बच्चों व अभिभावकों की उपस्थिति में मुख्य अतिथि के तौर पर कोडरमासीओ हलधर कुमार सेठी, जयनगर बीडीओ गौतम कुमार, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी रमेश हर्षधर, झारखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव मनोज सहाय पिंकू, समाजसेवी अरशद खान, सुरेंद्र यादव, निदेशक नवनीत ओझा (बंटी) और प्राचार्या प्रियंका ओझा ने परीक्षा फल का वितरण किया। वहीं अपने संबोधन में बीडीओ एवं सीओ ने हॉली चाइल्ड स्कूल द्वारा शिक्षा जगत में किए जा रहे कार्यों को सराहा की एवं शुभकामनाएं दी। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल समाजसेवी रमेश हर्षर, मनोज साहब पिंकू, अरशद खान, सुरेंद्र यादव ने कहा कि एक ओर जहां इस स्कूल में मेधावी बच्चों को उनके अंक के अनुसार पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, वहीं कुछ अभिभावकों को स्कूल के हर गतिविधि में उनकी तत्परता, लगनता और शिक्षा के प्रति उनकी मेहनत को सम्मान देते हुए उन्हें भी पुरस्त किया गया, यह हली चाइल्ड स्कूल प्रबंन के द्वारा एक बहुत ही सराहनीय और बेहतरीन कदम है। वहीं निदेशक नवनीत ओझा एवं प्राचार्याप्रियंका ओझा ने कहा कि यहां सभी शिक्षक ट्रेंड हैं व पुस्कालय, खेलकूद, विज्ञान, कंप्यूटर आदि की पढ़ाई होती हैं, जो बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है। मौके पर शौर्य चौधरी, गोपाल पांडे, सुनील सिन्हा, अफजल हुसैन, प्रदीप कुमार, मुस्कान सिन्हा, प्रीति सिंह, सावी पांडे, हुजैफा, काजल सिन्हा, पायल सिंह, प्रीति कुमारी, नीतू कुमारी, रिमझिम, आकांक्षा कुमारी, सरस्वती देवी सहित अभिभावकगण और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## पिंडारकोण गांव में ग्लोबल पब्लिक स्कूल का भव्य उद्घाटन

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के पिंडारकोण गांव में शुक्रवार को ग्लोबल पब्लिक स्कूल का विधिवत उद्घाटन नारियल फोड़ और फीता काटकर किया गया। उद्घाटन समारोह में सेवानिवृत्त शिक्षक देवचरण दांगी, जिला परिषद प्रतिनिधि बालेश्वर यादव, मुखिया प्रतिनिधि बसंत सिंह, उपमुखिया गणेश सिंह, स्कूल संचालक अर्जुन दास और योगेन्द्र दास सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। इस अवसर पर समाजसेवी प्रकाश दास, अजय कुमार सिंह, बबलू कुमार साव, उमेश यादव समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### कृषि वैज्ञानिको ने किया भ्रमण, दी तकनीकी जानकारी

**जयनगर (कोडरमा)।** कृषि विज्ञान केंद्र जयनगर की विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ.चंचिला कुमारी और नूपुर चौधरी ने प्रखंड के रेभनाडीह निवासी प्रगतिशील किसान मुरलीधर यादव की बागवानी का निरीक्षण किया। इस दौरान वैज्ञानिकों ने मुरलीधर यादव द्वारा लगायी गयी बागवानी के साथ-साथ मल्टीपर्पस खेती को भी देखा। वहीं वैज्ञानिकों ने बागवानी क्षेत्र में सब्जियों की खेती के लिए उपयोगी तकनीकों की जानकारी दी। साथ ही किट और रोग प्रबंधन, फसल को अनावश्यक किटों से बचाने के उपाय, फसल चक्र की उपयोगिता और ग्रीष्मकालीन सब्जियों की खेती से संबंधित जानकारी साझा की। वहीं डॉ.चंचिला कुमारी ने कहा कि प्रक्षेत्र भ्रमण का उद्देश्य किसानों को उन्नत और वैज्ञानिक तरीकों से खेती के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि उनकी उपज और आय में वृद्धि हो सके।

### वाणी कम्प्यूटर सेंटर में मनाया गया जिला स्थापना दिवस

**कोडरमा।** वाणी कम्प्यूटर सेंटर के कोडरमा और झुमरीतिलैया शाखा में कोडरमा जिला का 31वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। वहीं सेंटर के निदेशक सतीश कुमार यादव ने केक काटा और छात्र-छात्राओं को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। वहीं कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि आज के दिन वर्ष 1994 में संयुक्त बिहार के समय कोडरमा हजारीबाग जिला से अलग होकर जिला बना था, जिला बनने के बाद कोडरमा को एक अलग पहचान मिली। वहीं विकास की कई गाथाएं लिखी गयी। मौके पर शिक्षिका मीना कुमारी के अलावे सुमन कुमारी, पायल कुमारी, निशा कुमारी, कुणाल कुमार, संजना कुमारी, आकाश कुमार सिंह, सुबोध कुमार, साक्षी कुमारी आदि छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### प्रखंड मुख्यालय में शिक्षकों द्वारा निकाली गयी ध्यानाकर्षण रैली

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय में शिक्षकों द्वारा ध्यान आकर्षण रैली निकाली गयी। वहीं रैली के बाद मुख्य सचिव झारखंड सरकार रांची व मुख्यमंत्री के अपर सचिव के नाम प्रभारी बीडीओ ओम प्रकाश बड़ाइक को ज्ञापन सौंपा गया। वहीं शिक्षकों ने कहा कि अन्य राज्य कर्मियों की भांति शिक्षक संवर्ग को भी एमएसपी का लाभ दिया जाये। इसके अलावा सभी ने एनपीएस में जमा राशि को वापस लेने, सीमित प्रतियोगिता परीक्षा सम्मिलित होने की अनुमति देने, गैर संशोधनों का वापस लेने, परिवहन भत्ता, लिपिक संवर्ग के लिए एक समान सेवा नियमावली लागू करने, चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को लिपिक संवर्ग में नियमित प्रोन्नति देने, संविदा आउटसोर्सिंग बहाली की परिपाटी को खत्म करने सहित कई मांग शामिल है। इस अवस पर शिक्षक विष्णु प्रसाद, जयनारायण प्रसाद, अरुण मिश्रा, मुकेश कुमार, हेमंत कुमार, शाहिद सलीम, विजय कुमार आदि मौजूद थे।

### समिति गठन को लेकर एसडीओ ने किया निरीक्षण

**सतगावां (कोडरमा)।** अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह ने बुधवार को नंदुडीह स्थित अखिलेश्वर पांडेय संस्कृत प्राथमिक व मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन करना था। समिति में पांच सदस्य शामिल किये गए, इनमें स्थानीय विधायक, परिषद प्रतिनिधि, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, एसडीओ और डीईओ शामिल है। वहीं डीईओ ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जगन्नाथ प्रसाद को प्राधिकृत किया था। वहीं निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने समिति को निर्देश दिया कि विद्यालय का संचालन सुचारू रूप से हो। बैठक में प्रबंन समिति का गठन किया गया। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक विनोद कुमार पांडेय, सहायक शिक्षक अविनाश कुमार सिंह व शिक्षक समेत ग्रामीण मौजूद थे।

## एक नजर में

### आंधी-तूफान ने मचाया कहर, कई जगहों पर नुकसान


खबर मन्त्र संवाददाता



**हंटरगंज/चतरा।** गुरुवार शाम अचानक बदले मौसम ने हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र में जमकर कहर बरपाया। तेज धूल भरी आंधी ने कई इलाकों में तबाही मचाई। उरैली पंचायत के खूंटीहेरा गांव में जल नल योजना के तहत लगाए गए जलमीनार का सोलर पैनल तेज आंधी की चपेट में आकर उड़ गया और जमीन पर आ गिरा इसी तरह, गोसाईडीह गांव के समीप चतरा-डोभी मुख्य पथ पर एक पेड़ गिर गया, जिससे करीब आधे घंटे तक यातायात ठप रहा। हालांकि, पुलिस की तत्परता से गिरी हुई टहनी को हटाकर रास्ता फिर से चालू कराया गया। डुमरीकला पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय फिटिंगटाड़ की छत पर लगे सोलर पैनल को भी आंधी ने नुकसान पहुंचाया और वह उड़ गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि अचानक बदले मौसम से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। प्रशासन की ओर से क्षति का आकलन किया जा रहा है।

### वज्रपात की चपेट में आने से दो दुधारू गायों की मौत

खबर मन्त्र संवादाता



**सिमरिया।** प्रखंड के सबानों पंचायत अंतर्गत कोदवारी टोला के बलथरवा में बारिश के साथ हुई वज्रपात की घटना में दो दुधारू गायों की मौत हो गई। यह हादसा मंगलवार को उस वक्त हुआ जब दोनों मवेशी एक पेड़ के नीचे चर रहे थे। मृत मवेशी बबलू उरांव, पिता तेतर उरांव के थे। वज्रपात से दोनों गायों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से पशुपालक को लगभग 50 हजार रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़ित बबलू उरांव ने बताया कि इन दुधारू गायों के दूध बेचकर ही उनका परिवार चलता था। अब दोनों की मौत से परिवार की रोजी-रोटी पर संकट आ गया है। पीड़ित ने अंचल अधिकारी से आपदा राहत योजना के तहत मुआवजा देने की मांग की है। स्थानीय ग्रामीणों ने भी प्रशासन से जल्द सहायता देने की अपील की है।

### बेमौसम बारिश से किसानों को फसल का नुकसान



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे अचानक मौसम ने करवट ली। तेज हवाओं के साथ करीब एक घंटे तक मूसलधार बारिश हुई, जिससे जहां एक ओर गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों की चिंता बढ़ गई। बेमौसम बारिश से खासकर गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। खेतों में पककर तैयार खड़ी फसल गिर गई, जबकि कई किसानों की कटाई के बाद खलिहान में रखी गेहूं भीग गई। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। बारिश के कारण क्षेत्र का तापमान काफी गिर गया और मौसम सुहावना हो गया, लेकिन इसका असर बाजार और दैनिक जीवन पर भी पड़ा। इटखोरी बाजार में सन्नाटा पसर गया। खरीदारी के लिए पहुंचे लोग दुकानों के शेड और छतों के नीचे खड़े नजर आए। फुटपाथ दुकानदारों को बारिश के कारण खासा दिक्कत झेलनी पड़ी। कई दुकानदारों ने अपने सामान को भीगने से बचाने के लिए प्लास्टिक और तिरपाल का इस्तेमाल किया।

### नामांकन सेल की बैठक आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अंतर्गत नामांकन सेल की बैठक महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ मृदुला भगत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उक्त बैठक में नामांकन प्रभारी सौरभ शर्मा ने बताया कि आवेदक झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा परिषद् के अधिकृत वेबसाइट के होम पेज पर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए राज्य के 136 बीएड. कॉलेजों में सत्र 2025-2027 में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन की 15 मार्च से 20 अप्रैल 2025 से तक विस्तारित किया गया है। जिसकी प्रवेश परीक्षा ओएमआर बेस्ड ऑफलाइन मोड में संभावित तिथि 11 मई 2025 को रांची, धनबाद, जमशेदपुर, बोकारो, दुमका, पलामू एवं हजारीबाग जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न केन्द्रों पर आयोजित होगी। उक्त प्रवेश परीक्षा में सामान्य वर्ग न्यूनतम 55 प्रतिशत एवं अन्य वर्ग को 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे। परीक्षा शुल्क सामान्य वर्ग को 1000, पिछड़ा वर्ग को 750 एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति को 500 ऑनलाइन शुल्क भुगतान करना है। बैठक में डॉ. मनीष कुमार पासवान, दीपक कुमार पाण्डेय, आलम मुख्तार समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।

### नौ दिवसीय श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा

**कोडरमा।** प्रखंड के चेचाई में आयोजित नौ दिवसीय श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गयी। जिसका उद्घाटन ध्वजाधारी धाम के प्रमुख महंत महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज ने किया। वहीं महामंडलेश्वर ने कहा कि पूजा, हवन, यज्ञ आदि अनुष्ठानों से मन को आध्यात्मिक शांति मिलती है, साथ ही लोगों में धार्मिक चेतना का विकास होता है। ऐसे आयोजनों से वातावरण शुद्ध और स्वच्छ होता है, बुराइयों का नाश होता है। वहीं कोडरमा विधायक डॉ.नीरा यादव ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से हमारे अंदर नयी उर्जा का संचार होता है।

## स्पीड न्यूज

### सर्वेश्वरी समूह अपने उन्नीस सूत्री कार्यक्रम के तहत किया पनशाला का शुभारंभ



गुमला। तेज धूप की तपिश से राहगीरों को राहत दिलाने के लिए श्री सर्वेश्वरी समूह अपने उन्नीस सूत्री कार्यक्रम के तहत गुरूवार को समूह के नगर स्थित प्रार्थना गृह के सम्मुख पनशाला का अधिष्ठापन महिला संगठन के द्वारा किया गया। पनशाला के अधिष्ठापन के पूर्व महिलाओं के द्वारा अघोरेश्वर महाप्रभु एवं परमपूज्य गुरुदेव का पूजा अर्चना किया गया। पनशाला का शुभारंभ करते हुए महिला संगठन की नीता हरीतिमा ने कहा कि यहां सदैव शीतल जल तथा बताशा की व्यवस्था रहेगी। राहगीर इसका लाभ लें तथा तेज धूप से बचें। उन्होंने लोगों से तपती धूप में खाली पेट कदापि नहीं निकलने की भी नसीहत दी। मौके पर महिला संगठन की गायत्री महापात्र, हेमलता यादव, शैल मिश्रा, नीलम सोनी, बिमला महापात्र, ज्योति सिंह, पद्मिनी मिश्रा, अनीता गुप्ता, लक्ष्मी दास, सुषमा महापात्र, कांता गुप्ता, अदिति षाड़ंगी, अनीशा गुप्ता आदि उपस्थित थीं।

### ईद की मिठी सेवईयां समाज में समरसता का पैगाम देता है: एसडीपीओ

गुमला। सर्व धर्म सदभावना मंच गुमला के द्वारा ईद मिलन समारोह का आयोजन पालकोट रोड रौनियार मंदिर धर्मशाला में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव थे। मौके परयादव ईद मिलन समारोह पर मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की मुबारकबाद देकर खुशी का इजहार किया तथा कहा कि भाईचारे का पर्व है। उन्होंने कहा कि ईद की मिठी सेवईयां समाज में समरसता का पैगाम देता है। लोग ईद की सेवईयां खाकर जीवन में मिठास का अनुभव करते हैं। ईद पर लोगों को प्यार मोहब्बत बांटने का काम किया जाता है तथा लोगों में त्याग की भावना बढ़ती है। इस अवसर पर नप के पूर्व उपाध्यक्ष कीलम अख्तर, फादर क्रिस्टोफर लकड़ा, सर्व धर्म मंच के कोषाध्यक्ष मो खालिद शाह, अध्यक्ष एनएम पी श्रीवास्तव, सरदार रणजीत सिंह, रविंद्र सिंह, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह, अकील रहमान, सेत कुमार एक्का, प्रेम कुमार, प्रो बी एन पांडे, मुरली मनोहर प्रसाद, अजय कुमार, इरफान अली, शहजाद अनवर, देवदत्त भारती, समीम खान, जबीउल्ला कव्वाल, रहमत कव्वाल, जमाल कव्वाल आदि उपस्थित थे।

### मंडा मेला के सैकड़ो भोक्ताओं ने घाघरा मुख्यालय का किया नगर भ्रमण



घाघरा। घाघरा प्रखंड मुख्यालय का मंडा मेला के सैकड़ो भोक्ताओं ने नगर भ्रमण किया। साथ ही लोगों को फूलकुंदी मेला में आने का न्योता भी दिया। इस क्रम में समाजसेवियों ने फल और पानी का वितरण किया। उक्त नगर भ्रमण शोभा यात्रा घाघरा ब्लॉक चौक स्थित पुराने ट्रांसफार्मर के समीप से शुरू होकर थाना चौक, चांदनी चौक, नेतरहाट रोड तक पहुंची। जिसके बाद समापन हुआ। इस क्रम में एक बार बोलो शिरोमणि महेश हर हर महादेव के जयकारे से पूरा वातावरण गुजमान हो उठा। मौके पर पूर्व मुखिया आदित्य भगत,मुकेश मनी पाठक, उपमुखिया अजीत मनी पाठक, अनिरुद्ध चौबे, निलेश मनी पाठक, आशीष सोनी, अमित ठाकुर, हरिद्वार साहू,प्रदीप मनी पाठक, सुरेंद्र साहू, राजिंद्र साहू, सहित कई लोग उपस्थित थे।

### रामजन्मोत्सव के अवसर पर भजन संध्या व चईता का किया गया आयोजन



गुमला। चैत्र मास में प्रभु श्रीराम के अवतरण को लेकर बुधवार को डीएसपी रोड सरस्वती शिशु-विद्या मंदिर स्कूल के बगल में अजय प्रसाद के आवास में भजन संध्या एवं चईता गायन का आयोजन किया गया। जहां श्री महावीर कीर्तन मंडली लक्ष्मण नगर तथा घाटो बगीचा कीर्तन मंडली के संयुक्त तत्वावधान में भव्य तरीके से कार्यक्रम कर लोगों को भाव विभोर कर दिया गया। भजन का शुभारंभ व्यास श्री रामजी तिवारी के द्वारा श्री गणेश वंदना से किया गया। तपश्चात लोहा सिंह, सचिदानंद सिंह, ओम गुप्ता और हरेंद्र गिरी के द्वारा कई पारम्परिक भजन तथा चईता गाना प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सुदामा बडाईक, भरत गिरी, हरेंद्र गिरी, लोहा सिंह, राजेश पंडित, सुबोध यादव, जोगेन्दर गोप, कुलेश शर्मा, बिनोद साहु, आनंद पंडा, कृष्णा केशरी, सचिदानंद सिंह, ओम गुप्ता, संजय गोप, आर गोस्वामी, भरत सिंह, दीपक कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### पीएम आवास योजना की पंचायत सचिव व समन्वय ने ली जानकारी

जारी। अल्बर्ट एक्का जारी प्रखंड अंतरगत मेराल पंचायत का गुरूवार को प्रखण्ड समन्वयक कमलेश बारला और पंचायत सचिव विनोद उरांव ने भ्रमण किया। इस दौरान सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री जनमन के तहत आदिम जनजाति के आवास के लाभुक से मुलाकात की और आवास योजना की स्थिति को देखा। लाभुक संतु कोरवा, मुन्ना कोरवा, भूलन कोरवा, सुशीला कोरवा, राजमणि देवी, नंदू कोरवा, पूरन कोरवा, बालमुनि देवी, दीपक कोरवा, बसंती देवी, राधा देवी, देवसाय कोरवा, चिंतामणि देवी, बुधराम कोरवा, पुनीता देवी को जल्द आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु उन्हें दोनों प्रखंड के पदाधिकारियों ने प्रेरित किया।

## गुमला के 3 आयुष्मान आरोग्य मंदिर ने प्राप्त किया एनक्यूएएस प्रमाणन

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुमला जिले में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि जिले के तीन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन में अपेक्षित स्कोर प्राप्त किया है। फोरी, तेलगांव और उमड़ा के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों ने निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। फोरी केंद्र ने 90 प्रतिशत, तेलगांव ने 89 प्रतिशत और उमड़ा ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। ये तीनों केंद्र अब प्रमाणित स्वास्थ्य संस्थाओं की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। इस प्रक्रिया के तहत स्वास्थ्य सेवाओं का मूल्यांकन रोगी केंद्रित सुविधाएं, स्वच्छता, दस्तावेज प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण, आपातकालीन तैयारी तथा कर्मचारी प्रशिक्षण जैसे प्रमुख बिंदुओं पर किया गया। मूल्यांकन कार्य दो अलग-अलग राज्यों से आए बाहरी विशेषज्ञों द्वारा किया गया। एनक्यूएएस प्रमाणन भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित एक प्रक्रिया है, जिसमें स्वास्थ्य संस्थानों का मूल्यांकन बाहरी मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा किया जाता है। यह मूल्यांकन रोगी केंद्रित सेवाओं, स्वच्छता, दस्तावेजों की गुणवत्ता, संक्रमण नियंत्रण, कर्मचारी दक्षता और आपातकालीन सेवाओं की तैयारी जैसे मापदंडों पर आधारित होता है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत विभिन्न राज्यों से आए बाह्य मूल्यांकनकताओं ने इन केंद्रों का निरीक्षण किया और प्रत्येक बिंदु पर अंक प्रदान किए। 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले स्वास्थ्य केंद्रों को प्रमाणन प्रदान किया जाता है। यह सफलता जिला स्वास्थ्य विभाग की नियमित निगरानी, स्वास्थ्य कर्मियों की सतत मेहनत और सेवाओं में निरंतर सुधार के प्रयासों का परिणाम है। जिला स्वास्थ्य विभाग आने वाले समय में अन्य आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को भी इस प्रमाणन की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि जिले में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा और भी विस्तृत हो सके।

# तीर्थ यात्रा से आध्यात्मिक और धार्मिक अनुभव होता है : फादर जॉन टोप्पो





खबर मन्त्र संवाददाता

जारी। जारी प्रखंड के भिखमपुर पारिस में गुरूवार को जशपुर छतीसगढ़ के घोलेंग पारिश के तीन हजार खीस्तीय लोग तीर्थ यात्रा लेकर पहुचें। जिसको लेकर पूर्वाह्न 10 बजे सबसे पहले रोजरी किया और उसके बाद क्रूस रास्ता करने बाद मिस्सा बालिदान करते हुए तीर्थ यात्रा का समापन किया गया। मौके पर भिखमपुर पारिश के पल्ली पुरोहित जॉन टोप्पो ने कहा हम सब ईश्वर के प्रति प्रार्थना कर अपना विश्वास जगाये।

जिसमे बहुत लोगो को अंतरिक चंगाई प्राप्त हुआ। उन्होने कहा कि यह एक आध्यात्मिक और धार्मिक अनुभव होता है। खीस्तीय विश्वासियों के लिए तीर्थ यात्रा महत्वपूर्ण है। इस तीर्थयात्रा में वे अपने विश्वास को मजबूत बनाने और आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त करने के लिए एक साथ आते हैं। मौके पर फादर ग्रेगोरी कुल्लू, फादर प्रदीप तिर्की, फादर प्रेम प्रकाश इन्दवार, फादर दिलीप किस्पोट्टा, फादर ईशाक, फादर अलेक्स एक्का,फादर दीपक, फादर बिपिन तिग्गा,फादर प्रदीप एक्का, सिस्टर किरण, सिस्टर संगीता, प्रतिमा, प्रमोद, भालेन मिंज, इन्दु आदि उपस्थित थे।

### गुजरात में कांग्रेस की बैठक में सुखदेव भगत ने रखा अपना विचार

# हम देश को बचाने के लिए संघर्ष करते रहेंगे : सांसद

बेरोजगार युवाओं को रोजगार के देने की बात करते हैं तो भाजपा संघ की नौकरी देने लगे : सुखदेव भगत



खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत गांधी और सरदार के पवित्र भूमि साबरमती तट अहमदाबाद गुजरात में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय बैठक में शामिल हुए। जहां उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की गुजरात के ऐतिहासिक भूमि से महात्मा गांधी ने अंग्रेजों के खिलाफ दांडी यात्रा प्रारंभ की थी और आज राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से संविधान के मूल्यों को बचाने का अभियान शुरू किया है। जब से भाजपा केंद्र सरकार में आई है वह हमारी हर बुनियादी चीजों में सांप्रदायिकता घोल रही है। जब हम रोटी की बात करते हैं तो बीजेपी वाले बीफ की बात। जब हम कपड़े की बात करते हैं तो बीजेपी वाले हिजाब की बात ।जब हम मकान की बात करते हैं तो बीजेपी वाले बुलडोजर की बात करते हैं। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब सरेंडर मोदी हो गए हैं। एक तरफ नरेंद्र मोदी अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंपकी तारीफ कर रहे हैं तो दूसरी तरफ डोनाल्ड ट्रंप देश पर टैरिफ पर टैरिफ लगाकर रहे हैं। जब राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से बेरोजगारों युवाओं को रोजगार देने की आवाज उठाई तो बीजेपी वाले संघ की नौकरी देने लगे। कांग्रेस का इतिहास संघर्ष का इतिहास है हम देश को बचाने के लिए संघर्ष करते रहेंगे।

### जिला भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्यों का एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

# भारत निरंतर विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है: बालमुकुंद

खबर मंत्र संवाददाता



लोहरदगा। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में गुरुवार को जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में सक्रिय सदस्यों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने कहा कि 2014 में एनडीए के प्रधानमंत्री बनने के बाद से अब तक देश का चहुमुखी विकास हुआ है। भारत आत्मनिर्भरता के साथ विकास के पथ पर निरन्तर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री राजीव गांधी के समय केंद्र से चला हुआ एक रुपया गरीबो तक 15 पैसे पहुचता था आज पूरे एक रुपया उस गरीब को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी अंत्योदय के सिद्धांत पर चलने वाली पार्टी है। अंतिम व्यक्ति का विकास ही भाजपा का विकास का पैमाना है। उन्होंने कहा कि 11 वर्षो के शासन काल मे भाजपा ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया। उन्होंने कार्यकर्ताओ से जिम्मेवारी पूर्वक पार्टी एवं समाज हित मे काम करने की बात कही। प्रदेश कार्य समिति सदस्य ओम सिंह ने पार्टी के इतिहास, उपलब्धि एवम स्थापना की जानकारी देते हुए कहा दो लोकसभा सीट से जीत प्रारम्भ करने वाली भारतीय जनता पार्टी की आज 20 राज्यो समेत केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार है। जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने अतिथियों का स्वागत एवं विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि पार्टी स्थापना माह में प्रदेश द्वारा निर्देशित 6 अप्रेल से 25 अप्रेल तक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है जिसमे प्रत्येक घर मे पार्टी झंडा लगाना,जलाशयों, धार्मिक स्थलों, गलियों में सफाई अभियान आदि शामिल है। संचालन महामंत्री पशुपति नाथ पारस एवं धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष अनिल उरांव ने किया। कार्यशाला में पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश प्रसाद त्रिवेणी दास, देवाशीष कार, अनिल पांडेय, प्रवीण भारती, अखज प्रजापति, मोहन साहू, रिपुसूदन साहू, राजकुमार वर्मा, अजय पंकज हर्षनाथ महतो, मीना बाखला, सरिता देवी, सामेला भगत, बाल कृष्णा सिंह, कलावती देवी, जयप्रकाश साहू,धीरज प्रसाद, लक्ष्मी नारायण भगत, दिलीप पटनायक, अरविंद पाठक, राजेन्द्र महतो, परमेश्वर साहू, चंद्रशेखर सिंह, बाल्मीकि कुमार, विवेक सोनी, मिथुन तमेडा, सचिन कुमार, सत्यम कुमार, पवन तिग्गा, रामकिशोर शुक्ला, अशोक साहू,नवल साहू, नवीन साहू ,अल्लाह बक्स अंसारी,टीपू खान,विमल कांत सिंह, रामकिशोर खेरवार समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे।

### झारखंड नवनिर्माण दल की बैठक 13 अप्रैल को चैनपुर में

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा वीर बिरसा मुंडा के शहादत दिवस 9 जून को रांची में आयोजित राज्यव्यापी राजभवन मार्च की व्यापक तैयारी के लिए गुमला जिला में अनुमंडल स्तर की कैडर बैठक 13 अप्रैल 2025 को चैनपुर में आयोजित की गई है। जिसके बाद गुमला व बसिया अनुमंडल क्षेत्र में बैठक होगी। विदित हो कि भ्रष्टाचार के खिलाफ और शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी तथा महिला उत्पीड़न पर रोक, पलायन, मानव तस्करी, नशाखोरी रोकने, महिला मंडल को दिया गया सभी तरह का लोन माफ करने, रोजगार, अनुदान व व्यवसाय के लिए ब्याज रहित पूंजी की व्यवस्था करने, सहारा इंडिया, एपीलाइन, साईं प्रकाश, पल्स, विश्वामित्र, वेलफेयर, विकास सहित विभिन्न ननबैंकिंग कंपनियों में झारखंड के लोगों के मेहनत के जमा पैसे की जल्द भुगतान जैसे पांच सूत्रीय मांग को लेकर राजभवन मार्च की योजना झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा बनाई गई है । मार्च कार्यक्रम में दिल्ली से ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के नेताओं को भी आमंत्रित की गई है। बैठक में पंचायत स्तर के सभी नेताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास करने की जिम्मेदारी प्रखंड समिति को दी गई है। शह जानकारी झानद मजदूर यूनियन के जिला प्रभारी शंकर उरांव ने दी है।

# झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ गुमला ने सरकार को राज्यव्यापी आंदोलन की दी चेतावनी

टीजीटी व पीजीटी शिक्षकों के पद को सरेंडर करने व वेतनमान में कम ग्रेड पे करने का विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ गुमला जिला इकाई की बैठक गुरूवार को जिलाध्यक्ष विकास कुमार महतो की अध्यक्षता में ऑनलाइन हुई। बैठक में 8 अप्रैल को झारखंड सरकार के कैबिनेट में लिए गए निर्णय में 8900 टीजीटी और पीजीटी शिक्षकों के पद को सरेंडर करने तथा वेतनमान में कम ग्रेड पे (4200) करने का विरोध किया गया। सरकार की ऐसी नीति से शिक्षकों में काफी रोष है। पीजीटी की जगह माध्यमिक आचार्य पद सृजन करना व ग्रेड पे 4200 करने से जो नए माध्यमिक आचार्य बनेंगे उन्हें लगभग 20000 कम वेतन मिलेगा। जो शिक्षकों में भेदभाव की भावना उत्पन्न करेगा। माध्यमिक आचार्य में असंतोष की भावना होगी। शिक्षण व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव उसका पड़ेगा। जिसका असर इस राज्य के गरीब छात्र-छात्राओं पर भी दिखेगा। सामान योग्यता और सामान सेवा शर्त रहने तथा वर्ग 9 से 12 तक की कक्षा संचालन की जिम्मेवारी होने के बावजूद कम वेतन देना वैधानिक रूप से उचित नहीं है। संघ की बैठक में झारखंड सरकार की इस गलत नीति की घोर निंदा की गई। सरकार को शिक्षा व्यवस्था पर समेकित ध्यान रखते हुए शिक्षक को सम्मानजनक वेतन, शिक्षकों के प्रोन्नति आदि देने पर अमल करनी चाहिए। संघ की ओर से सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अगर सरकार द्वारा ऐसी गलत नीति को वापस नहीं लेती है तो पुरे राज्य में सभी कोटि के शिक्षक राज्यव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। बैठक में संघ के संरक्षक जयंत कुमार पाण्डेय, छवि लाल सिंह, दीपक राम, नीलम लकड़ा, सुमन्ति टोप्पो, जगदीप, मो दानिश, अमृत लाल होरो, सुरेंद्र कुमार, अमित लाल, डॉ. बीरेंद्र उराव, भरत भूषण, अलमा सुरीन उपस्थित थे।

### महावीर कहते हैं कि खुद पर विजय प्राप्त करना लाखों शत्रुओं पर विजय पाने से बेहतर है : अनीता



लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में महावीर जयंती मनाई गई। महावीर जयंती का पावन पर्व बड़े ही उल्लास के साथ मनाया गया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, अनीता देवी और मुकेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन किया। भगवान महावीर जैन धर्म के अंतिम आध्यात्मिक तीर्थंकर थे। हिंदी आचार्या ने इस उपलक्ष पर भैया-बहनों को बताया कि महावीर कहते हैं खुद पर विजय प्राप्त करना शत्रुओं पर विजय प्राप्त करना है। कक्षा षष्ठ से दशम तक के भैया-बहनों ने महावीर जैन पर भाषण प्रस्तुत किया। जिसमें भैया-बहनों ने महावीर जैन की जीवनी के बारे में बताया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में भैया शिवम कुमार साहू कक्षा 9 ने 57 वां नेशनल खो-खो चैंपियनशिप प्रतियोगिता 2024 -2025 पुरी उड़ीसा सीनियर में विगत 31 मार्च से 4 अप्रैल तक आयोजित हुई थी, जिसमें भैया शिवम ने झारखंड की टीम का प्रतिनिधित्व किया। यह पूरे विद्यालय परिवार एवं लोहरदगा जिला के लिए हर्ष के साथ साथ गौरव का विषय है। विद्यालय परिवार में इस उपलब्धि पर हर्षोल्लास का वातावरण है,इस उपलब्धि के लिए भैया शिवम कुमार साहू को विद्यालय परिवार ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। भैया शिवम को वंदना सभा में सम्मानित किया गया साथ ही संरक्षक शारीरिक आचार्य जोधान सिंह को मधुमिता शर्मा के द्वारा शॉल देकर सम्मानित किया गया। भैया शिवम को विद्यालय परिवार ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। भैया शिवम को संरक्षक शारीरिक आचार्य जोधन सिंह को मधुमिता शर्मा के द्वारा शॉल देकर सम्मानित किया गया।

### अवैध बालू परिवहन पर सेन्हा पुलिस की कार्रवाई, दो ट्रैक्टर जब्त

लोहरदगा। जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत डांडू गांव के समीप दक्षिणी कोयल नदी से अवैध रूप से बालू का उठाव एवं परिवहन किए जाने की सूचना पर पुलिस प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान दो ट्रैक्टरों को जब्त किया गया, जो बिना रजिस्ट्रेशन नंबर के बालू लादकर परिवहन कर रहे थे। छापेमारी के दौरान एक ट्रैक्टर को पुलिस ने रास्ते में ही पकड़ लिया, जबकि दूसरा ट्रैक्टर चालक पुलिस की मौजूदगी देखकर बालू गिराकर भागने का प्रयास कर रहा था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे खदेड़कर पकड़ लिया। इस दौरान हुई झड़प में एक चौकीदार को पैर में चोट लगने की भी जानकारी है। जब्त किए गए दोनों ट्रैक्टरों को सेन्हा थाना लाया गया है, जहां उन्हें सुरक्षित रखा गया है। आगे की कार्रवाई के लिए खनन विभाग को सूचित कर दिया गया है। अवैध खनन और परिवहन के कारण राज्य सरकार को हो रही खनिज संपदा और राजस्व की क्षति को देखते हुए ट्रैक्टर चालकों एवं मालिकों के खिलाफ खनन अधिनियम के तहत विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में थाना प्रभारी वारिश हुसैन ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर शाम करीब 5:00 बजे प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार बालू उठाव एवं परिवहन पर फिलहाल पूर्ण रूप से रोक है। इसके बावजूद बालू माफिया चोरी-छुपे अवैध गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और अवैध खनन में शामिल लोगों में भय का माहौल है। थाना प्रभारी ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

## 14 अप्रैल को डॉ अंबेडकर जयंती भव्य रूप से मनाने को लेकर जिला कांग्रेस की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा। जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक जिला अध्यक्ष सुखैर भगत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में 14 अप्रैल को संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह को भव्य रूप से मनाने एवं संगठन सृजन को लेकर विचार विमर्श किया गया। सुखैर भगत ने कहा कि केंद्र की बीजेपी आरएसएस की सरकार भारतीय संविधान के साथ छेड़छाड़ या मिटाने का हर संभव साजिश कर रही है और ऐसे समय में कांग्रेस पार्टी और हमारे नेता राहुल गांधी सदन से लेकर सड़क तक संविधान की रक्षा को लेकर संघर्ष का मुहिम छेड़ा है हम सभी कांग्रेसियों का कर्तव्य बनता है कि हम लोग भी संविधान रक्षा का संकल्प लें। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद, नेसार अहमद, जगदीप भगत, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी भगत, सनियारो उरांव, सुनीता उरांव, सदरूल, प्रकाश उरांव, दीपक महतो, दिनेश गुप्ता, शंभू प्रजापति, मुजम्मिल अंसारी, परवेज सोनू, युनुस, सत्यदेव भगत, अनिल उरांव, तनवीर गौहर, विनोद खैरवार, अनीस अहमद, मुस्ताक, संगीता, यासीन व कांग्रेसी उपस्थित थे।

### स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता को लेकर स्काउट एंड गाईड ने निकाला साइकिल रैली



गुमला। भारत स्काउट और गाइड गुमला के द्वारा स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता को लेकर गुरूवार को साइकिल रैली निकाली गई। यह साइकिल रैली संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय गुमला से शुरू होकर हनुमान की जन्मस्थली अंजन धाम तक गई। स्काउट गाइड ने आने-जाने के क्रम में लगभग 40 किलोमीटर की दूरी साइकिल से तय करते हुए लोगों को स्वच्छता एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। रैली का नेतृत्व गुमला जिले के भारत स्काउट गाइड के सचिव श्री राजेश कुमार राय ने किया। उनके साथ विद्यालय के स्काउट मास्टर सिमोन कुजूर एवं अनमोल टोपनो शामिल थे। रैली में संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय गुमला के कल 40 स्काउट ने भाग लिया।

## आइपीएल के तर्ज पर आयोजित गेट टू गेदर क्रिकेट टूर्नामेंट गुमला में आरंभ

### उदघाटन मैच में एलीट-11 ने जेएमडी को 15 रनो से हराया, आयुष राज ने 27 गेंदों में ठोंका 65 रन, बना मैच ऑफ द मैच

खबर मन्त्र संवाददाता



टॉस कराकर मैच का शुभारंभ करते अतिथि।





उदघाटन मैच में मंचासीन अतिथि।

गुमला। आइपीएल के तर्ज पर गुमला में संचालित गेट टू गेदर क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें संस्करण की शुरूआत गुरूवार को तेलंगा खड़िया स्टेडियम गुमला में हुआ। टूर्नामेंट में 8-8 ओवर का मैच खेला जा रहा है। उदघाटन मैच जेएमड व एलीट-11 के बीच खेला गया। टॉस जीतकर जेएमडी की टीम ने पहले क्षेत्ररण का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एलीट-11 की टीम ने आयुष राज के 27 गंदों पर बेहतरीन 65 रन की पारी के बदौलत 8 ओवर में तीन विकेट खोकर 99 रन बनाये। जेएमडी की ओर से बेहतर गेंदबाजी करते हुए लक्ष्मी ने दो विकेट हासिल किये। जवाबी पारी खेलने उतरी जेएमडी की टीम पांच विकेट खोकर निर्धारित 8 ओवर में 84 रन ही बना सकी। टीम की ओर से सर्वाधिक 12 गेंदो में मितराज गुप्ता ने 21 रन बनाये। वहीं एलीट-11 टीम की ओर से अजय व सुनील ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दो-दो विकेट हासिल किये। उम्मदापारी खेलने वाले आयुष राज को मैन ऑफ दी मैच चुना गया। इससे पूर्व मैच का उदघाटन पूर्व विधायक कमलेश उरांव, निर्वतमान नगर परिषद अध्यक्ष दीपनारायण उरांव, जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, भाजपा नेता मुनेश्वर साहु, सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व टॉस कराकर मैच का शुभारंभ किया। मौके पर पूर्व विधायक कमलेश उररंव ने कहा कि आईपीएल के तर्ज पर आयोजित गेट टू गेदर क्रिकेट टूर्नामेंट निश्चित रूप से जिले के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए बेहतर प्लेट फार्म है। खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर जीवन में आगे बढ़ सकते हैं। जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने कहा कि खेल हमेशा शांति का पैगाम लाता है। लेकिन वर्तमान समय में कैरियर बनाने का सबसे सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। आज आईपीएल में खिलाडी करोडों रूपये में खरीदे जाते हैं जो उनके कैरियर को स्थायित्व देती है। सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा ने कहा कि गुमला का खेल के क्षेत्र में कोई सानी नहीं है। राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर गुमला के खिलाड़ियों का खेल के क्षेत्र में दबदबा रहा है। गुमला के क्रिकेट खिलाड़ी राबिन मिंज आईपीएल में मुंबई इंडियन की ओर से खेलकर जिले का गौरव बढ़ाया है और जिले के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। आयोजन समिति के ओम शंकर सिंह ने कहा कि गेट टू गेदर में खिलाड़ियों का चयन पूरे पारदर्शिता के साथ ऑपशन से किया गया है। इस अवसर पर शशि प्रिया बंटी, विधायक प्रतिनिधि मनीष कुमार, जितेंद्र सिंह, सुनील कुमार, मुन्ना सिंह, सौरभ विश्वकर्मा, आकश आनंद, मनोज चौधरी, मनोज गुप्ता, कुंदन राय, बबूल वर्मा, शशि

# लोहरदगा : अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट में रामगढ ने सरायकेला खरसावां को 196 रनों से हराया

देवेश गोयल ने खेली 111 रनों की शानदार पारी, बने प्लेयर ऑफ द मैच



खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। झारखंड राज्य क्रिकेट द्वारा आयोजित तथा लोहरदगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा संचालित झारखंड राज्य अंतर जिला अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप बी के मैच में गुरुवार को रामगढ ने सरायकेला खरसावां को 196 रनों से पराजित कर दिया। स्थानीय बलदेव साहू महाविद्यालय क्रिकेट स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रामगढ की टीम ने 46.5 ओवर में 277 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से देवेश गोयल ने 73 गेंद पर शानदार 111 रन, अंतरिक्ष कुमार ने 28 गेंद पर 25 रन और सचिन कुमार ने 34 गेंद पर 20 रन का योगदान दिया। सरायकेला खरसावां की ओर से गेंदबाजी करते हुए शुभम प्रसाद और आदर्श ने तीन तीन विकेट लिए मोहित ने दो विकेट लिया। जवाबी पारी खेलते हुए सरायकेला खरसावां की टीम 18.3 ओवर में मात्र 81 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से सचिन ने 16 रन प्रतीक ने 15 रन और मोहित 11 रनों का योगदान दिया। रामगढ़ की ओर से गेंदबाजी करते हुए शशांक ,समीर और शिवम ने तीन-तीन विकेट लिया। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार रामगढ़ के देवेश गोयल को दिया गया। जेएससीए द्वारा प्रति नियुक्त टीम आरडीओ राजेश कुमार झा ने उन्हें 5000 रुपये का नगद पुरस्कार तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अंपायर राजेश्वर सिंह तथा संजय कुमार सिंह और स्कोरर सूरज कुमार, शुभम मेहता भास्कर दास गुप्ता आलोक राय, नियाज मलिक आदि उपस्थित थे।

## सांसद कालीचरण सिंह के सार्थक पहल के बाद बढ़ा टोरी आर ओ बी का प्राक्कलन, लोगो में हर्ष

# 119 करोड़ 71 लाख 70 हजार 507 रु. हुआ आरओबी का अनुमानित प्राक्कलन

**राजेश प्रसाद**

**लातेहार।** चतरा संसदीय क्षेत्र की जटिल समस्याओं में सबसे प्रमुख समस्याओं में शामिल चंदवा के टोरी जंक्शन पूर्वी केबिन के समीप बहुप्रतीक्षित आरआरबी निर्माण का अनुमानित प्राक्कलन बढ़कर 119 करोड़ 71 लाख 70 हजार 507 रुपए हो गया है। चतरा संसदीय क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह के सार्थक पहल के बाद सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के द्वारा संबंधित विभाग को ब्रिज निर्माण का डीपीआर शीघ्र स्वीकृत करने का निर्देश जारी किया गया है, जिसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क निर्माण विभाग झारखंड द्वारा 119 करोड़ 71 लाख 70507 रुपए का अनुमानित डीपीआर तैयार किया गया है। बता दें कि पूर्व में टोरी आरओबी का प्राक्कलन मात्र 43 करोड़ था। प्राक्कलन कम होने के कारण आधा दर्जन से अधिक बार टेंडर (निविदा) निकालने के बावजूद निविदा प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पाई थी व शिलान्यास के 4 वर्ष बीत जाने के बाद भी ब्रिज निर्माण को लेकर एक ईंट तक नहीं रखी जा सकी थी। विगत लोकसभा चुनाव व विधानसभा चुनाव के दौरान भी यह मुद्दा हावी रहा था, चुनावी कार्यक्रम के दौरान चंदवा में कालीचरण सिंह से बार-बार इस मुद्दे को लेकर जनता की ओर से सवाल पूछे गए थे, जिस पर सांसद कालीचरण सिंह के द्वारा चुनाव जीतने के बाद पहला काम टोरी आरओबी निर्माण का करने का भरोसा दिया था। चुनाव जीतने के बाद कालीचरण सिंह इस मुद्दे को लेकर लगातार प्रयासरत रहे व विभागीय मंत्री से लेकर सदन तक को इस समस्या से अवगत कराया। बावजूद इसके कोई सार्थक परिणाम सामने नहीं आने के बाद जनता का धैर्य टूटने लगा व संसद के कार्य शैली पर लोग सवाल खड़ा करना शुरू कर दिया।

लेकिन सांसद कालीचरण सिंह मुखर होकर इस मुद्दे पर डंटे रहे। अब आरओबी का प्राक्कलन बढ़कर 119 करोड़ से अधिक हो जाने के बाद आर ओ बी निर्माण की सबसे बड़ी बाधा दूर होती नजर आ रही है। लोगों को भरोसा देते हुए सांसद कालीचरण सिंह ने कहा है कि इस वर्ष के अंत तक ब्रिज निर्माण के दिशा में नया कदम बढ़ेगा और आने वाले समय में इस समस्या से जनता को जल्द राहत मिलेगी।

लंबे समय से चल रही है टोरी में आर ओ बी निर्माण की मांग, शिलान्यास के 4 वर्ष बीतने को है पर नहीं शुरू हो सका है काम





## मार्ग निर्माण का वर्षों से इंतजार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह से मण्डल तक सड़क निर्माण की मांग पिछले कई दशकों से की जा रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। इस सड़क की हालत इतनी खराब है कि बरसात के दिनों में ग्रामीणों को शहर तक पहुंचना किसी चुनौती से कम नहीं होता। बीमार लोगों को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सकता, छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित होती है और व्यापारिक गतिविधियां भी ठप हो जाती हैं। लेकिन प्रशासनिक उदासीनता और जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता के कारण आज भी लोग खस्ताहाल रास्तों से सफर करने को मजबूर हैं। अब तक कई बार ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किए, ज्ञापन सौंपे और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिला। ग्रामीणों का कहना है कि अगर सरकार एक छोटी सी सड़क तक नहीं बना पा रही है, तो मण्डल डैम जैसे बड़े प्रोजेक्ट की बात करना सिर्फ लोगों को गुमराह करना है। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय नेता वादों की झड़ी लगा देते हैं, लेकिन चुनाव खत्म होते ही सबकुछ भूल जाते हैं। एक ग्रामीण नेता ने कहा कि हमसे मण्डल डैम के सपने दिखाए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत ये है कि आज तक बरवाडीह से मण्डल तक एक बेहतर सड़क तक नहीं बन पाई। ऐसी स्थिति में डैम निर्माण की बात करना बेइमानी है। गुरुवार को क्षेत्र के दौरे पर आए सांसद कालीचरण सिंह की इन जटिल मुद्दों पर चुप्पी और उदासीनता पर अब सवाल खड़े होने लगें है। जनता अब जवाब चाहती है, कि कब तक सिर्फ कागजों में योजनाएं बनेंगी और कब तक जनता की आवाज अनसुनी की जाएगी ?

## ज्वेलरी दुकान में चोरी, स्वर्णकारों ने किया विरोध, चोरों की गिरफ्तारी की मांग

▶▶ घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुकी है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** शहर में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि अब वे दिनदहाड़े चोरी और ठगी जैसी घटनाओं को अंजाम देने लगे हैं। ताजा मामला 9 अप्रैल की दोपहर का है, जब बाजारटांड़ पुल के पास स्थित मां आदि शक्ति ज्वेलर्स में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। चोरों ने दुकान में रखे जेवरात, लैपटॉप और तिजोरी की चाबी से भरा बैग चुरा लिया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुकी है, बावजूद इसके अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। प्रतिष्ठान के संचालक कन्हाई कुमार सोनी ने इस संबंध में सदर थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की है। घटना सदर थाना से मात्र 400 मीटर की दूरी पर घटी है, जिससे पुलिस की सक्रियता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

### पुलिस से की शिकायत, कार्रवाई नहीं होने पर थाना घेराव की चेतावनी



10 अप्रैल को स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष नारायण सोनी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस उपाधीक्षक और सदर थाना प्रभारी से मुलाकात की। संघ के कोषाध्यक्ष उमेश सोनी ने बताया कि पुलिस अधिकारियों ने शीघ्र ही चोरों को पकड़ने का आश्वासन दिया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो स्वर्णकार समुदाय थाना घेराव कर विरोध प्रदर्शन करेगा।

**सुरक्षा की मांग और सीसीटीवी लगाने की अपील :** स्वर्णकार संघ के सदस्य आशीष सोनी ने शहर के व्यस्ततम चौक-चौराहों तथा बाजार क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि बढ़ती आपराधिक घटनाओं के चलते व्यापारी वर्ग विशेषकर स्वर्णकार खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

**लगातार हो रहे हैं निशाना**

उल्लेखनीय है कि इससे पहले 4 अप्रैल की रात को कन्हाई कुमार सोनी के करकट गांव स्थित गोदाम में आग लग गई थी, जिसमें लाखों रुपये का नुकसान हुआ था। लगातार दो घटनाओं से उनके व्यवसाय को गहरा आघात पहुंचा है।

**मौके पर मौजूद थे ये लोग**

प्रदर्शन के दौरान अमरेंद्र सोनी, गुप्तेश्वर सोनी, मनोज सोनी, संजय सोनी, गणेश सोनी, बलराम सोनी, सुनील सोनी, अमीत सोनी, प्रेम सोनी, वीरेंद्र सोनी, रामदयाल सोनी और पिंटू सोनी समेत दर्जनों स्वर्णकार मौजूद थे।

## युवा समाजसेवी मंटू कुमार ने गरीबों के साथ मनाया दादा का 100 वां जन्मदिन



**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के बारी पंचायत निवासी युवा समाजसेवी मंटू कुमार ने अपने दादा वयोवृद्ध समाजसेवी मोतीलाल प्रसाद साहू का 100 वां जन्मदिन गांव के गरीब व असहाय जनों के बीच मनाया। इस दौरान गांव के असहायों जनों के मिठाई व अन्न दान किया। 100 वें जन्मदिन पर मोतीलाल प्रसाद साहू ने भी परिवार के लोगों एवं ग्रामीणों को स्वस्थ व लंबी आयु जीने का तरीका भी बताया। उनके पोते मंटू कुमार ने कहा कि यह हमारे परिवार के लिए गर्व की बात है कि हमारे घर के बुजुर्ग की उम्र सौ वर्ष की है। आज अनियमित खान-पान एवं दिनचर्या से लोगों की औसत आयु 60-70 के बीच रह गई है, पर उनके दादा ने सौ वर्ष पूरे कर एक मिसाल कायम किया है। बता दें कि वयोवृद्ध समाजसेवी मोतीलाल प्रसाद साहू का सामाजिक क्षेत्र में बड़ा नाम है, ग्रामीण बताते हैं कि उन्होंने समाज के गरीब वर्ग के लोगों की मदद को हमेशा तत्पर रहते हैं, उन्होंने अपने यहां काम करने वाले कई गरीबों को जमीन तक दान दी है, साथ ही बहन बेटियों की शादी में भी काफी मदद करते आए हैं। जन्मदिन की मौके पर मंटू कुमार, उमा साहू, आभा साहू, ब्यूटी साहू, कृष्णा प्रसाद साहू, मालती देवी, अभय साहू, अदिति साहू, ग्राम प्रधान विगू उरांव, वीरेंद्र उरांव, राजकुमार ठाकुर, आनंद यादव, सीताराम उरांव, प्रसाद उरांव, कृष्णा उरांव, झरी उरांव, वार्ड सदस्य जगेश्वर उरांव, राजदीप ठाकुर, अजय उरांव, अजीत उरांव समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## मोटरसाइकिल सवार ने महिला को मारा धक्का

**बालूमाथ।** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के बालू भाग पंचायत के चरकी डोरी ग्राम के समीप बुधवार की देर शाम अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने पर्वतीया देवी 55 वर्ष पति जगदेव गंझू ग्राम गुरुवे बालूभांग थाना बरियातू को धक्का मार दिया। जिससे पर्वतीया देवी गंभीर रूप से घायल हो गई ।परिजनों द्वारा घायल अवस्था में पर्वतीया देवी को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहाँ चिकित्सक डॉक्टर ध्रुव कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया ।परिजनो ने बताया कि पर्वतीया देवी बालूभांग ग्राम में लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार में जरूरत के सामान खरीदने गई थी। और वह पैदल अपने घर वापस आ रही थी। इसी बीच अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने धक्का मार कर फरार हो गया।

## केबल लगाने के दौरान पोल से गिरकर दो घायल

**बालूमाथ।** टोरी-शिवपुर रेलखंड अंतर्गत बीराटोली में गुरुवार को केबल तार लगाने के दौरान पोल से नीचे गिरकर दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राजेश कुमार यादव 35 वर्ष पिता झुमन महतो ग्राम कोडरमा निवासी एवं रामलक्ष्मण बैगा 22 वर्ष पिता गोरेलाल बैगा ग्राम सोनभद्र उत्तरप्रदेश रेलवे में प्राइवेट कंपनी का बिजली केबल लगाने का कार्य करते हैं ।जहां पोल में केबल लगाने के दौरान पैर फिसल जाने से नीचे गिरकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद सहकर्मियों की मदद से दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद स्तिथि को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## चंदवा: बदला मौसम का मिजाज, गरज के साथ हुई बारिश, जन जीवन अस्त व्यस्त

**चंदवा।** चंदवा सहित आसपास के इलाकों में बुधवार दोपहर बाद से ही मौसम ने अपना मिजाज बदल लिया। गुरुवार को भी दूसरे दिन भी दोपहर बाद तेज गरज के साथ ओलावृष्टि व बारिश देखी गई, जो रुक-रुक कर देर शाम तक जारी रही, जिस कारण जन जीवन अस्त व्यस्त हो रहा। हालांकि खबर लिखे जाने तक बारिश व बज्रपात से किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सुचना प्राप्त नहीं हुई थी। इधर बेमौसम बरसात का सबसे ज्यादा मार चंदवा बाजार पर पड़ा, जहां बाजार बुरी तरह प्रभावित रहा।

## कालीचरण सिंह का बरवाडीह दौरा, समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

# ट्रेनों के ठहराव से लेकर खेल मैदान तक, सांसद को सौंपा ज्ञापन

▶▶ सांसद ने दी भरोसे की सौगात, विकास योजनाओं पर जल्द शुरू होगा कार्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह अपने दो दिवसीय दौरे के क्रम में गुरुवार को बरवाडीह पहुंचे। आदर्श नगर स्थित उत्तम मैरिज हॉल में पार्टी कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। सांसद ने संवाद कार्यक्रम आयोजित कर कार्यकताओं, पदाधिकारियों एवं आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और समाधान का भरोसा दिया। इस दौरान मंगरा पंचायत के ग्रामीणों ने सांसद से अंडरपास निर्माण की मांग की, जिस पर सांसद ने बताया कि यह मामला संसद में उठाया जा चुका है और रेल मंत्री से सकारात्मक आश्वासन मिला है। डीपीआर तैयार हो रहा है और आने वाले महीनों में कार्य धरातल पर दिखेगा। वहीं, छैचा पंचायत के किसानों ने सिंचाई के लिए नहर निर्माण की मांग रखी। गढ़वाटाड़ के लोकनाथ राम समेत अन्य ग्रामीणों ने खेल मैदान की चारदिवारी और स्टेडियम निर्माण की मांग का ज्ञापन सौंपा। सांसद ने यह भी बताया कि केंद्र सरकार की ओर से बरवाडीह को केंद्रीय विद्यालय की सौगात मिली है, जिसकी स्थापना प्रक्रिया अंतिम चरण में है। आगामी शैक्षणिक सत्र में नामांकन शुरू करने की दिशा में प्रयास तेज कर दिए गए हैं।



सांसद कालीचरण सिंह मांगपत्र सौंपते पंसस प्रवीण कुमार

**बरवाडीह में दो ट्रेनों के ठहराव की मांग**

पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार ने सांसद कालीचरण सिंह से रांची-नई दिल्ली गरीबरथ (12877/78) और धनबाद-मुंबई एलटीटी एक्सप्रेस (03379/80) का ठहराव बरवाडीह स्टेशन पर कराने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि इन ट्रेनों का रात्रि समय होने से यात्रियों को डालटनगंज जाना पड़ता है, जिससे समय और पैसे दोनों की बबार्दी होती है। उन्होंने इस पर त्वरित कार्रवाई की अपील की है। इस मौके पर चतरा जिला सांसद प्रतिनिधि विनय कुमार सिंह, मंडल कोषाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद ओपी, जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह, प्रमुख सुशीला देवी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, सुनील सिंह, रेखा पाठक, विनय चंदेल, महामंत्री मनोज प्रसाद, मनोज यादव, पारस जायसवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शव पहुंचते छाया मातम



**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र से अरुणाचल काम करने गए मनोज यादव (30) पिता राजेश्वर यादव ग्राम डाढ़ा कटाई टोला निवासी की मौत हो गई। परिजनों ने बताया की परिवार के जीवन यापन के लिए मनोज अरुणाचल काम करने गया था जहां काम करने के दौरान पॉपलेन के बॉकेट से चोट लग गई। जहां इलाज के लिए ले जाया गया। चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद शव को झारखंड के लातेहार जिला बारियातू डाढ़ा पैतृक गांव भेजा गया। बारियातू पुलिस ने सहयोग करते हुए शव को लातेहार मे विधिवत पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। शव घर पहुंचते ही परिजनों मे चीख चित्कार मे बदल गई। शव को स्थानीय मुक्ति धाम मे दाह संस्कार कर दिया गया। मौके पर जिप सदस्य रमेश राम, समाज सेवी नंदू उरांव, ग्रामीण राजेश यादव, सुरेश यादव, जगदीश यादव, बरतु यादव, शम्भू ठाकुर, रविंद्र यादव, गिरधारी यादव सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# भाजपा मंडल की बैठक संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** भारतीय जनता पार्टी मंडल बालूमाथ अध्यक्ष के चयन लिए राय शुमारी कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें चार नाम प्रस्ताव में आये। जिसमे मंडल मंत्री अखिलेश भोक्ता, मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता, मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा एवं मंडल महामंत्री विजय यादव, मंजू देवी शामिल है। उक्त राय रायशुमारी कार्यक्रम जिला मंत्री व बालूमाथ मंडल प्रभारी शंभू प्रसाद की उपस्थिती में हुआ। जिसका संचालन मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता ने किया इससे पूर्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित व वंदे मातरम से कार्यक्रम की शुरूआत की गई एवं उपस्थित सभी अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। शम्भू प्रसाद ने बताया कि मंडल अध्यक्ष की राय शुमारी के लिए कार्यकर्ता अपना-अपना उम्मीदवार का प्रस्ताव रखा एवं दूसरा कार्यकर्ता उम्मीदवार का समर्थन किया। चयनित सभी नमो को जिला व प्रदेश को भेजा जायेगा। जिस पर जिला व प्रदेश के द्वारा इन नाम पर मंडल अध्यक्ष के लिए किसी एक पर मुहर लगेगी। मौके पर गिरधारी यादव, रामजी सिंह, प्रेम प्रसाद गुप्ता, त्रिवेणी साहू, रविंद्र प्रसाद सिन्हा, सुनील पांडे, संजीव कुमार सिन्हा, दशरथ ठाकुर, महुआडाढ मंडल महामंत्री प्रशांत सिंह, उपाध्यक्ष मोहन यादव, हरिभजन सोनी, राजेंद्र साहू, अमित कुमार, राजेंद्र प्रसाद, शिवनारायण साहू, अशोक साहू, पंचानंद पांडे, प्रमेश पांडे, पंकज सिन्हा, अर्जुन सिंह रघुनंदन सोनी, गजेंद्र हिमांशु संजीव कुमार गुप्ता, संतु भगत, अनूप वर्मा, रविंद्र प्रसाद गुप्ता, उदय यादव, सुरेंद्र मुंडा, तुलसी प्रसाद, मोहन पांडे, अमित गुप्ता पवन यादव समेत कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ब्रजपात से किसान घायल

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के डाढ़ा ग्राम में ब्रजपात होने से एक किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गनु यादव 40 वर्ष पिता तुली यादव ग्राम डाढ़ा थाना बारियातू निवासी मवेशी चरा रहा था। तेज बारिश होने लगी जहां तेज बारिश के बीच हुए ब्रजपात की चपेट में गनु यादव आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया घटना के बाद परिजनों के सहयोग से गनु यादव को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।


## ग्राम सभा मे सहायिका चयन के बाद नहीं दे पायी घुस तो प्रवेक्षक ने कर दिया दूसरे को चयन उपायुक्त से लगाई न्याय की गुहार

# एक लाख रुपये घूस की मांग, नहीं देने पर दूसरी महिला का चयन करने का आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड के बालुभांग पंचायत अंतर्गत ग्राम इंदुआ मे आंगनबाड़ी सहायिका के चयन में कथित रूप से घूसखोरी की शिकायत उपायुक्त से की गई है। चयनित अभ्यर्थी मंजु देवी पति महेंद्र गंझू ने उपायुक्त को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने अपने आवेदन में चयन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। मंजु देवी ने अपने आवेदन में स्पष्ट कहा है कि ग्राम सभा में सर्वसम्मति से मेरा नाम चयन आंगनबाड़ी सहायिका के पद के लिए किया गया था। लेकिन चयन प्रक्रिया के बाद प्रवेक्षक द्वारा एक लाख रुपये की मांग की गई। जब मै पैसे देने से इंकार कर दिया तो प्रवेक्षक ने कथित तौर पर किसी विधिवत चयन प्रक्रिया के पुनम कुमारी पति रितेश कुमार गंझू से रिश्वत लेकर चयनित कर दिया।

**परहीया जनजाति के पुत्री के साथ अधिकारों और आरक्षण का उलंघन**



मंजु देवी ने यह भी बताया कि मैं बाजो परहिया की पुत्री हूं। और आदिम जनजाति श्रेणी से आती हूँ। ऐसे में उनके साथ सिर्फ अन्याय नही व्यक्तिगत स्तर पर पीड़ादायक है। यह आदिम जनजाति समुदाय के आरक्षण और अधिकारों का भी उल्लंघन है। उन्होंने उपायुक्त से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी प्रवेक्षक पर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही वास्तविक चयन को बहाल करने की गुहार लगाई है। स्थानीय लोगों ने भी इस मामले पर रोष व्यक्त करते हुए कहा है कि यदि चयन प्रक्रिया में इस तरह की अनियमितता और घूसखोरी होगी तो वास्तव में पात्र और जरूरतमंद महिलाएं अवसरों से वंचित रह जाएंगी। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस गंभीर मामले पर क्या उचित कार्रवाई करती है और क्या मंजु देवी को न्याय मिल पाता है। इस संबंध में पंसस राजेश राम ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से मंजु देवी का सहायिका पद के लिए चयन किया गया था। अब दुसरा ग्राम सभा कर फर्जी तरीके से दुसरा का नाम चयन कैसे हुआ मेरे जानकारी मे नही है।

# डीवीसी तुबेद कोयला खान ने की ग्राम विकास सलाहकार समिति की बैठक



बैठक में उपस्थित अधिकारी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** दामोदर घाटी निगम तुबेद तुबेद कोयला खान की ओर से गुरुवार को ग्राम विकास सलाहकार समिति की बैठक होटल सेलिब्रेशन में आयोजित की गयी कबैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, सांसद प्रतिनिधि अमलेश कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह, प्रमुख लातेहार परशुराम लोहरा, बीडीओ प्रतिनिधि हरेन्द्र पाल भगत, मुखिया डीही पंचायत प्रमिला देवी, मुखिया नेवाड़ी पंचायत अमरेश उरांव, पीएपी के प्रतिनिधि मोङ्क उमर आलम, मोङ्क खुर्शीद आलम, मोङ्क बोंबी एवं अन्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया क बैठक का उद्देश्य सीएसआर द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष में किये गए कार्यों की समीक्षा करना एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान सीएसआर द्वारा किये गए कार्यों को अंतिम रूप देना था।

**परियोजना से सटे गांव को प्राथमिकता देते हुए कार्यों को करने पर दिया गया जोर**

सर्वप्रथम वरिष्ठ महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान अरबिंद कुमार ठाकुर ने बैठक में आये सभी प्रतिनिधियों का स्वागत किया कबैठक में सहायक प्रबंधक (सीएसआर) संजीव कुमार द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष में किये गए कार्यों पर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया एवं सीएसआर गतिविधियों के भविष्य के रोड मैप पर चर्चा की गयी कबैठक में आये हुए प्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र में सड़क निर्माण, सोलर स्ट्रीट लाइट, पेयजल, विद्यालय भवन का निर्माण, खेल के मैदान का विकास, ट्रांसपोर्ट रुट पर पानी का छिडकाव, युवाओं और महिलाओं के लिए विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करने पर विस्तृत चर्चा हुई कसबसे पहले परियोजना से सटे जो गाँव हैं उनको प्राथमिकता देते हुए कार्यों को करने पर जोर दिया गया।

**बैठक का धन्यवाद ज्ञापन अपर समाहर्ता लातेहार ने किया**

बैठक में उप महाप्रबंधक (खनन) मनीष कुमार, उप महाप्रबंधक (खनन) दीपक कुमार, उप महाप्रबंधक (खनन) मिथिलेश कुमार, प्रबंधक (खनन) शैलेन्द्र कुमार, प्रबंधक (सिविल) दीपक कुमार, चिकित्सक सुदर्शन, सहायक प्रबंधक (तकनीकि) फैसल नवाज आदि शामिल थे।

## छह माह से मानदेय नहीं मिलने के विरोध में सरकारी शराब दुकानें बंद, दिया धरना

# मानव प्रदाता कंपनी पर मनमानी का आरोप, उपायुक्त को सौंपा गया ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** जिले में संचालित सभी सरकारी शराब दुकानें 10 अप्रैल से अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दी गई हैं। यह निर्णय दुकान प्रभारियों और सहायकों ने छह माह से लंबित मानदेय और मानव प्रदाता कंपनी की मनमानी के विरोध में लिया है। इन कर्मियों ने बुधवार को समाहरणालय के समक्ष धरना देकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा और अपनी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने की अपील की। ज्ञापन में बताया गया कि केएस मल्टीफैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित शराब दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों को अक्टूबर 2024 से अब तक मानदेय नहीं दिया गया है। इसके चलते उन्हें गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। स्कूलों में नया सत्र शुरू होने के कारण बच्चों की पढ़ाई-लिखाई और आवश्यक सामग्री की व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। कर्मचारियों ने यह भी आरोप लगाया कि जब मानदेय की मांग की जाती है तो कंपनी के मुख्य को-ऑर्डिनेटर मनोज यादव और जिला समन्वयक रंजीत यादव की ओर से उन्हें नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि कंपनी के लोग कई बार अवैध रूप से पैसों की मांग करते हैं, और मना करने पर उन्हें हटाकर अपने चहेते लोगों को बहाल कर घपलेबाजी की जाती है। एक अन्य गंभीर आरोप यह है कि 26 मार्च को अमवाटीकर मोड़ स्थित शराब दुकान में मनोज यादव और उनके सहयोगियों ने अवैध रूप से पैसे की मांग की थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया, जिसमें दो लोगों को जेल भेजा गया था। धरना देने वालों ने उपायुक्त से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए लंबित मानदेय का भुगतान शीघ्र कराया जाए और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। धरना देने वालों में आयुष कुमार, भीष्म राम, दीपक कुमार, रोशन कुमार, नागेंद्र प्रसाद, शशि कुमार, अमित कुमार, राहुल कुमार, कन्हाई प्रसाद, विकेंद्र कुमार, सूरज कुमार, सरदार प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, रविंद्र प्रसाद, सतीश प्रसाद, शशिभूषण कुमार, अजीत कुमार, हीरानंद प्रसाद, संजय कुमार आदि शामिल थे।



# बोकारो : बीएसएल से सेवानिवृत्त कर्मियों के लिये 'एक नये सफर' कार्यक्रम का आयोजन

**उत्कर्ष बैंक के क्लस्टर हेड चन्दन कुमार अरोड़ा की टीम के सदस्यों ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सीनियर सिटीजन के लिए धन निवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी**




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से अप्रैल 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले कुल 45 कार्मिकों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में मानव संसाधन के अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ के द्वारा एक नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वरीय प्रबंधक- मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ कल्पना ने नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया।

मेडिकल ऑफिसर डॉ जया लक्ष्मी और योग विशेषज्ञ कृष्ण बंधु मिश्रा ने इस्पात कर्मियों को योग के माध्यम से स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया। उप प्रबंधक वित्त एवं लेखा दीपशिखा ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन तथा नगर प्रशासन विभाग से एजीएम जितेंद्र कुमार ने आवास प्रतिधारण नीति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उत्कर्ष बैंक के क्लस्टर हेड चन्दन कुमार अरोड़ा की टीम के सदस्यों ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सीनियर सिटीजन के लिए धन निवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। फिजा परवीन ओसीटी मानव संसाधन-अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया।

कार्यक्रम का समापन वरीय प्रबंधक कल्पना के धन्यवाद ज्ञापन से किया गया।

# दामोदर बचाओ आंदोलन के सदस्यों ने चास नगर निगम आयुक्त से की मुलाकात

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** दामोदर बचाओ आंदोलन का एक प्रतिनिधि मंडल चास नगर निगम के आयुक्त से मिला और पूर्व में दिए गए ज्ञापन के आलोक में की गई कार्रवाई एवं समाधान को लेकर जानकारी ली। उपायुक्त महोदया द्वारा दिए गए निर्देश के बावजूद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

बताते चलें की जल एवं वायु प्रदूषण की रोकथाम हेतु उचित कार्रवाई निगम क्षेत्र में, खासकर नदियों को प्रदूषित एवं अतिक्रमण करना एनजीटी के नियमों का उल्लंघन है और अपराध की श्रेणी में आता है। नियमों के अनुसार नदियों के 15 मीटर की दायरे में किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं होना चाहिए। नगर निगम की खुद का सीवरेज सिस्टम की व्यवस्था नहीं होने के कारण आवासीय कॉलोनी का सारा गंदा पानी गरगा नदी में गिराया जा रहा है जिसके कारण प्रदूषित जल उपयोग के लायक नहीं है। निगम आयुक्त ने कहा कि अभी तक डीपीआर बनने की प्रक्रिया में है, बन नहीं पाया है। उन्होंने और समय मांगा है। हमलोगों ने कहा कि अब अगर यह कार्य नहीं हुआ तो हम नगर विकास सचिव एवं एनजीटी को संपर्क करके त्वरित कार्रवाई की मांग करेंगे ताकि जन समस्याओं का समाधान हो। जनता त्राहिमाम की स्थिति में है। पानी सफाई स्ट्रीट लाइट जैसी तमाम समस्या जस की तस है। आज तक कचरा निष्पादन प्लांट नहीं बन सका। कचरा खुले में एनएच-32 के किनारे फेंका जा रहा है। आग लगाकर कचरा जलाने से जहरीली गैस निकल रही है- इस पर भी किसी तरह का कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से दामोदर बचाओ आंदोलन के जिला संयोजक सुरेंद्र प्रसाद सिन्हा विक्रम महतो गोपाल साह आशीष कुमार महतो करमचंद गोप आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### जारंगडीह मे 13 अप्रैल को सीएम के आगमन को लेकर तैयारी जोरो पर



बेरमो। 13 अप्रैल को जारंगडीह भूमिगत खदान के समीप जुग जाहेर सरना धर्म गढ़ के ओर से आयोजित बाहा बोंगा सरहुल पूजा मे राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, मंत्री विधायक आने के पूर्व बाहा बोंगा पूजा स्थल से मुख्य सड़क सहित कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई मे कमेटी के लोग सहित महागठबंधन के साथी जुटकर तैयारी जोरो पर शुरू कर दी है। मंगलवार को सुबह से ही कई डोजर व जेसीबी से झाड़ी नुमा जंगल की सफाई सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम होने वाली मैदान का समतलीकारण किया जा रहा है। यहां साफ सफाई कार्य मे जुटे कमेटी के लोगो ने बताया की बाहा बोंगा सरहुल पुरे धूमधाम से मनाया जायेगा। राज्य के मुख्यमंत्री का आगमन होगा राज्य के कई मंत्री विधायक सहित आदिवासी समाज के प्रमुख शिरकत करेंगे। आगे उन्होंने बताया की सरहुल पूजा 13 अप्रैल के सुबह से ही नायके हड़ाम के अगुवाई मे की जाएगी। दोपहर के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। यहां साफ सफाई के अलावे रंग रोगन व लाइट की समुचित व्यवस्था की जाएगी समय समय पर पानी का छोड़काव भी किया जायेगा। मौके पर कमेटी के अध्यक्ष फेनीराम सोरेन, सचिव करमचंद हांसदा, अनंत कुमार मुर्मू, बेरमो विधायक प्रतिनिधि विल्सन फ्रांसिस उर्फ बबलू, सुखनाथ मुर्मू, गोपीन मुर्मू, मुखिया प्रतिनिधि सीताराम मुर्मू, मन्नू मांझी, बाबू मुंडा, जितेन्द्र पासवान आदि उपस्थित थे।

### गोमिया विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में मंत्री ने 10 करोड़ की योजनाओं का किया शिलान्यास



कथारा। पेयजल एवं स्वच्छता तथा मध एवं निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने गोमिया विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में एनआरईपी सहित अन्य मदों से लगभग 10 करोड़ के योजनाओं का शिलान्यास किया। उन्होंने होसीर, गोमिया, सरचिया, कथारा आदि सहित अन्य जगहों पर कई योजनाओं की आधारशिला रखी। गोमिया प्रखंड के कथारा पंचायत के कथारा बस्ती में एनआरईपी बोकारो के मद द्वारा लगभग 48 लाख कि लागत से बनने वाले पीसीसी सड़क की आधारशिला रखते के बाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि गोमिया की जनता ने जिस विश्वास और आशीर्वाद के साथ विधायक के साथ मंत्री बनाने का कार्य किया है। उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करेंगे। गोमिया विधानसभा में पूरी तरह से पेयजल की समस्या को दूर करना उनकी प्राथमिकता में है। इस मौके पर रामकुमार यादव,शकील राज, राजेंद्र यादव, गणेश यादव, सतेन्द्र कुमार दास, अशोक यादव, हेमू यादव सुन्दर यादव, टुकटुक, काशी तुरी राजेश पाण्डेय आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### चिन्मय विद्यालय में हनुमान जयंती 12 अप्रैल को

बोकारो। चिन्मय मिशन बोकारो के तत्वाधान मे चिन्मय विद्यालय में हनुमान जयंती धूम धाम से मनाया जाएगा। इस भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन 12 अप्रैल 2025 को संध्या 6 से 8 तक विद्यालय के तपोवन सभागार में आयोजित किया जाएगा। हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर चिन्मय मिशन की आचार्या परम पूज्य स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती के सानिध्य में 11बार हनुमान चालीसा एवं अष्टोत्तरशतनाम का पाठ किया जाएगा। स्वामिनी संयुक्तानंद सरस्वती ने हनुमान जयंती के अवसर पर कहा कि विश्व कल्याण, सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए आयोजित पूजा में विद्यार्थियों शिक्षकों के साथ साथ अभिभावक एवं नगरवासी भी सम्मिलित होंगे।

### अनियंत्रित कार ने खड़ी ट्रक में मारी टक्कर, क्षतिग्रस्त हुई कार

दुमका जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में दुमका-पाकुड़ मुख्य पथ पर अनियंत्रित कार असंतुलित होकर खड़ी ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना इतनी जबरदस्त घटी की कार के परखच्चे उड़ गए। हलांकि की एक बड़ी अनहोनी होने से बच गया। कार के बाये ओर से टकराने के कारण चालक की जान बच गई। हलांकि अचानक हादसा होने से चालक का सिर कार के स्टेडिंग से टकरा गया। जिससे चालक को गंभीर चोट आयी। कार के शिशे टूटने से चालक लहूलुहान हो गया। जानकारी के अनुसार कोलकता से कार सवार दुमका की ओर आ रहा था। जहां रास्ते में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुमका-पाकुड़ मुख्य पथ पर दासोरायडीह पेट्रॉल पंप के समीप चालक की आंख लग गई। जिससे चालक का कार पर से संतुलन खो गया और सड़क किनारे लाईन होटल के समीप खड़ी ट्रक में पिछे से टक्कर मार दिया। जिससे कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और घायल घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से किसी प्रकार कार चालक को गाड़ी से बाहर निकाला गया। घटना के बाद ट्रक लेकर चालक निकलने में कामयाब रहा। सूचना पर कार चालक के साथी और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के पहुंचने से पहले कार सवार चालक को उसके साथियों द्वारा इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया। मौके पर पुलिस पहुंच दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई। घायल कार चालक दुधानी मिशनरी से जुड़ा है। वह संत जोसेफ वीटीआई, दुधानी में रहता है। वह मूलरूप से केरल का रहने वाला बताया गया। जो तमिल भाषी है। घायल चालक का नाम ब्रदर जॉन है।

### साईबर फ्रॉड के मामले में युवक हिरासत में

दुमका। साईबर ठगी के मामले में नगर थाना पुलिस द्वारा कुछ युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लेने की सूचना है। पुलिस नगर थाना क्षेत्र के रसिकपुर लॉज से युवकों को हिरासत में लेने की सूचना है। वरीय पुलिस पदाधिकारियों के पूछताछ में ही कुछ स्पष्ट हो सकेगा। मामले में पुलिस कुछ भी कहने से बच रही है।

### युवकों की टोली ने एक युवक को जमकर पीटा

दुमका। शहर के नगर थाना क्षेत्र के राखाबानी मोड़ के समीप कोचिंग सेंटर के समीप युवकों की टोली ने एक युवक को जमकर पीटाई कर दिया। युवकों की टोली ने कोचिंग संस्थान के समीप एक युवक को करीब तीन-चार युवकों ने बेल्ट खोल पिटाई करने लगे। बाद में स्थानीय लोगों के जुटने पर युवकों ने छोड़ा। युवकों ने पिटाई करने के बाद पिटाई खाने वाले युवक को साईबर फ्राड से जुड़ा बताया। वहीं पीड़ित युवक ने पिटाई करने वाले युवकों के बारे में बताया कि उसकी बहन के दोस्त है सभी। मौके पर खड़ी युवती को भी पिटाई करने वाले युवकों ने डांटा। उसके बाद युवती बगल में अपने किराए के मकान में सबकुछ होता देख चली गई।

## बेरमो : मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने आधुनिक मत्स्य भवन का किया शिलान्यास, कहा

# हमारी सोच व कार्य जनहित को समर्पित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मत्स्य भवन का शिलान्यास करते पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद।

**बेरमो।** पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने गुरुवार को तेनुघाट दो नंबर और तीन नंबर में भवन निर्माण द्वारा मत्स्य विभाग से स्वीकृत आधुनिक मत्स्य के रूप में विकास कार्य (प्रथम चरण)का शिलान्यास किया।

इस दौरान मंत्री ने कहा कि पिछले 5 वर्षों से गोमिया क्षेत्र के विकास के रफ्तार रुका हुआ था उसे पुन चालू किया जा रहा है। क्षेत्र का सर्वांगीण विकास और क्षेत्रवासियों की हर आवश्यकता को पूरा करना सरकार की प्राथमिकता है। सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए हम कृत संकल्पित होकर निरंतर कार्य कर रहे हैं। सरकार जन-जन के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। गांवों को सड़क से जोड़ने की योजना हो, किसानों के लिए सिंचाई की सुविधा हो, युवाओं को स्वरोजगार व रोजगार के अवसर देने की योजना हो या महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए कदम हो, हमारी सोच और कार्य दोनों जनहित के लिए समर्पित हैं।

बताया कि मत्स्य पालन करने के लिए यह बहुत अच्छी जगह है। यहां पहले भी मत्स्य पालन किया जाता था। मगर रख रखाव के कारण यहां जो कमी आई है उसी को लेकर आज मत्स्य विभाग के द्वारा बनाई जा रही मत्स्य प्रक्षेत्र का आधुनिक मत्स्य प्रक्षेत्र के रूप में विकास कार्य के प्रथम चरण का भूमि पूजन किया जा रहा है।

यहां की जनता को सस्ता मछली उपलब्ध होगा और साथ ही साथ यहां एक ऐसा वातावरण मिलेगा इसमें लाइट, फाइबर ब्लॉक बिछाया जाएगा। यहां पर मछली का तालाब है यहां पर बच्चे घूमने के लिए आएंगे। साथ ही साथ पर्यटन स्तर पर भी कार्य किया जाएगा। जिससे पर्यटक यहां आएंगे और अच्छा वातावरण महसूस करेंगे और पर्यटक के रूप में यह विकसित होगा।

साथ हीं पूछने पर बताया कि तेनुघाट गोल्डन जुबली मैदान की स्टेडियम की हालत जो जर्जर है उसका जल्द ही मरमत कराया जाएगा। ताकि खिलाड़ियों को परेशानी ना हो और अपने खेल प्रतिभा को अच्छी तरह दिखा सके।

### दुमका : ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**दुमका।** नाला पर कमजोर स्लैब के विरोध में दुमका-पाकुड़ मुख्य मार्ग को सदर प्रखंड कार्यालय के आगे स्थानीय लोगों ने जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। करीब 2 घंटे के मार्ग अवरुद्ध रहने के बाद प्रशासन ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम समाप्त कराया। दरअसल सदर प्रखंड कार्यालय से आगे शांति नगर, श्री अमडा के पास एक सड़क बाल गृह एवं विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान की ओर जाता है। मुख्य सड़क और ग्रामीण सड़क के बीच एक नाला है। दोनों सड़कों को जोड़ने के लिए हाल ही में संवेदक द्वारा नाला पर लोहे के रोड का स्लैब बनाकर रखा गया है। ताकि लोगों के आवागमन में सुविधा हो सके। लेकिन वह स्लैब काफी कमजोर बनाया गया है। जिससे आए दिन उस स्थान पर दो पहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है। गुरुवार को भी एक स्कूटी के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद ग्रामीणों का आक्रोश भड़क गया और स्लैब दुरुस्त करने की मांग को लेकर दुमका पाकुड़ मुख्य मार्ग को जाम कर दिया।

### एफ एल एन चैंपियनशिप में तौहीद को छठा स्थान प्राप्त करने पर अनिल अग्रवाल ने किया प्रोत्साहित



बेरमो। जरीडीह बाजार निवासी इजाज कुरेशी के पुत्र तौहीद कुरेशी को झारखंड राज्य स्तरीय एफ एल एन चैंपियनशिप बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता अभियान के तहत पीएन श्री मध्य विद्यालय बेरमो जरीडीह बाजार के द्वितीय कक्षा के छात्र तौहीद कुरैशी को झारखंड में छठा स्थान प्राप्त करने पर झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के द्वारा रांची में सम्मानित किया गया वही वापस जरीडीह बाजार आने पर अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष सह झामुमो नेता अनिल अग्रवाल ने तौहीद को सम्मानित किया साथ में शिक्षिका देवंती देवी को भी सॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया देवंती देवी ने बताया कि इस चैंपियनशिप में बोकारो जिला को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है जिला से चैंपियनशिप के लिए 17 बच्चे का चयन किया गया था तौहीद ने गणित विषय में चैंपियनशिप में हिस्सा लिया था जिसमें राज्य स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया साथ देवंती देवी शिक्षिका को भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने हेतु शिक्षा मंत्री के द्वारा प्रमाण पत्र और रिवार्ड देकर सम्मानित किया गया मौके पर अध्यक्ष प्रदीप साव उपस्थित रहे।

### कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढोरी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया महावीर जयंती




बेरमो। कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन, ढोरी के प्रांगण में मध्यांतर के बाद जैन धर्म के 24 में तीर्थंकर वर्तमान महावीर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्जन के साथ हुई। इस जयंती में मंच संचालन का कार्य कक्षा सप्तम की बहन वीणा कुमारी,मेघा कुमारी,मनसा मिश्रा के द्वारा किया गया। बहनों ने वर्तमान महावीर के त्याग, करुणा, ममता एवं उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय की दीदी जी संजू ठाकुर जी का पाथेय भैया बहनों को प्राप्त हुआ। वर्तमान महावीर के पंच सिद्धांत अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह की उपादेयता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रण सुमन सिंह सचिव धीरज कुमार पांडे आचार्य नित्यानंद मिश्रा, देवाशीष ओझा, दीपक कुमार, शैलेंद्र सिंह, शिवपूजन सोनी, कुमार गौरव, जय गोविंद प्रमाणिक, मंतोष प्रसाद, ह्रषिकेश तिवारी प्रदीप कुमार महतो, दीदी जी में शैलबाला कुमारी, विभा सिंह, अनिता कुमारी, वीणा कुमारी, नंदनी कुमारी, सुषमा कुमारी, प्रीति प्रेरणा सिंह व विद्यालय के भैया-बहन, कर्मचारी उपस्थित थे।

## बीएंडके के खासमहल पीट आफिस में सिस्टा के बैनर तले बैठक सम्पन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के खासमहल पीट ऑफिस में सिस्टा के बैनर तले एक अहम बैठक की। एस एच पूर्ति के अध्यक्षता में बैठक का संचालन राजेन्द्र ने किया। सभी माइनिंग स्टाफ के साथ भिन्न-भिन्न विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित हुए और एक सुर में हमारे पूज्यनीय बाबा आंबेडकर जयंती को बड़े हर्ष-उल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया। 14 और 16 के कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु तन मन धन से समर्थन देने की बात कही। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पूजनीय बाबा साहेब ने देश के लिए जो योगदानों दिया हम देशवासी और अनुसूचित जाति और जनजाति कभी भूल नहीं सकते। बैठक में कोल इंडिया सीसीएल के सिस्टा के महासचिव आरएन राम साथ बी एंड के क्षेत्र के एरिया प्रेसिडेंट आलोक अकेला ने आगामी कार्यक्रम की रूप रेखा की विस्तृत चर्चा और जानकारी दी। बड़ी संख्या में सदस्यों ने बैठक में हिस्सा लिया। जिसमें एस एच पूर्ति, भूषण मांझी, कैलाश जी, शिव कुमार विरुलि, राम सुंदर बेसरा, मनोज कु सवैया, कृष्ण चारी हेंब्रम, राजेंद्र कुमार, दीपक, प्रदीप मुर्मू, दीपक पासवान, देवेंद्र, सुरेंद्र मुंडा, सुशील किस्कू, मिथलेश उरांव, शिशिर कच्छप, सूरज टुडू, अविनाश हेंब्रम आदि उपस्थित थे।

# जैन धर्मावलंबियों ने वैश्विक शांति व सद्भावना के लिये नवकार महामंत्र का किया अनुष्ठान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** जैन धर्मावलंबियों ने विश्व शांति और सद्भावना के विकास हेतु जैन मिलन सेक्टर 2 स्थित तेरापंथ भवन में नवकार महामंत्र का सामूहिक अनुष्ठान किया। इस विश्वव्यापी अनुष्ठान का आयोजन भारत सहित दुनिया के लगभग 108 देश में एक साथ किया गया।

जैन मिलन के अध्यक्ष संजय बैद ने कहा कि इस मंत्र के उच्चारण से व्यक्ति अपनी अंतर्चेतना को जागृत कर सकता है। संजय बैद ने कहा कि इस अनुष्ठान के माध्यम से विश्व शांति सहयोग सद्भावना एकता एवं परस्पर बंधुत्व का संदेश मुखर होगा। नवकार महामंत्र जैन धर्म का प्राण तत्व है। महामंत्र की वैज्ञानिकता इसकी शब्द संरचना में और प्रभावशीलता इसके जप से स्वस्थ होने वाले शारीरिक और मानसिक बीमारियों में इसकी उपयोगिता निर्विवाद है। जैन मिलन के पूर्व सचिव श्याम जैन ने कहा कि आवश्यकता है कि नवकार महामंत्र की आराधना में जप-भक्ति और ज्ञान का सामंजस्य हो। जैन मिलन के सचिव आलोक जैन ने बताया कि पंथ संप्रदाय से ऊपर उठकर जैन श्रद्धालुओं ने इस अनुष्ठान में उपस्थित होकर अपनी आत्म शक्ति को जागृत किया।

जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष विनोद चोपड़ा ने कहा कि आध्यात्मिक दृष्टि से मंत्र की साधना करने का अर्थ है चेतना का विकास। इस अवसर पर डॉ महेंद्र जैन सुभाष जैन सुशील बैद चंदन बांठिया अंकित जैन विमल जैन विपुल मेहता सतीश जैन कमल जैन विमल सेठ काकू भाई दीपक जैन जयचंद बांठिया राजेश कोठारी अजय लूंकड निर्मल रामपुरिया शांतिलाल लोढ़ा कमलकांत जैन विकास जैन अनिमेष जैन प्रदीप बैसाखिया केतन मेहता तेजस ध्रुव मानिक छल्लानी सुरेंद्र जैन सहित जैन समाज के गणमान्य जन एवं बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित थीं।

### 12 अप्रैल को रांची में आयोजित होगा जनसेवक समागम 2025, गोड्डा से शामिल होंगे 89 जनसेवक



गोड्डा। झारखण्ड राज्य जनसेवक संघ द्वारा 12 अप्रैल को लालगुटुआ बैंक्वेट हॉल ,कटहल मोड़,रांची में जनसेवक समागम कार्यक्रम 2025 आयोजित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम मे मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग शिल्पी नेहा तिर्की बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी। दरअसल,इस समागम कार्यक्रम के माध्यम से माननीय मंत्री राज्य के सभी जनसेवकों से रूबरू होकर उनके समस्याओं और मांगों के संबंध में सीधा संवाद करेंगी। उक्त जानकारी झारखण्ड राज्य जनसेवक संघ जिला ईकाई गोड्डा के मीडिया प्रभारी विनोद मेहरा ने दी। गोड्डा जिला सचिव राजीव साह ने कहा कि उक्त कार्यक्रम को लेकर जनसेवक संवर्ग में काफी उत्साह है। गोड्डा जिले से 89 जनसेवक उक्त कार्यक्रम में शामिल होंगे। जिला अध्यक्ष नंदलाल पंडित ने कहा कि पिछले कई वर्षों से जनसेवक संघ विभिन्न मांगों को लेकर लगातार आंदोलनरत हैं ।संघ के द्वारा जनसेवक संवर्ग की वरीयता सूची प्रकाशन, निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी परिवर्तन, पदनाम परिवर्तन, नियमित अंतराल में प्रोन्नति, गैर कृषि कार्य से मुक्ति,कृषि संबंधी कार्य में उचित सहभागिता इत्यादि विभिन्न मांगों को लेकर विभाग से पत्राचार करता रहा है। माननीय मंत्री महोदय द्वारा उपरोक्त सभी मांगों पर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया है ।

# ईद मिलन समारोह में मंत्री योगेंद्र प्रसाद का असनापानी में भव्य स्वागत


**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कथारा।** गोमिया प्रखंड के असनापानी मैदान में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जल संसाधन स्वच्छता एवं मध निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो का स्थानीय रहिवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मौके पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि इस पवित्र महीना में पूरे महीना भर ईद मिलन समारोह चलता है। उन्होंने कहा कि असनापानी के रहिवासियों की विचारधारा तथा उनकी समस्याओं से वे भली भांति परिचित है। उनके प्रयास से ही लगभग 8 वर्ष पूर्व यहां पानी टंकी लगाया गया था, ताकि रहिवासियों को जल संकट का सामना न करना पड़े। बावजूद इसके वर्तमान में यहां 10 से 15 दिन में पानी चलता है। ऐसा कौन सा खराबी उत्पन्न हो गया है कि रहिवासियों को समुचित पानी नहीं मिलता है। उन्होंने यह भी कहा कि आपने मुझे विधायक बनाया तो हम पेयजल विभाग के ही मंत्री बन गए। यदि कोई कमी है तो उसकी जिम्मेदारी हमारी है। मौके पर अंजुमन कमेटी असनापानी के सदर मो मुस्तकीम, कथारा पंचायत के पूर्व मुखिया मो मुस्ताक आदि ने मंत्री को यहां की समस्या से अवगत कराया। संचालन मो हसनैन रजा उर्फ गुड्डू ने किया। इस अवसर पर सीसीएल कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार, झामुमो बोकारो जिलाध्यक्ष डॉ रतनलाल मांझी, अनिल अग्रवाल, आनंद मुर्मू, पान बाबू केवट, फीनी राम मुर्मू, मुमताज आलम, बोकारो थर्मल थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह, कथारा ओपी प्रभारी रवि चौरसिया, निभा देवी, समाजसेवी डॉ सर्जन चौधरी, मुखिया पति सत्येंद्र दास, शमशुल हक, जुनैद आलम, निजाम, मो असमत, मो मिलाद हुसैन आदि उपस्थित थे।

# तेनुघाट एसडीपीओ ने मासिक अपराध गोष्ठी को लेकर की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** बेरमो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह के द्वारा कार्यालय कक्ष तेनुघाट में अपराध गोष्ठी की गई। जिसमें अनुमंडल अंतर्गत सभी पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी एवं ओपी प्रभारी मौजूद रहे। उन्हें सभी पुलिस पदाधिकारी को बीते माह में सभी पर्व ईद, सरहुल एवं रामनवमी जैसे पर्व शांति ढंग से निकलने पर आभार प्रकट कर बधाई दिया। आगे उन्होंने बताया कि अब पुलिस का जो मूल कर्तव्य है उस कार्य में लगने का निर्देश दिया गया है। सभी लंबित कांडों को शीघ्र निष्पादन और चोरी , छिनतई जैसे मामले को शीघ्र उद्भेदन करने पर जोर दिया गया है।अभी हाल ही में अंतर राज्य वाहन चोर गिरोह को पकड़ उद्भेदन किया गया है। अविलंब और भी कई मामलों का उद्भेदन शीघ्र किया जाएगा।

बहुत से पेंडिंग कांडों का निष्पादन किया गया है और नई केशो का रिव्यू किया जा रहा है। एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह ने अनुमंडल अंतर्गत सभी पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी एवं ओपी प्रभारी को उनके कार्य के प्रति की गई मेहनत पर हौसला बढ़ाते हुए सराहा है और निष्ठा पूर्वक कार्य करने की सलाह दिया।

### बोकारो के अपर एवं सत्र न्यायधीश प्रथम पवन कुमार को दी गयी भावभीनी विदाई



बोकारो। बोकारो के अपर एवं सत्र न्यायधीश प्रथम पवन कुमार के स्थानांतरण के अवसर पर एक भावपूर्ण विदाई दिया गया। इस अवसर पर इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने पवन कुमार को दुशाला ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनके नए कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। ज्ञातव्य हो कि उनका स्थानांतरण बोकारो से डाल्टेनगंज में हुआ है जहां वे अपनी नई जिम्मेदारियों को संभालेंगे। विदाई समारोह में उपस्थित अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश तृतीय देवेश कुमार त्रिपाठी ने पवन कुमार के बोकारो में उनके योगदान और निष्पक्ष न्याय के लिए उनकी प्रशंसा की। समारोह में अधिवक्ता विजय कुमार मिथलेश ओम प्रकाश लाल दीपिका सिंह समेत अधिवक्ता शामिल थे।

### सीसीएल एकेकेओसीपी मे कोयला व्यापारी और डीओ होल्डर मे रेट की नही बनी सहमति।

बेरमो। सीसीएल बीएडके क्षेत्र के एकेकेओसीपी मे कोयला व्यापारी और डीओ होल्डर मे रेट की नही बनी सहमति। डीओ होल्डरो ने कहा कि हमलोग सीसीएल के हित मे काम करते है। लेकिन लोकल सेल अपनी मनमानी करती है। कोयला व्यापारी का कोणार्क सेल बिलडिंग रेट 5500/- पड़ा है न्याय संगत रेट 6000/- होना चाहिए। कमिटी के द्वारा 5650/-दिया जा रहा है। इस रेट मे सहमती नही बनी। कोयला व्यापारियो ने कहा का जबतक रेट पर सहमति नही बनती है तबतक कार्ड नहीं उठाएंगे। व्यापारियो ने प्रबंधन के उपस्थिति मे वार्ता करना चाहती है।

# संयुक्त मोर्चा बना रहा है चीन

## ट्रेड वार : यूरोपीय संघ के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हुआ ड्रैगन

एजेंसी

**बीजिंग।** अमेरिका द्वारा शुल्क बढ़ाए जाने के बाद चीन अन्य देशों से संपर्क कर रहा है । बीजिंग अमेरिका को कदम पीछे हटाने के लिए मजबूर करने के लिए संयुक्त मोर्चा बनाने का प्रयास कर रहा है। वैश्विक बाजार में मंदी की आशंका के बीच बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ज्यादातर देशों पर लगाए गए शुल्क को अचानक 90 दिनों के लिए स्थगित करने का फैसला किया, हालांकि उन्होंने चीन से आयात पर शुल्क की दर बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दी है। ट्रंप ने कहा कि ये देश अधिक अनुकूल शर्तों पर बातचीत करने के लिए राजी हैं। चीन ने बातचीत करने से इनकार कर दिया था और कहा था कि अमेरिका मक्कार है और वह शुल्क युद्ध में अंत तक लड़ेगा। इसके बाद ट्रंप ने चीनी आयात पर कर की दर को और बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया। चीन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए अमेरिकी वस्तुओं पर 84 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है, जो गुरुवार से प्रभावी हो गया है। इस घटनाक्रम के बीच चीन ने अब यूरोप पर ध्यान केंद्रित किया है। चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के बीच फोन पर बातचीत हुई जिसके जरिए दुनिया को एक सकारात्मक संदेश देने की कोशिश की गई है। दोनों एक दूसरे के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार हैं। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने अपनी एक खबर में कहा कि चीन यूरोपीय संघ के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है ताकि चीन और यूरोपीय संघ के नेताओं के बीच जो समझ बनी है उस पर मिल कर अमल किया जा सके। चीन के वाणिज्य मंत्री वांग वेंताओ और यूरोपीय संघ के व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त सेफकोविक के बीच अमेरिकी शुल्क के मुद्दे पर मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चर्चा हुई। शिन्हुआ ने अपनी खबर में वांग के हवाले से कहा कि शुल्क दुनिया के सभी देशों के वैध हितों का गंभीर उल्लंघन करते हैं, डब्ल्यूटीओ के नियमों का गंभीर उल्लंघन करते हैं, नियम-आधारित बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं और वैश्विक आर्थिक व्यवस्था की स्थिरता को गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं। इसमें कहा गया कि यह एकतरफावाद, संरक्षणवाद और आर्थिक तौर पर परेशान करने का कार्य है। चीन परामर्श और बातचीत के माध्यम से मतभेदों को हल करने के लिए तैयार है लेकिन अगर अमेरिका अपने रुख पर अड़ता है तो चीन अंत तक लड़ेगा। वांग ने आसियान देशों से भी बात की है जबकि प्रधानमंत्री ली ने व्यापारिक दिग्गजों से मुलाकात की है। शिन्हुआ ने ली के हवाले से कहा कि चीन ने पूरा मूल्यांकन कर लिया है और सभी तरह की अनिश्चितताओं से निपटने के लिए तैयार है और वह स्थिति के हिसाब से नीतियां पेश करेगा। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने संवाददाताओं से कहा कि हम अपनी बात करते हैं और ऑस्ट्रेलिया का रुख यह है कि मुक्त और निष्पक्ष व्यापार ही अच्छा है। हम सभी देशों के साथ बातचीत करते हैं, लेकिन हम ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय हित के लिए खड़े हैं। माना जा रहा है कि भारत ने सहयोग संबंधी चीन के आह्वान को तवज्जो नहीं दी है।

**चीन के प्रधानमंत्री कियांग और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष लेयेन के बीच हुयी फोन पर बातचीत**



# नक्सलियों से शांति वार्ता को छत्तीसगढ़ सरकार हुयी राजी

एजेंसी

**हथियार छोड़कर सामने आयें और बातचीत करें : डिप्टी सीएम**

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ में एक महत्वपूर्ण गतिविधि में एक ओर प्रतिबंधित नक्सली संगठन ने एक बार फिर राज्य सरकार के सामने शांति वार्ता का प्रस्ताव रखा है वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ सरकार ने कहा कि नक्सलियों से बातचीत के लिए तैयार है। नक्सलियों के उत्तर-पश्चिम सब जोनल ब्यूरो के प्रभारी रुपेश की ओर से जारी प्रेस नोट पर गुरुवार को अपने निवास कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रतिक्रिया देते हुए राज्य के उपमुख्यमंत्री, जिनके पास गृह विभाग का भी प्रभार है, विजय शर्मा ने कहा कि सरकार नक्सलियों से बातचीत के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास नक्सलियों के पुनर्वास के लिए एक स्पष्ट और प्रभावी नीति है। साथ ही उन्होंने नक्सलियों से अपील की कि वे हथियार छोड़कर सामने आएं और बातचीत का रास्ता अपनाएं। शर्मा ने कहा कि अगर कोई एक व्यक्ति भी बातचीत के लिए तैयार है तो सरकार भी तैयार है। चाहे वह छोटा समूह हो या बड़ा, सरकार हर स्तर पर चर्चा के लिए तत्पर है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में की जा रही है। शर्मा ने यह भी कहा कि बंदूक के जवाब में केवल चर्चा नहीं की जा सकती, जरूरत पड़ने पर सरकार कड़ी कार्रवाई भी करेगी। उन्होंने नक्सल संगठन की ओर से आया पत्र ह्यासही और प्रामाणिक बताते हुए कहा कि इसमें सरकार से बातचीत की अपील की गई है। नक्सलियों ने कहा कि हमें समझना होगा कि आपसी संघर्ष की स्थिति बनाई गई है। हम जनता और अपने कैडर को ही अपना मानते हैं, उन पर गोली न चलाई जाए।



### शेख हसीना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

ढाका। बांग्लादेश की राजधानी ढाका की एक अदालत ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी बेटी साइमा वाजेद पुतुल सहित 18 लोगों के खिलाफ शुक्रवार सुबह गिरफ्तारी वारंट जारी किया। यह मामला पूर्वाचल न्यू टाउन परियोजना के तहत भूखंडों के आवंटन में अनियमितता से जुड़ा है। ढाका मेट्रोपॉलिटन सीनियर स्पेशल कोर्ट के जज जाकिर हुसैन ने सभी खिलाफ लगाए गए आरोपों को स्वीकार करने के बाद यह आदेश पारित किया है।

### क्वेटा में आतंकी हमला तीन पुलिसकर्मी मरे

इस्लामाबाद। बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा में गुरुवार को आतंकवादियों ने एक पुलिस मोबाइल वैन पर हमला कर तीन पुलिसकर्मियों को मौत के घाट उतार दिया। इस वैन में न्यू सरियाब पुलिस स्टेशन के कर्मी सवार थे। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। शहीद कर्मियों में एक सब-इंस्पेक्टर और दो कांस्टेबल शामिल हैं।

### लातूर में ड्रग बनाने की फैक्टरी का पर्दाफाश

मुंबई। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की मुंबई टीम ने लातूर जिले के रोहिना गांव में पतरे की शेड में चल रही ड्रग्स बनाने की एक फैक्टरी का पर्दाफाश किया। डीआरआई ने छापा के दौरान वहां 11.36 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त किया है। इसकी कीमत लगभग 17 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस मामले में डीआरआई की टीम ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है, इनमें एक पुलिसकर्मी शामिल है। डीआरआई टीम छानबीन कर रही है।

### अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता सकारात्मक : पीयूष

मुंबई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पारस्परिक टैरिफ पर 90 दिनों की रोक की घोषणा के बाद गुरुवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता अच्छी गति से आगे बढ़ रही है और भारत टैरिफ से जुड़े मुद्दों को कुशलता से संभाल रहा है। गोयल ने कहा कि भारत शुरू से ही इस मुद्दे को बहुत प्रभावी तरीके से संभाल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप ने फरवरी में यह निर्णय लिया था कि दोनों देश एक द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे, जिससे व्यापार सरल बनेगा और द्विपक्षीय व्यापार 500 अरब डॉलर तक पहुंच सकेगा, जो वर्तमान से ढाई गुना अधिक है।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने घटाई ऋण दरें

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती किए जाने के एक दिन बाद गुरुवार को अपने खुदरा और एमएसएमई ग्राहकों के लिए कर्ज को सस्ता करने की घोषणा की। बीओबी ने बयान जारी कर कहा कि वह बाहरी बेंचमार्क-लिंक्ड ऋण दरों में कमी कर रहा है ताकि ग्राहकों को मौद्रिक नीति के लाभ का त्वरित फायदा मिल सके।

### असम में 24 करोड़ से अधिक की ड्रग्स जब्त, तीन गिरफ्तार

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि असम में 24 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की मेथामफेटामाइन गोलियों की भारी खेप के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने इसके लिए एनसीबी, असम पुलिस और सीआरपीएफ के प्रयासों की सराहना की है। एजेंसियों ने ड्रग कार्टेल को खत्म करने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाया और असम में तीन लोगों को गिरफ्तार करते हुए 24.32 करोड़ रुपये मूल्य की 30.4 किलोग्राम मेथामफेटामाइन की गोलियां जब्त की हैं। उन्होंने कहा कि ड्रग्स के खिलाफ हमारा अभियान पूरी ताकत के साथ जारी रहेगा।

# दिल्ली में आयुष्मान योजना शुरू

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के अंतर्गत गुरुवार को आयुष्मान कार्ड वितरण की शुरूआत हो गयी। इस अवसर पर चयनित 30 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। इसके साथ विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली सरकार ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) के कार्यान्वयन के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि आज गर्व का क्षण है कि एबी- पीएमजेएवाई से दिल्ली में 36 लाख लोग लाभान्वित होंगे। इस योजना के तहत 8.19 करोड़ लोग पहले ही उपचार का लाभ उठा चुके हैं और सरकार ने इसके लिए कुल मिलाकर 1.26 लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं। आयुष्मान भारत योजना के परिणामस्वरूप जेब से होने वाला खर्च 62 प्रतिशत से घटकर 38 प्रतिशत हो गया है। नड्डा ने कहा कि दिल्ली सात साल तक एक काले अध्याय से गुजर रही थी, जब 30 लाख परिवार और 6 लाख लोग सात साल तक आयुष्मान योजना के अधिकार से वंचित थे। जब एक खराब सरकार सत्ता में होती है तो आपके अधिकारों का कैसे हनन होता है यह सोचने की जरूरत है। जब एक अच्छी सरकार सत्ता में आती है तो आपको 50 दिनों के भीतर अपने अधिकार मिलते हैं। तीन राज्यों ने आयुष्मान योजना को लागू करने से इनकार कर दिया था। पहला ओडिशा, जहां पिछली सरकार सत्ता से बाहर हो गई और फिर कमल खिल गया। दिल्ली में भी ऐसा ही हुआ। अब केवल पश्चिम बंगाल बचा है, वहां भी कमल खिलेगा और वर्तमान सरकार सत्ता से बाहर हो जाएगी। नड्डा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल कहते थे कि भाजपा को दिल्ली में सरकार बनाने के लिए पुनर्जन्म लेना पड़ेगा लेकिन हमने इसे इसी जन्म में पूरा कर लिया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य हमेशा से ही केंद्र सरकार की प्राथमिकता रही है। स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे में सुधार और गुणवत्तापूर्ण तथा किफायती दवाइयों को आम जनता तक पहुंचाने के अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा पोषण, योग, ध्यान आदि पर जोर दिया है ।





**बैसाखी पर्व : अटारी-वाघा बार्डर से पाक रवाना हुए सिख श्रद्धालु**

**चंडीगढ़। बैसाखी के अवसर पर पाकिस्तान में होने वाले धार्मिक आयोजनों में भाग लेने के लिए गुरुवार को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के माध्यम से 1942 श्रद्धालुओं का एक जत्था पाकिस्तान के लिए रवाना हुआ। 50 वर्षों में पहली बार ऐसा हुआ है कि सभी आवेदक श्रद्धालुओं को वीजा मिल गया है।**

# कटरा और श्रीनगर के बीच जल्द दौड़ेगी वंदे भारत ट्रेन

**नयी दिल्ली।** अप्रैल की हल्की ठंडक और वसंत की खिलती बहार हिमालय की बर्फीली चोटियां, सेब के पेड़ों पर गुलाबी फूलों की चादर और मैदानों की हरी घास। यह सब अब सिर्फ कल्पना नहीं रहेगा, क्योंकि अब जल्द ही यह सब आप अपनी आंखों के सामने, जम्मू कश्मीर के लिए स्पेशल डिजाइंड वंदे भारत ट्रेन में बैठकर देख सकेंगे। कश्मीर को इस महीने के अंत में पहली वंदे भारत एक्सप्रेस मिलने वाली है, जिसमें हाल ही में बनकर तैयार हुए उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) पर कटरा-श्रीनगर सेवा शुरू की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19 अप्रैल को यूएसबीआरएल परियोजना का उद्घाटन करेंगे। कश्मीर के लिए चलने वाली पहली वंदे भारत एक्सप्रेस जैसे ही पहलगाम की घाटियों से गुजरेगी, हरियाली से सजी वादियां, दूर तक फैले चीड़ के जंगल और चरवाहों की झलक आपको एक लम्हे में रोक देंगी। देवदार की खामोशी को चीरती वंदे भारत की रफ्तार-तकनीक और प्रकृति का अद्भुत संगम जल्द ही आपको देखने को मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा यूएसबीआरएल परियोजना का उद्घाटन किए जाने के संबंध में रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रचार के कार्यकारी निदेशक (ईडी/आईपी) दिलीप कुमार ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि कश्मीर तक ट्रेन चलाना हर भारतीय का सपना रहा है। इसके लिए हमने लंबी तैयारी की है और अब यह यूएसबीआरएल सेक्शन बनकर तैयार है। कुल 272 किलोमीटर के इस सेक्शन में 119 किलोमीटर लंबी सुरंगें हैं।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को ट्रेन को दिखायेंगे हरी झंडी**

# मोदी आज पूर्वांचल को देंगे 44 विकास योजनाओं की सौगात



**वाराणसी ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र के 50वें दौरे पर शुक्रवार को काशी पहुंचेंगे। यूपी की योगी सरकार के आठ साल पूरे होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह पहला वाराणसी दौरा होगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री काशी से जनहित की 3884.18 करोड़ रुपये की 44 विकास योजनाओं की सौगात पूर्वांचल को देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में लगभग ढाई घंटे का प्रवास करेंगे। इस दौरान वह राजातालाब के मेंहदीगंज में जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

# दीघा से दीदारगंज तक जेपी गंगा पथ का उद्घाटन

## नीतीश ने गंगा पर निर्माणाधीन सिक्स लेन ग्रीनफिल्ड पुल का लिया जायेजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार शाम जेपी गंगा पथ परियोजना के अन्तर्गत दीघा से दीदारगंज तक के नवनिर्मित पथांश का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट का अनावरण कर लोकार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित पथ का जायजा भी लिया। जेपी गंगा पथ की दीघा से दीदारगंज तक लंबाई 20.5 किलोमीटर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पथ के बन जाने से बिहारशरीफ, मोकामा और बेगूसराय जाने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी, समय की भी बचत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रियों को पटना शहर के विभिन्न इलाकों के आवागमन में सहूलियत होगी। पथ निर्माण विभाग द्वारा पटना शहर में गंगा नदी के दक्षिणी तट पर 3,831 करोड़ रुपये की लागत राशि से दीघा से दीदारगंज तक जेपी गंगा पथ का निर्माण चरणबद्ध तरीके से कराया गया है। जेपी गंगा पथ परियोजना का शिलान्यास लोकनायक जयप्रकाश नारायण के जन्म दिवस के अवसर पर 11 अक्टूबर 2013 को किया गया था।

लोकनायक जयप्रकाश नारायण के सम्मान में इस पथ का नामकरण जेपी गंगा पथ किया गया है। प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री द्वारा जेपी गंगा पथ के पूरब दिशा में दीदारगंज से फतुहा, बख्तियारपुर, बाढ होते हुए मोकामा तक एवं पश्चिम दिशा में बिहटा, कोईलवर तक विस्तारित करने की घोषणा की गयी है, जिसका क्रियान्वयन पथ निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने गंगा नदी पर निर्माणाधीन सिक्स लेन ग्रीनफिल्ड पुल एवं पहुंच पथ का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने पटना-बख्तियारपुर 4-लेन बाईपास (एनएच-30) से राघोपुर तक निर्माणाधीन कार्य का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने निर्माणाधीन सिक्स लेन ग्रीनफिल्ड पुल एवं पहुंच पथ की कार्य प्रगति एवं अद्यतन स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। अधिकारियों को निर्देश देते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि सिक्स लेन ग्रीनफिल्ड पुल एवं पहुंच पथ के निर्माण कार्य में तेजी लाकर निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण करायें। निर्माण कार्य बेहतर ढंग से हो, इसका विशेष रूप से ख्याल रखें। इस सिक्स लेन ग्रीनफिल्ड पुल एवं पहुंच पथ के बन जाने से उत्तर बिहार के लोगों को काफी लाभ मिलेगा, इससे आवागमन सुगम होगा। पथ निर्माण विभाग अंतर्गत बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा 4,988.40 करोड़ रुपये की लागत से गंगा नदी पर 8-लेन ग्रीन फिल्ड पुल एवं पहुँच पथ का निर्माण कराया जा रहा है। इस पथ की लंबाई 19.76 किमी है।



# यूपी में ऑपरेशन त्रिनेत्र से अपराधियों की टूटी कमर

एजेंसी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति ने पिछले आठ वर्षों में अपराधियों की कमर तोड़ कर रख दी है। इस दौरान एक लाख से अधिक अपराधियों को जेल और मुठभेड़ में 227 को यमलोक भेजा जा चुका है। योगी सरकार के निर्देश पर मिशन शक्ति फेज-5 के तहत प्रदेशभर में दस का दम नामक विशेष ऑपरेशन चलाए गए। इसमें ऑपरेशन गरुड़, ईगल, मजनू, रक्षा, बचपन, खोज, शील्ड, डेस्ट्राय, नशा मुक्ति और त्रिनेत्र आदि शामिल हैं।

इन ऑपरेशन के जरिये यूपी पुलिस ने महिलाओं, बेटियों, बच्चों, युवाओं और समाज के कमजोर वर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित की है। वहीं ऑपरेशन त्रिनेत्र ने जघन्य अपराधों का खुलासा कर अपराधियों को सलाखों के पीछे धकेला है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि योगी की मंशानुसार मिशन शक्ति फेज-5 के तहत यूपी पुलिस ने प्रदेश भर में दस ऑपरेशन चलाए। यूपी पुलिस का यह अभियान अपराधियों के लिए काल बन गया है। योगी सरकार का दस का दम ऑपरेशन ने प्रदेश को अपराध से मुक्त करने की संकल्पना है, जिसे जमीन पर सफलतापूर्वक उतारा गया है। इन ऑपरेशन के जरिए एक लाख से अधिक लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई।

डीजीपी ने बताया कि ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत प्रदेश भर में संवेदनशील स्थानों को चिन्हित किया गया। इसके बाद प्रदेशभर में 11 लाख 7 हजार 782 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। ये सीसीटीवी थानों से जोड़े गए, ताकि कैमरा कंट्रोल रूम्स से घटनाओं पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसी का नतीजा है कि डकैती, लूट समेत कुल 5,718 जघन्य अपराधों का सफल खुलासा किया गया। महिलाओं और बच्चियों से जुड़े साइबर अपराधों पर नियंत्रण के लिए ऑपरेशन गरुड़ चलाया गया। अभियान के तहत 2,597 प्राथमिकी पत्रों की जांच की गई, जिनमें से 2,407 का निस्तारण किया गया। वहीं पूर्व में पंजीकृत 1,179 अभियोग में से 449 का निस्तारण किया गया और 498 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही 405 के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किए गए। उन्होंने बताया कि स्कूल-कॉलेजों के आसपास बच्चों और महिलाओं से छेड़छाड़ करने वालों सौहदों के खिलाफ ऑपरेशन मजनू चलाया गया। इस अभियान में 7,554 स्थानों को चिह्नित किया गया और 58,624 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं ऑपरेशन ईगल के तहत महिलाओं से संबंधित अपराधों में जेल से बाहर आए 7,963 अपराधियों में से गिरफ्तार-हाजिर अदालत 5,166 को चिन्हित किया गया। इस दौरान 2,683 अभियुक्त गिरफ्तार-हाजिर अदालत हुए। वहीं 4,294 के खिलाफ चार्जशीट दायर की गई। ऑपरेशन रक्षा के तहत स्पा सेंटर, मसाज पार्लर में छिपे मानव तस्करी के मामलों में 56 महिलाओं/बालिकाओं को रेस्क्यू कर 49 का पुनर्वास कराया गया। डीजीपी ने बताया कि प्रदेश में बल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति समेत बच्चे के अधिकारों के लिए ऑपरेशन बचपन और खोज चलाया गया। इसमें ऑपरेशन बचपन के तहत बाल श्रम व बाल भिक्षावृत्ति के मामलों में 2,860 बच्चों को बचाया गया। वहीं 1,207 केसों में



**आठ वर्ष में एक लाख से अधिक अपराधियों को जेल और मुठभेड़ में 227 को यमलोक भेजा गया**

**राज्य में 11,07782 लाख से अधिक लगा सीसीटीवी कैमरा**

